सूर्योदय : 6:16
सूर्यास्त : 6:14
अधिकतम तापमान : 32.5
न्यूनतम : 19.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-263 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 15 मार्च 2026
25 रमज़ान 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# बंगाल में फिर होगा कानून का राज

## पीएम का टीएमसी पर तीखा हमला : महाजंगलराज लाने वालों का शुरू हो चुका है काउंटडाउन

■ रैली रोकने के लिए राज्य सरकार ने हरसंभव कोशिश की



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बंगाल की मौजूदा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और राज्य में बदलाव का आह्वान किया।

रैली में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोगों का उत्साह और जोश साफ बता रहा है कि बंगाल के लोगों के मन में क्या चल रहा है और वे किस तरह का बदलाव चाहते हैं। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास गवाह है कि जब भी बंगाल ने देश को दिशा दी है, तब यह मैदान बंगाल की आवाज बनकर सामने आया है।

उन्होंने कहा, 'इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज पूरे हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। इसी का नतीजा था कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का अंत हुआ। आज एक बार फिर इसी ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।' प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में बंगाल की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में बदलाव की मांग अब हर जगह दिखाई दे रही है।

उन्होंने कहा, 'बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा और महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है, 'चाई भाजपा सरकार, अबकी बार।' पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि रैली को रोकने के लिए राज्य सरकार ने हरसंभव कोशिश की। टीएमसी ने रैली में आने वाले लोगों को चोर कहकर अपमानित किया लेकिन बंगाल की जनता अच्छी तरह जानती है कि असली चोर कौन हैं।

उन्होंने कहा, 'टीएमसी ने शुक्रवार को इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी लेकिन बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है कि असली चोर कौन हैं। अपनी कुर्सी जाते देख यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है।' उन्होंने कहा कि रैली में लोगों को आने से रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई बाधाएं खड़ी की गईं। पुल बंद करवा दिए गए, गाड़ियों को रोका गया, ट्रैफिक जाम कराया गया और भाजपा के झंडे व पोस्टर तक हटवा दिए गए।

उन्होंने कहा, 'आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दीं, ट्रैफिक जाम करवाया और भाजपा के झंडे-पोस्टर फड़वा दिए लेकिन आज के इस जनसैलाब को वे रोक नहीं पाए।' अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बंगाल में 'महाजंगलराज' लाने वालों के लिए अब समय खत्म होने वाला है। राज्य में कानून का राज लौटने वाला है और जो भी कानून तोड़ेगा या अत्याचार करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, 'बंगाल में महाजंगलराज लाने वालों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। वो दिन दूर नहीं जब बंगाल में फिर से कानून का राज होगा। जो कानून तोड़ेगा और जो अत्याचार करेगा, उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

### राष्ट्रपति के अपमान का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले हमारे देश की राष्ट्रपति, आदिवासी समाज की बेटी आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी बंगाल आई थी, उन्हें संथाल आदिवासी परंपरा के पावन उत्सव में शामिल होना था, लेकिन अहंकार में डूबी इस निर्मम सरकार ने न केवल उस कार्यक्रम का बहिष्कार किया, बल्कि उसे पूरी तरह बदइंतजामी के हवाले कर दिया। क्योंकि, एक आदिवासी बेटी इतने बड़े पद पर है, टीएमसी वालों को उनका सम्मान मंजूर नहीं हुआ।

# सरकार बनने पर पंजाब होगा नशा मुक्त



■ शाह बोले धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए लाएंगे विधेयक

**मोगा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा के लिए चुनावी बिगुल फूंकते हुए शनिवार को कहा कि साल 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर राज्य को दो साल के भीतर नशा मुक्त कर दिया जाएगा। जिले के गांव किल्ली चाहलां में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि राज्य में बढ़ रहे धर्मपरिवर्तन को रोकने के लिए सरकार के पहले दो महीनों में ही धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कहा, 'आज हम मोगा की पवित्र धरती पर पंजाब में 2027 में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लेने आए हैं। मैं यहां उपस्थित सभी नेताओं और विशेषकर युवा मित्रों को प्रणाम करता हूँ। आज नानकशाही कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत है, जिसकी आप सभी को बधाई। '

उन्होने कहा, 'मैं उन महान गुरुओं को नमन करता हूँ जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी पर्व चल रहा है; उन्होंने मुगलों के आतंक से कश्मीरी पंडितों और धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कटा दिया। अगर वे न होते, तो आज भारत का स्वरूप कुछ और होता। मैं बाबा दीप सिंह जी, शहीद भगत सिंह, और सुखदेव को भी नमन करता हूं। '

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पंजाब आज नशे, भ्रष्टाचार, गैंगस्टरवाद और जबरन धर्म परिवर्तन की समस्याओं से जूझ रहा है। वर्तमान सरकार केवल दिल्ली के लिए एक 'एटीएम' बनकर रह गई है और विज्ञापनों पर करोड़ों खर्च कर रही है, जबकि कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। मोदी सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी बढ़ाई, बजट बढ़ाया और करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनवाया। उन्होंने कहा ' हम वादा करते हैं कि अगर पंजाब में भाजपा की सरकार बनी, तो हम दो साल में नशा खत्म करेंगे और धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून लाएंगे। आइए, पंजाब के सम्मान के लिए कमल खिलाएं।

### लोगों के मन में भाजपा के प्रति उम्मीद जागी

शाह ने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों के मन में एक उम्मीद जागी कि शायद अब वह दिन दूर नहीं, जब किसान को उसकी फसल का सही मोल मिलेगा, जब मांओं को अपने पुत्रों के नशे में खो जाने का डर नहीं सताएगा, और जब करतारपुर साहिब जैसे पावन स्थलों का सम्मान और बढ़ेगा। भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब की जनता, माता-बहनों से आशीर्वाद मांगने आया हूं कि आप हमें आशीर्वाद दीजिए, अगर पंजाब को नशे से कोई मुक्त कर सकता है, तो वह हैं, नरेन्द्र मोदी।




# संत परंपरा भारत की शक्ति : योगी

■ कैथल में बोले सीएम- अफवाहों के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिश



**कैथल/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं और लोकतांत्रिक मुकाबले में टिक नहीं पा रहे, वे अफवाहें फैलाकर अराजकता और अव्यवस्था का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। समाज को ऐसे प्रयासों के खिलाफ एकजुट होकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से आगे बढ़ना होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत पीर शेरनाथ जी महाराज को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान शेरनाथ जी को पीर की पदवी भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने जनता का भरोसा खो दिया है, वे अब देश की संवैधानिक संस्थाओं लोकसभा अध्यक्ष, न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जीतने पर उपलब्धि का श्रेय लेना और हारने पर संस्थाओं को दोष देना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। योगी ने कहा कि आजादी के बाद कई सरकारें आईं, लेकिन आस्था और सांस्कृतिक विरासत के विषय पर गंभीर पहल नहीं की गई, क्योंकि वे वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में समान विचारधारा की सरकार बनी, तभी अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका।

# ब्रिक्स का साझा रुख तय करने में हो रही मुश्किल

■ पश्चिम एशिया में संघर्ष पर सदस्य देशों के अलग अलग विचार : भारत



**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर ब्रिक्स देशों के बीच साझा रुख तय करना मुश्किल है क्योंकि सदस्य देशों के 'अलग-अलग विचार' हैं। हालांकि भारत इस मुद्दे पर सहमति बनाने की कोशिश में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा कि ब्रिक्स के कुछ सदस्य देश इस संघर्ष में सीधे शामिल हैं, जिसकी वजह से समूह के लिए एक साझा रुख तय करना कठिन हो गया है।

भारत फिलहाल इस प्रभावशाली समूह की अध्यक्षता कर रहा है। हाल ही में इस समूह का विस्तार हुआ है और इसमें ईरान तथा संयुक्त अरब अमीरात समेत कुछ अन्य देशों को शामिल किया गया है। अमेरिका-इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके बाद ईरान ने यूएई और अन्य खाड़ी देशों पर जवाबी कार्रवाई की।

ब्रिक्स के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में भारत के सामने चुनौती है कि पश्चिम एशिया के इस संघर्ष पर ब्रिक्स का एक साझा रुख कैसे तैयार किया जाए। जायसवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ब्रिक्स के कुछ सदस्य फिलहाल पश्चिम एशिया संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल हैं।

### ब्रिक्स में हैं ये देश शामिल

ब्रिक्स समूह में शुरुआत में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। 2024 में विस्तार कर मिस्र, इथोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया, जबकि 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल हो गया। ब्रिक्स अब एक प्रभावशाली समूह बनकर उभरा है, जिसमें दुनिया की 11 बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं।

# भारत को युद्ध विरोधी रुख अपनाना चाहिए

■ अबू आज़मी के इफ्तार में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे अखिलेश



**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भारत को अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के खिलाफ रुख अपनाना चाहिए था, क्योंकि इसमें कई महिलाओं और बच्चों की जान गई है और भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ना शुरू हो गया है।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शांति का संदेश भेजकर और युद्ध को रोककर ''विश्वगुरु'' बन सकते थे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री और भाजपा के पास विश्वगुरु बनने का अवसर है... हमें युद्ध के खिलाफ़ रुख अपनाना चाहिए था। महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं, और भारत में युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था पर असर डाल रहा है।

अखिलेश यादव पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबू असिम आज़मी द्वारा आयोजित इफ्तार में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे। उन्होंने कहा कि शांति का संदेश भेजना और उस युद्ध को रोकना आवश्यक है, जिसमें कई लोगों की जान गई है।

### एलपीजी 'लापता' गैस बनी

अखिलेश यादव ने कहा, ऊर्जा सुरक्षा विदेश नीति से जुड़ी हुई है। एलपीजी सिलेंडर की कमी के बीच लोगों के सिलेंडर के लिए कतार में खड़े होने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए, सपा नेता ने कहा, एलपीजी लापता गैस बन गई है जो लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है।

## केंद्र सरकार ने रद्द की सोनम वांगचुक की हिरासत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक की हिरासत को तुरंत प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया है। यह फैसला गृह मंत्रालय द्वारा स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया।

सरकार ने अपने बयान में कहा कि लद्दाख में शांति, स्थिरता और विश्वास का माहौल बनाए रखना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सभी पक्षों के साथ सार्थक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, लेह में 24 सितंबर 2025 को उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया था।

## भावुक कर रहीं ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि की बातें

# अयातुल्ला अली खामेनेई भारत से प्रेम करते थे

■ अमेरिका के दावों को किया खारिज



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने ईरान और भारत की दोस्ती को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने बताया कि ईरान और भारत के रिश्ते 5,000 साल से भी पुराने हैं।

उन्होंने कहा कि उनके दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई हमेशा भारत के साथ मजबूत दोस्ती और सहयोग पर जोर देते थे। वह भारत से प्रेम करते थे। उन्होंने यह बात एएनआई को दिए एक विशेष इंटरव्यू में कही। उन्होंने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर कहा कि ईरान भारत के साथ अपने संबंधों में किसी भी तरह का टकराव या समस्या नहीं चाहता है।

उन्होंने आगे कहा, 'यहां तक कि उनके बेटे भी भारत के साथ अच्छे सहयोग पर जोर देते थे और भारतीयों की तारीफ करते थे। वह भारतीयों को बहुत वफादार, बहुत ईमानदार, बहुत दयालु और बहुत समझदार कहते हैं। इसलिए हम अपने रिश्तों और दोस्ती में कभी भी किसी तरह की समस्या नहीं चाहते, और मुझे पूरा यकीन है कि हमारे रिश्तों में कोई टकराव या समस्या नहीं है, जो बहुत पहले शुरू हुए थे और आगे भी जारी रहेंगे।'

इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को भी खारिज कर दिया कि जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में टकराव बढ़ रहा है, तेहरान बातचीत की कोशिश कर रहा है। इलाही ने शनिवार को इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि तेहरान 5 साल तक भी युद्ध जारी रखने के लिए तैयार है।

**ईरान-यूएस युद्ध कब खत्म होगा :** उन्होंने कहा, 'मुझे इस युद्ध की कोई समय सीमा नहीं पता। लेकिन मुझे इतना पता है कि ईरान इस युद्ध को अंत तक जारी रखने के लिए तैयार है, भले ही इसमें 5 साल लग जाएं। हमारे पास युद्ध का अनुभव है। उस समय ईरान और इराक के बीच हुए युद्ध का हमारे पास 8 साल का अनुभव था। और हम तैयार हैं। और अगर आप ईरान की सड़कों पर जाएंगे तो आप देखेंगे कि सभी लोग वहां मौजूद हैं, और वे जवाबी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। और वे कहते हैं कि हम अपना खून बहाने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम अपनी ज़मीन देने के लिए तैयार नहीं हैं।'

### ईरान के ड्रोन हमले में ओमान में दो भारतीय कामगारों की मौत

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग के 13वें दिन ओमान के सोहर प्रांत में ईरानी ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ।



# जनगणना 2027 के सफलतापूर्वक एवं दक्षतापूर्ण संपन्न कराने के लिए फील्ड ट्रेनर्स को कराया गया फील्ड प्रशिक्षण- वान्या सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज में संचालित फील्ड ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल देर समापन हुआ।

जिलाधिकारी वान्या ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण, जिसमें मकानसुचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि आज फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में भेजकर मकानसुचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, ताकि प्रेक्टिकल कार्य पूर्ण दक्षता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने उपस्थित फील्ड ट्रेनर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ पूरा करने के लिए ध्यान पूर्वक एवं गहनता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें और अपनी शंकाओं का समाधान भी उपस्थित उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स से कर लें ताकि फील्ड में कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। अपर जिलाधिकारी राजस्व वानिया सिंह ने बताया कि फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से व्यवहारिक रूप से परिचित कराना और दक्षता प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला प्रभारी जे.पी.यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण अंतर्गत प्रथम बैच की ट्रेनिंग आज पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को तथा तीसरे व अंतिम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को संपन्न होगा। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रैनर डॉ आकाश अग्रवाल, डॉ अमित कुमार एवं डॉ राजीव बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर्स मौजूद रहे।

## ईद की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़-भाड़ वाला महौल



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** यह बात जग जाहिर है कि वर्तमान में ईद की खरीदारी को लेकर लोग बाजारों का रूख कर रहे हैं। इसलिए बाजारों में भीड़-भाड़ वाला महौल है।इस भीड़-भाड़ में शहर के बाजारों में ई-रिक्शा चालकों को ई रिक्शा लेकर आने जाने पर रोक न होने के कारण लोगों को सड़क से निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह ई रिक्शा चालक मनमाने तरीके से सड़क पर अपने-अपने ई-रिक्शा को रोक कर सवारियां भरने लगते हैं जिससे दिन में कई-कई बार जाम की समस्या से लोगों को दो-चार होना पड़ रहा है।बाजारों में ई रिक्शा चालकों की मनमानी चरम सीमा पर है।यह लोग अपने वाहनों को सड़क पर आडा़ तिरछा खड़ा कर जाम की समस्या को उत्पन्न करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। बावजूद इसके जिम्मेदार इस ओर से बेखबर बने हुए हैं।शनिवार को हलवाई चौक से खैराती चौक और खैराती चौक से छह सड़का को जाने वाले मार्ग तथा खैराती चौक से नेहरू चौक को जाने वाले मार्ग पर दिनभर ई रिक्शा चालकों का आना-जाना लगा रहा और ट्रैफिक पुलिस नदारद रही,जिससे यहां कई बार थोड़ी-थोड़ी देर के लिए जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। हालांकि यह जाम थोड़ी-थोड़ी देर ही लगा।ईद उल फितर के लिए क्या ट्रैफिक प्लान है इसकी जानकारी लेने के लिए यातायात प्रभारी राम लड़ैते राजपूत से फोन पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि होली वाला ट्रैफिक प्लान अभी भी लागू है।बाजारों में ई-रिक्शा आदि को नहीं घुसने दिया जाएगा।यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाएगी, आज और कल परीक्षा है इसलिए फोर्स कम दिख रहा है लेकिन ड्युटियां अभी भी लगी हुई हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या: 500 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला शव, गांववालों ने बुलाई पुलिस



**धामपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के सेड्डी गांव में 36 वर्षीय कृष्ण नामक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव घर से लगभग 500 मीटर दूर अपने खेत में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक कृष्ण, अमर सिंह के पुत्र थे और मजदूरी का काम करते थे। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी और उनके चार बच्चे हैं। फिलहाल, कृष्ण द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता चल सके।

## विज्ञान तकनीकी विषय पर शोधार्थियों ने किए अपने शोध पत्र प्रस्तुत




**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** स्ववित्त पोषित विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विज्ञान तकनीकी एवं इंजीनियरिंग विषय पर शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। जेवी जैन कालेज के प्रांगण में आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र (ब) का प्रारम्भ कक्ष संख्या 31 में हुआ, जिसमें मानविकी कला एवं समाजिक विज्ञान विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये, जिसकी अध्यक्षता डीएवी कॉलेज, मुजफ्फरनगर ने की और इसकी उपाध्यक्ष प्रो. शशि नौटियाल रही।

प्रथम तकनीकी सत्र (स) का प्रारम्भ लाईब्रेरी कान्फेन्स हॉल में हुआ, जिसमें वाणिज्य, प्रबन्धन, अर्थशास्त्र, विधि एवं गृहविज्ञान विषय पर शोधार्थीयों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये, जिसकी अध्यक्षता प्रो.नीता कौशिक ने की और उपाध्यक्ष डॉ.हरवीर सिंह चौधरी रहे। समस्त विषयों से सम्बन्धित ऑन-लाईन प्रेजेन्टेशन आईक्यूएसी विभाग में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती सीमा मिश्रा द्वारा की गई तथा सत्र की उपाध्यक्ष प्रो.पूनम खरे रही। द्वितीय तकनीकी सत्र (अ) कक्ष संख्या 30 में प्रारम्भ हुआ, जिसमें विज्ञान तकनीकी एवं इंजीनियरिंग विषय पर शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये, जिसकी अध्यक्षता प्रो. धर्मेन्द्र कुमार ने की और इसकी उपाध्यक्ष डॉ.पूजा शर्मा रही।

द्वितीय तकनीकी सत्र (ब) का प्रारम्भ कक्ष संख्या 31 हुआ, जिसमें मानविकी कला एवं समाजिक विज्ञान विषय पर शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये, जिसकी अध्यक्षता प्रो. सीमा चौधरी ने की और इसके उपाध्यक्ष प्रो.अशोक शर्मा रहे। द्वितीय तकनीकी सत्र (स) का प्रारम्भ लाईब्रेरी कान्फ्रेन्स हॉल में हुआ, जिसमें वाणिज्य, प्रबन्धन, अर्थशास्त्र, विधि एवं गृह विज्ञान विषय पर शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये जिसकी अध्यक्षता प्रो.पूनम शर्मा ने की और डॉ0 हरवीर सिंह चौधरी इसके उपाध्यक्ष रहे। समस्त विषयों से सम्बन्धित ऑन लाईन प्रेजेन्टेशन आईक्यूएसी विभाग में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती सीमा चौधरी द्वारा की गई तथा सत्र की उपाध्यक्ष प्रो.पूनम खरे रही।

## ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को बताई कल्याणकारी योजनाएं

### जनता की समस्याओं का मौके पर निस्तारण

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड मुजफ्फराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौसरहेड़ी व ग्राम पजराना में आयोजित ग्राम चौपालों में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

ग्राम नौसरहेड़ी में ग्राम सचिव अर्जुन सिंह, ग्राम प्रधान नीरज कुमार व ग्राम पजराना में ग्राम सचिव अनुज विश्नोई के नेतृत्व में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान मौ.हारुन ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याएं सुनीं। दोनों ही ग्राम पंचायतों में चौपाल कार्यक्रम जनसमस्याओं के समाधान और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। दोनों ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को वीबी जी राम जी योजना के बारे में जागरूक किया और जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, परिवार रजिस्टर नकल, आवास योजना, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीणों से संवाद कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। दोनों ग्राम चौपाल में शिकायतों का तत्काल ही समाधान कराया गया। एक अप्रैल से एक मई तक संचारी रोग अभियान के तहत साफ-सफाई और एंटी लार्वा के छिड़काव का भी ग्राम प्रधान व सफाई कर्मीयो से आह्वान किया। ग्राम चौपाल के दौरान गांव की समस्याओं को सुनने के साथ ही दोनों सचिवों ने राशन धारको को समूह से जुड़ने का भी आह्वान किया। इस दौरान आंगनवाड़ी, आशा, रोजगार सेवक, सफाई कर्मी, समूह की महिलाओं सहित सुषमा, खुशी, साधना, बालेश, सचिन कुमार, धर्मपाल, मारूफ के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों के समाधान हेतु नगरपालिका नजीबाबाद में मीटिंग हुई आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नगर पालिका चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने नगर पालिका में एक बैठक का आयोजन किया। ताकि कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या, उनके आक्रामक व्यवहार, नसबंदी और वैक्सीनेशन जैसे मुद्दों को लेकर समाधान निकाला जा सके। इस बैठक में समाजसेविका अनुराधा माथुर, डॉ दिलशाद अहमद, शमशुल इस्लाम एडवोकेट, वसीम अहमद बक्श, डॉ शाकिर खान, डॉ तारिक जकी, जीशान नजीबाबादी, सरफराज खान, हरप्रीत सिंह, राहुल चौहान, सना, इंशा, चेतना गुप्ता इत्यादि ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिसमें कहा गया कि कुत्तों के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए, मारने या छेड़ने से उनका आक्रामक व्यवहार बढ़ता है।

शहर में डॉग शेल्टर हाउस बनाए जाने का सुझाव दिया गया। उनके खाने लेने का प्रबंध हो ताकि भूख की वजह से आक्रामक होकर कुत्ते किसी के ऊपर हमला ना करें।

कुत्तों की नसबंदी और



वैक्सीनेशन बड़े स्तर पर कराने की आवश्यकता बताई गई।

पालतू कुत्तों के मालिक अपने कुत्तों की गंदगी की जिम्मेदारी स्वयं लें ताकि सड़कों पर गंदगी न फैले।

स्कूल-कॉलेज और समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम और वर्कशॉप आयोजित किए जाएं ताकि कुत्तों के प्रति क्रूरता करने से भी बच्चे और बड़े बचे।

लोगों को कुत्तों के व्यवहार और बॉडी लैंग्वेज के बारे में जागरूक किया जाए, कुत्ते किस किस कारणों से हमला करते है ताकि हमलों से बचाव हो सके।

पशु चिकित्सालयों के माध्यम से कुत्तों के वैक्सीनेशन की व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत बताई गई। पशु चिकित्सालय में वैक्सीन उपलब्ध हो, ऑपरेशन थिएटर बना होना चाहिए।

जरूरत पड़ने पर पंत नागर से विशेषज्ञ टीम बुलाकर जिले में बड़े स्तर पर नसबंदी अभियान चलाने का सुझाव दिया गया।

जिन कुत्तों की नसबंदी हो जाए उनकी पहचान तय करने का सुझाव दिया गया, ताकि उन्हें आसानी से पहचाना जा सके। जिससे बाकी बचे हुए कुत्तों की नसबंदी कराए जाने में आसानी हो ।

वार्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाकर आक्रामक कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी कराने पर जोर दिया गया।

लोगों से अपील की गई कि कुत्तों के प्रति हिंसा या दुर्व्यवहार न करें बल्कि जागरूकता और मानवीय व्यवहार अपनाएं।साथ ही चेयरमैन इंजी मुअज्जम ने आश्वासन दिया कि वह जल्दी ही बिजनौर डीएम साहिबा से मिलकर बिजनौर के सभी चेयरमैन, गांव प्रधान के साथ मीटिंग आयोजित करेंगे और उच्च स्तर पर पूरे जिले में कुत्तों की नसबंदी कराए जाने और आवश्यक कदम उठाए जाने का पूर्व प्रयास करेंगे। साथ ही पशु चिकित्सालय में आवश्यक सुविधाएं की व्यवस्था कराए जाने के लिए लेटर लिखेंगे। कुत्तों की नसबंदी कराए जाने के लिए बजट के लिए राज्य सरकार से मांग करेंगे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुयी पुलिस भर्ती परीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद में कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा के लिए जनपद में महानगर समेत कई स्थानों पर 25 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। परीक्ष के मद्देनजर एक ओर जहां सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के चाक चौबन्द प्रबंध किए गए थे वहीं दूसरी ओर परीक्षा केन्द्रों पर आवागमन के लिए अभ्यर्थियों के लिए पुलिस विभाग द्वारा सभी परीक्षा केन्द्र के क्यूआरकोड भी जारी किए गए थे। साथ ही पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिये गये थे कि परीक्षा केन्द्र पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों की मदद करें। आज सभी परीक्षा केन्द्रों पर कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुयी दोनों पालियो की परीक्षा में अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में जांच की गयी। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने नगर क्षेत्र स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा, प्रवेश एवं निकास द्वारों, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता तथा पुलिस बल की तैनाती का गहनता से जायजा लिया गया। साथ ही परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## चोरी की बाईक के साथ आरोपी भेजा जेले

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना जनकपुरी प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक शिवराज तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान आरोपी सन्नी पुत्र अनिल निवासी ग्राम शब्बीरपुर थाना बडगांव को जिला अस्पताल के पीछे पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने यह बाईक पिछले साल जुलाई में देहरादून से चोरी की थी। जिसकी नम्बर प्लेट बदलकर चला रहा था।

## एचपीसीएल के प्रबंधकों की हत्या के बाद हटाए गए एसएसपी

### आईपीएस अंकिता शर्मा को मिली जिले के पुलिस कप्तान की कमान

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र में एचपीसीएल प्लांट पर डबल मर्डर की की घटना के बाद शासन द्वारा कार्यवाही करते हुए शुक्रवार देर रात्रि में एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह को यहां से हटा कर लखनऊ भेज दिया गया है। उनके स्थान पर तेजतर्रार आईपीएस अंकिता शर्मा को बदायूँ एसएसपी की कमान सौंपी गई है।हटाए गए आईपीएस श्री सिंह को डीजीपी मुख्यालय की लॉजिस्टिक शाखा में भेजा गया है।

नवनियुक्त एसएसपी अंकिता शर्मा अब से पूर्व कासगंज की एसपी थीं।बताया जाता है कि डबल मर्डर की घटना में जान गंवाने वाले एचपीसीएल के मैनेजर सुधीर गुप्ता तथा हर्षित मिश्रा द्वारा अपनी जान को खतरा बताते हुए थाना मूसाझाग पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था,जिसमें सीओ उझानी द्वारा जांच की गई थी उन्होंने रिपोर्ट में डबल मर्डर के आरोपी तथा थाना प्रभारी की



मिली भगत होना दर्शाया था। बताते हैं कि इसके बाद भी एसएसपी श्री सिंह की तरफ से प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं की गई।इसी को लेकर शासन द्वारा एसएसपी डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह का तबादला किए जाने की चर्चाएं हैं।

**आरोपी कर चुका है पुलिस पर भी फायरिंग का दुस्साहस**

पुलिस गिरफ़्त में आए आरोपी द्वारा शुक्रवार को तमंचा बरामदगी के दौरान पुलिस पार्टी पर फायर कर हमला कर दिया गया था,जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल घायल हुआ था।हालांकि पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में आरोपी अजय के दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी थी।

**नई एसएसपी ने किया पदभार ग्रहण,दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

नवांगतुक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया गया।इस दौरान बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय साहनी भी मौजूद रहे।

पदभार ग्रहण करने के बाद सुश्री शर्मा को पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी द्वारा नवांगतुक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया। पुलिस के अन्य अधिकारियों द्वारा भी नई एसएसपी का स्वागत किया गया।वरिष्ठ

पुलिस अधीक्षक सुश्री शर्मा द्वारा अधीनस्थों का परिचय लेते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु टीम भावना, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## मुख्यमंत्री योगी ने मां शाकुंभरी देवी पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

### चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर की समीक्षा





*अवधनामा संवाददाता*

**बेहट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात उन्होंने निर्माणाधीन मां शाकुंभरी देवी पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण कार्यों और आगामी चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा भी की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरियाणा के कैथल में स्थित एक कार्यक्रम में शामिल होने बाद सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शनों के लिए पहुंचे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा सहारनपुर के नागल माफी हेलीपैड पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर पहुंच विधि-विधान से दर्शन व पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व उन्होंने बाबा भूरादेव मंदिर में दर्शन किए। मान्यता है कि बाबा भूरादेव मंदिर में दर्शन किए बगैर मां शाकंभरी देवी के दर्शन अधूरे माने जाते है। इस दौरान उन्होंने मंदिर व्यवस्थापक आतुल्य राणा के परिवार से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पर्यटन कॉरिडोर के अंतर्गत निर्माणाधीन सोविनियर शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर तथा मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा और मंदिर परिसर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर लगने वाले विशाल मेले की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद दोपहर मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम संपन्न करने के बाद मुख्यमंत्री सरसावा एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा तथा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

इस दौरान उनके साथ राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, विधायक राजीव गुंबर, विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, अभय राणा, साहब सिंह पुंडीर, ब्लॉक प्रमुख साढ़ौली कदीम विश्वास चौधरी, सचिन सैनी, नीटू सैनी, संजय चौधरी, दीपक सैनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जागरूकता रैली निकाल ग्लूकोमा के लक्षण व बचाव के प्रति किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** डॉ.श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल मनानी के तत्वावधान में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर निकाली गयी जागरूकता रैली में आमजन को काला मोतिया से बचाव और नियमित आंखों की जांच कराने को प्रेरित किया गया।

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर अस्पताल द्वारा क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक सहित कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने काला मोतिया से बचाव और नियमित आंखों की जांच के महत्व को दर्शाती हुई पेंटिंग एवं संदेशों के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया।

रैली के दौरान डॉ. सुमित द्वारा उपस्थित लोगों को ग्लूकोमा के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में हेल्थ टिप्स भी दिये। उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा एक गंभीर आंखों की बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इससे होने वाली दृष्टि हानि को रोका जा सकता है। इस दौरान अस्पताल के समस्त अधिकारी, छात्राएं एवं स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# अनुशासन, संतुलन और आध्यात्मिक दृष्टि ही सफलता की कुंजी : पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह

**देश-विदेश से आये लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किये शोध-पत्र**

अवधनामा ब्यूरो




**वाराणसी।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में तेरहवें दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ आज शनिवार को विद्यालय प्रांगण में प्रारंभ हुआ। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'आध्यात्मिकताः वैश्विक कल्याण, सततता और डिजिटल सजगता के लिए एक सिद्ध प्रतिमान' है दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बीएचयू के कुलपति प्रो0 अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आध्यात्मिकता केवल किसी एक परंपरा या धर्म तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हर मानव के जीवन से जुड़ा एक मूलभूत आयाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन युवा पीढ़ी को यह समझाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं कि आध्यात्मिकता केवल अतीत की धरोहर नहीं है, बल्कि इसका आधुनिक विज्ञान और समकालीन समाज से भी गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि,वर्तमान वैश्विक संकटों के दौर में भारत ने जिस प्रकार विकास और संतुलन का मार्ग प्रस्तुत किया है, वह पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने खुशी जताई कि स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज वाराणसी, आज आध्यात्मिकता, समावेशिता और प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीकी प्रगति से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो. विक्रम सिंह, कुलाधिपति, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, नोएडा एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवाओं से जीवन में अनुशासन, संतुलन और आध्यात्मिक दृष्टि अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से समय के सदुपयोग और लक्ष्य के प्रति निष्ठा को सफलता की कुंजी बताते हुए इच्छाओं को सीमित रखने पर बल दिया। प्रो. गिरिश्वर मिश्रा, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) ने कहा कि आज की दुनिया तेजी से अस्थिर और अराजक होती जा रही है, ऐसे समय में वैश्विक कल्याण, सतत विकास और डिजिटल सजगता जैसे विषयों पर चर्चा अत्यंत प्रासंगिक है।प्रो. राजाराम शुक्ल, पूर्व कुलपति, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने भारतीय परंपरा की गहराई और उसके आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान और करुणा के सतत प्रवाह की संस्कृति है।

एस.एम.एस. वाराणसी के निदेशक प्रो. पी. एन. झा ने कहा कि संस्थान केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को लेकर भी सदैव सजग और प्रतिबद्ध रहा है। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पहले दिन अलग अलग तकनीकी सत्रों का आयोजन भी हुआ जिसमें देश-विदेश से आये लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एस0एम0एस0, वाराणसी के अधिशासी सचिव डॉ0 एम0 पी0 सिंह, निदेशक प्रो. पी. एन. झा, कुलसचिव श्री संजय गुप्ता, प्रो0 संदीप सिंह, प्रो0 अविनाश चंद्र सुपकर सहित समस्त अध्यापक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## राधे-राधे' और 'नंद के आनंद भयो' के जयघोष से भक्तिमय हुआ भलुहा

**बांसी सिद्धार्थनगर।** चंद्रप्रकाश मिश्र की चारोधाम यात्रा के सकुशल संपन्न होने के उपरांत ग्राम भलुहा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन का वातावरण अत्यंत भक्तिमय और दिव्य रहा। कथा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। अयोध्या से पधारे परम पूज्य वेदव्यास जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज श्री ने नंदलाल की माखन चोरी, ग्वाल-बालों संग उनकी क्रीड़ा, यशोदा मैया की ममता तथा दामोदर लीला जैसे प्रसंगों को विस्तार से सुनाया। इन प्रसंगों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के उद्घोष से गुंजायमान हो गया।श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं मात्र कथाएं नहीं हैं, बल्कि ये हमें निष्कपट प्रेम, सरलता और अनन्य भक्ति का संदेश देती हैं। जो भक्त बालक बनकर प्रभु की शरण में जाता है, उसे ही ईश्वर की प्राप्ति होती है।

# डीएम व एसपी ने उपनिरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, जांची व्यवस्थाएं

**पुलिस बल को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से जिले में आयोजित उपनिरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंदों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए पूरी सजगता के साथ कार्य करें।

निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के साथ साथ यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं नियंत्रित बनाए रखने के भी निर्देश दिए, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस व प्रशासनिक अमले ने भी जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा आज मधु गैस सर्विस, कमालगंज का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी पर एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही बुकिंग, डिलीवरी व्यवस्था तथा स्टॉक रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी संचालक से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले गैस सिलेंडरों की संख्या तथा उपभोक्ताओं तक डिलीवरी में लगने वाले समय की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए,बैकलॉग बुकिंग की आपूर्ति सबसे पहले सुनिश्चित की जाये तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न होने पाए केवल ऑनलाइन बुकिंग ही स्वीकार की जाये उन्होंने यह भी कहा कि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने भी एजेंसी परिसर की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए तथा परिसर में अग्निशमन उपकरण सदैव क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी व गैस एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता का ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में समापन हुआ



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** कानपुर पुलिस जोन की तीन दिवसीय अन्तर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता-2026 का स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय स्थित, फतेहगढ़ में भव्य समापन हुआ। 12 मार्च से जारी इस स्पर्धा के पुरुष वर्ग में जनपद फतेहगढ़ ने बॉक्सिंग, कुश्ती और आर्म रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चल वैजयंती' का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री अमर पाल सिंह व प्रतिसार निरीक्षक श्री अविचल पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। इस ऐतिहासिक जीत से फतेहगढ़ पुलिस महकमे में हर्ष का माहौल है।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : डॉ. नीलकंठ तिवारी

**जनपद में 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों हेतु एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारम्भ**

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** जनपद में 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान का शुभारम्भ शनिवार को पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी द्वारा श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय, कबीरचौरा, वाराणसी से किया गया।

इसके साथ ही मॉडल टीकाकरण केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब परिवार में कोई महिला कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित होती है तो पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभावित होता है तथा परिवार के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.एस. कन्नौजिया ने बताया कि यह वैक्सीन 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15वां जन्म दिवस मनाने से पूर्व की किशोरियों को लगाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.एस. कन्नौजिया सहित सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अन्य चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## कर्नलगंज सीएचसी में भ्रष्टाचार, मनमानी और निरंकुशता चरम पर

**गोंडा।** जनपद के कर्नलगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और जिम्मेदारों की कथित निरंकुश कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यहां ड्यूटी के दौरान भी कई चिकित्सक ओपीडी में मौजूद नहीं रहते, और अपने सरकारी आवास पर फीस लेकर मरीजों का इलाज करते नजर आ रहे हैं। जिससे इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों और आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब 11:30 बजे तक सीएचसी में अधीक्षक डॉ. सौम्या श्रीवास्तव, डॉ. मुदस्सिर और डॉ. इमरान मोईद की कुर्सियां खाली पड़ी रहीं, जबकि ओपीडी में मरीज इलाज के इंतजार में भटकते नजर आए। मरीजों का कहना है कि चिकित्सकों के समय से न बैठने के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। सूत्रों का दावा है कि कुछ चिकित्सक ड्यूटी के समय अस्पताल में न रहकर अपने आवास पर फीस लेकर मरीज देखते हैं।

# शहर की सर्राफा मस्जिद व अब्बा हुजूर की मस्जिद में हाफिजों ने तरावीह कुरान किया मुकम्मल

**खत्मुल कुरान के दिन मस्जिद कमेटी ने नजराना पेश कर हाफिजों का किया इस्तकबाल**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मुकद्दस माह रमजान के दो अशरे से ज्यादा बीत जाने के साथ अब मस्जिदों में चल रही तरावीह में कुरान मुकम्मल होने का भी सिलसिला भी तेज हो गया है। अलविंदा जुमा के दिन शहर की सर्राफा मस्जिद और अब्बा हुजूर की मस्जिद में हाफिजों ने तरावीह सुनाते हुए कुरान मुकम्मल किया। दोनो मस्जिदों में तरावीह पढ़ने वालों की खासी भीड़ रही, जिन्होंने हाफिजों के पीछे खड़े होकर 24 दिन तक कुरान को सुना। खत्मुल कुरान के दिन मस्जिद कमेटी ने नजराना पेश कर हाफिजों का इस्तकबाल किया।

शहर की सर्राफा बाजार की मस्जिद में भटीपुरा निवासी हाफिज सैयद समीर अली ने तरावीह सुनाते हुए कुरान मुकम्मल किया। खत्मुल कुरान के बाद हाफिज को लोगों ने फूलमाला पहनाई साथ ही उनसे मुसाफा कर उन्हें नजराना भी दिया। वहीं मस्जिद कमेटी ने हाफिज को 51786 रुपये, एक जोड़ा कपड़ा व अन्य सामान देकर तरावीह खत्म होने की मुबारकबाद दी। इस मौके पर आलिम जमालुद्दीन ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान किसी मुसन्निफ (राइटर) ने नहीं लिखा है। कुरान आल्लाह ताअला ने इसी मुकद्दस माह में नाजिल किया था, इसलिए इसे आसमानी किताब भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इस माह में एक कुरान पढ़ने से सत्तर कुरान का सवाब मिलता है। हर नेकी पर सत्तर सत्तर गुना सवाब मिलता है। इस मौके पर मुतब्बली हाजी जफर उल्ला, अशरफ खान, हाजी मजूंर, मल्लन रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उधर समदनगर स्थित बाबा हुजूर मजार की मस्जिद में हाफिज कारी मुअज्जम ने रमजान के चांद रात से तरावीह शुरू की और 23वें रोजे को कुरान मुकम्मल किया। हाफिज ने फातिहा के बाद मुल्क की तरक्की की दुआएं की गई। खत्मुल कुरान के बाद तकरीर हुई, जिसमें हाफिज ने कहा कि इस मुबारक माह की बेइंतहा फजीलत है, इस महीने में हर घर में बरकत बढ़ जाती है। अल्लाह ताअला अपने बंदें के गुनाह माफ कर देता है और रोजेदार की हर जायज मुराद को पूरी करता है। तरावीह के अखिरी दिन हाफिज को मस्जिद कमेटी ने नजराना पेश किया और सभी लोगों को तबर्रूख तक्सीम किया गया।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल, रेफर

**अवधनाम संवाददाता, खड्डा, कुशीनगर।** थाना हनुमानगंज अंतर्गत ग्राम रामपुर जंगल टोला पिपरिया के एक बुजुर्ग महिला ने बाइक की टक्कर से घायल हो गई है। घायल महिला को जिला चिकित्सालय के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक रामपुर जंगल टोला पिपरहिया निवासी जगरानी देवी पत्नी बालमुकुंद उम्र लगभग 58 वर्ष को दिन रविवार समय तीन बजे के करीब एक नाबालिग बाइक चालक ने टक्कर मार दी बताया जा रहा है कि जगरानी देवी गांव के रास्ते से कही जा रही थीं। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वे चोटिल हो गई। घटना की जानकारी और शोर सुनकर लोगों ने वहां इकठ्ठा हो गए और एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोटों को देखते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां इलाज जारी है।

## शांति व्यवस्था भंग करने वालो पर एसएसपी ने बिना दबाव के की सख्त कार्यवाही, मुलजिमों को भेजा जेल

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के सराय हकीम में 12 मार्च की रात्रि साढ़े आठ बजे भाजपा के दो गुटों में आपस में चली ताबड़तोड़ गोलियां थीं। जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में अलीगढ़ के एसएसपी नीरज कुमार जादौन द्वारा घटना का मौका मुआयना करते हुए टीमें गठित कर सभी अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया।थाना बन्नादेवी पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीमों द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर अपराध संख्या 230/2026,धारा 191(2),191(3), 125,109(1),115(2)बीएनएस व सीएल-ए एक्ट से संबंधित 8 अभियुक्त हर्षद हिंदू, यश गुप्ता, मयंक ठाकुर, योगेंद्र, प्रफुल्ल पंडित, नमन,आयुष शर्मा को मय दो अवैध पिस्टल कंट्रीमेड, दो अवैध तमंचा 315 बोर, एक गाड़ी थार, एक कार के साथ गिरफ्तार किया गया है।।

## टिर्री व ऑटो चालक को अब देना होगा पुलिस को फ़ोटो व आधार कार्ड

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के एसएसपी द्वारा सभी जनपदवासियों को अवगत कराया है कि कुछ ऑटो व टिर्री(ई-रिक्शा)चालकों द्वारा यात्रियों के साथ छिनैती व लूट की घटनाएं कारित की गई हैं, जिसके चलते जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम, ऑटो व टिर्री चालकों के वेरिफिकेशन व यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक 15 दिवसीय विशेष अभियान दिनांक 12 मार्च से चलाया गया है।जिसके तहत जनपद की सभी ऑटो व टिर्रीयो पर एक डिसप्ले प्लेट लगाई जाएगी।जिसमें चालक का फ़ोटो,नाम,निवास स्थान, आधार कार्ड नम्बर आदि अंकित रहेगा तथा इमरजेंसी सहायता के लिए यूपी 112,पुलिस कंट्रोल रूम, एसपी ट्रैफिक आदि के नम्बर अंकित रहेंगे।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत पति-पत्नी का एक साथ सफल घुटना प्रत्यारोपण




**वाराणसी।** सुंदरपुर स्थित ओमेगा प्लस हॉस्पिटल में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. कर्म राज सिंह ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पहली बार पति-पत्नी दोनों का एक साथ सफल टोटल नी रिप्लेसमेंट आधुनिक तकनीक के माध्यम से किया गया। पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि,आयुष्मान भारत योजना के तहत एक ही समय में पति-पत्नी का घुटना प्रत्यारोपण होना अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस सफल सर्जरी ने न केवल चिकित्सा क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है, बल्कि जोड़ों के गंभीर दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए भी उम्मीद और भरोसे का संदेश दिया है।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा संपन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारियों द्वारा परीक्षा केद्रो का सघन निरीक्षण किया गया

**फरुखाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की प्रथम पाली के दृष्टिगत, जिलाधिकारी फर्रुखाबाद व पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ द्वारा जनपद फतेहगढ़ के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा कंट्रौल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सभी को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया ।

# आय से ज्यादा संपत्ति होने पर इंस्पेक्टर पर एफआईआर इंद्रकांत त्रिपाठी मामले की हुई जांच, सीओ ने की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिले की पत्थर उद्योग नगरी कबरई में क्रशर कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत से जुड़े मामले की जांच में पुलिस विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) झांसी ने वर्ष 2020 में जिले में तैनात रहे तत्कालीन निरीक्षक विपिन कुमार त्रिवेदी के खिलाफ शहर कोतवाली में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराया है और जांच में इंस्पेक्टर के पास आय के ज्ञात स्त्रोतों से 23.83 लाख रुपये से ज्यादा की संपत्ति होने की पुष्टि हुई है।

7 सितम्बर 2020 में व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी ने तत्कालीन एसपी मणिलाल पाटीदार पर 6 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसके अगले ही दिन व्यापारी को तनाव के चलते स्वयं को गोली मार ली थी और 13 सितंबर को इलाज के दौरान इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत हो गई थी। इस चर्चित मामले की जांच एसआईटी (एसआईटी) ने की थी, जिसमें तत्कालीन एसपी, थानाध्यक्ष कबरई देवेंद्र शुक्ला और अन्य को आत्महत्या के लिए उकसाने और भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया था। इसी प्रकरण के बाद जिले में तैनात रहे सभी निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों की संपत्तियों की गोपनीय जांच शुरू की गई थी।

एसीओ झांसी के निरीक्षक शादाब खान ने दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपी निरीक्षक विपिन कुमार त्रिवेदी निवासी अंगदपुर, कानपुर देहात वर्ष 2020 में एसपी कार्यालय में तैनात थे और वर्तमान में वह सीबीसीआईडी प्रयागराज में संबद्ध हैं। जांच एजेंसी ने रिपोर्ट में पाया कि निर्धारित अवधि दौरान निरीक्षक की कुल वैध आय 13895850 रुपये थी। इसी अवधि में उनकी चल अचल संपत्तियों और भरण पोषण पर कुल व्यय 16279532 रुपये पाया गया। अपनी आय के सापेक्ष 2383662 रुपये अधिक खर्च करने के संबन्ध में निरीक्षक कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। शहर कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पांडेय ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण संगठन की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी विस्तृत विवेचना भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ को सौंपी गई है।

# रोजा इफ्तार पार्टी से आपसी भाईचारे को मिलता है बढ़ावा : माता प्रसाद पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी के पेट्रोल पम्प के निकट विगत वर्षो की भांति समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनेन्द्र मिश्रा मशाल के तत्वाधान में आयोजित दावते रोजा इफ्तार कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश विस के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय तथा सपा नेता भीष्म शंकर तिवारी सहित अनेक क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल सदियों तक यूं ही कायम रहे इसी नसीहत का पैगाम देने के लिए समाजवादी पार्टी सदैव तत्पर रहती है। उक्त बातें बतौर मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश विस के नेता प्रतिपक्ष ने कही। कहा कि देश में नफरत फैलानी वाली सियासी ताकतें अपने मंसूबों में कामयाब कभी नहीं होगी इसलिए आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए रोजा इफ्तार पार्टी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जाता है। कहा कि एलपीजी गैस की किल्लत से आज आम आदमी परेशान है, गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें जगह जगह देखी जा सकती हैं फिर भी लोग कहते हैं कि घरेलू गैस की कमी नहीं है। कहा कि रसोई गैस की भारी किल्लत के कारण होटल , रेस्तरां बंद हो गये है और वहीं कुछ बंद होने के कगार पर है। सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए ढिंढोरा पीट रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है जबकि कमर्शियल रसोई गैस की सप्लाई को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है।

कार्यक्रम आयोजक शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी हिन्दू मुस्लिम एकता और भाईचारा को बढ़ावा देती हैं जिसके कारण नफरत फैलाने वाली सियासी ताकतों को मुँह की खानी पड़ती है, इसलिए हम सभी समाजवादी पार्टी के लोग मिलकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते है जिससे आपसी भाईचारा ताउम्र कायम रहे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन निसार बागी, डॉ सरफराज अंसारी, सागर पाठक, जावेद भाई, शकील शाह, सभासद निजाम, मो इब्राहीम, मसूद अहमद, डॉ सगीर, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बिजली बिल से परेशान उपभोक्ता, लोक अदालत में भी नहीं मिला समाधान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम क्षेत्र के जगदीश खोजनपुर मोहल्ले की एक उपभोक्ता ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत करते हुए विद्युत विभाग से जांच कर बिल सही कराने की मांग की है। कई महीनों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान न होने से परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।खोजनपुर निवासी पुष्पा सिंह ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता बिलिंग एवं कलेक्शन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका घरेलू बिजली कनेक्शन चार किलोवाट का है, जिसका संयोजन संख्या 6373253000 है। इसके बावजूद उनके घर का बिजली बिल काफी अधिक आ रहा है, जो उन्हें गलत प्रतीत हो रहा है। उन्होंने विभाग से मीटर रीडिंग की जांच कराकर बिल को सही कराने की मांग की है, ताकि वह नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर सकें।पीड़िता के पुत्र मानवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बिजली बिल में गड़बड़ी के कारण उनका परिवार पिछले करीब पांच महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि कई बार विभाग में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।मानवेंद्र ने बताया कि वह अपनी समस्या लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत पहुंचे थे, लेकिन वहां विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के लिए कोई कैंप नहीं लगाया गया था। बाद में उन्होंने अधिशासी अभियंता आतिश कुमार से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई।

## कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने रसोई गैस की हो रही किल्लत पर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**रूदौली -अयोध्या।** आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य दयानन्द शुक्ला ने रसोई गैस की हो रही किल्लत पर भाजपा सरकार की तीखी आलोचना की है।श्री शुक्ला शुक्रवार को रानीमऊ स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता व मंत्री दिल्ली में बयान जारी करते हैं कि देश में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है जबकि हकीकत यह है कि जनता रसोई गैस के लिए प्रातः से ही गैस एजेंसी का चक्कर लगाती रहती है।लेकिन उसे निराशा ही हाथ लगती है।कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने कहा कि गांव में बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिनके पास न तो इस समय गैस है।

## रुदौली गैस एजेंसी पर प्रशासन की छापेमारी

**रुदौली (अयोध्या)।** में गैस वितरण में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर शुक्रवार को एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने रुदौली गैस एजेंसी पर औचक छापेमारी कीजांच के दौरान पता चला कि एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाने के बजाय बाग-बगीचों में ले जाकर वितरित किए जा रहे थे। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए एजेंसी संचालक को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि गैस बुकिंग के बाद सिलेंडर सीधे उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाए जाएं उपजिलाधिकारी संतोष जगराम ने बताया कि कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि गैस समय पर नहीं मिल रही है और एजेंसी के कर्मचारी कृष्ण मगन द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी को व्यवस्था तत्काल सुधारने की चेतावनी दी है अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 81,803 वादों का निस्तारण, 18.23 करोड़ रुपये का समझौता

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर विभिन्न न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना लोक कल्याण है। इसमें आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर वादों का निस्तारण किया जाता है, जिससे समय व धन दोनों की बचत होती है और आपसी मतभेद भी समाप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसे मंच अत्यंत उपयोगी हैं।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजिनी शुक्ला ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें एनआई एक्ट की धारा 138, बैंक रिकवरी, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, राजस्व व अन्य सिविल मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है।

नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीपक यादव के अनुसार आयोजित लोक अदालत में कुल 81,803 वादों का निस्तारण किया गया तथा 18,23,50,335 रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई। वर्चुअल कोर्ट की पीठासीन अधिकारी निवेदिता सिंह ने 32,436 मामलों का निस्तारण कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में 115 मामलों का निस्तारण करते हुए करीब 10.14 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति तय की गई। वहीं बैंक रिकवरी से जुड़े 1,084 प्री-लिटिगेशन मामलों में 6.88 करोड़ रुपये का समझौता हुआ। इसके अलावा पारिवारिक विवाद के 69, वाणिज्यिक न्यायालय के 11 तथा राजस्व न्यायालयों के 29,608 मामलों का निस्तारण किया गया।लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रोजा इफ्तार में देखने को मिली गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई -अयोध्या ।** मवई ब्लाक के ग्राम चंद्रामऊ मंगा में रोजा अफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली।रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन सपा नेता व समाज सेवी अलाउद्दीन खां द्वारा किया गया।रोजा इफ्तार पार्टी में विभिन्न दलों के नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने कहा कि रोजा इफ्तार से आपसी प्रेम भाव और सौहार्द बढ़ता है।रमजान का पाक महीना हम सबको सच्चे रास्ते पर चलने की सीख देता है।।उन्होंने कहा कि बरकतों व रहमतों का यह महीना प्यार और मोहब्बत तथा आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। सांसद पुत्र अजीत प्रसाद ने कहा कि आज के दौर में लोग धर्म के रास्ते से भटक रहे हैं,रोजा उनके लिए आदर्श है।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सौहार्द व भाईचारा बढ़ता है। इस मौके पर भदरसा चेयरमैन राशिद खां ,रुदौली चेयरमैन जब्बार अली,पूर्व ब्लाक प्रमुख मवई निशात अली खां,बार एसोसिएशन रुदौली के अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन,सपा के प्रदेश सचिव सैयद रिजवान रसूल,सपा के प्रदेश सचिव मो0 अली,पूर्व प्रधान आबिद हुसैन, शावेज़ जाफरी,सांसद प्रतिनिधि सरफराज नसरुल्ला,कांग्रेस महासचिव प्रताप बहादुर सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य जग प्रसाद रावत, शाहिद हुसैन रूमी, अक्सार अहमद,नियाज़ अहमद,अवधेश ठाकुर,प्रधान सिंदुरवा अकमल हुसैन,प्रदीप रावत,विंध्या सिंह,विक्रम सिंह,बलराम,राम चंद्र,प्रवेश पांडेय,आसिफ खां,एहतराम हुसैन खां शब्बू,कल्लन प्रधान सगीजीर खां,कौसर हुसैन खां,खालिद हुसैन खां, साद खां,मुजतबा खां,नाजिश खां,कफील खां,आफताब खां सहित काफी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

## देश की एकता और अखंडता अमर शहीदों की देनः त्रिपाठी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि देश की एकता और अखंडता अमर शहीदों की देन है। शहीदों के सम्मान में हर किसी को सदैव तत्पर रहना चाहिए। नगर निगम अयोध्या सैनिकों के सम्मान के लिए तत्पर है। उन्हें गृह एवं जल कर से राहत दिलाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। वह कारगिल बलिदानी जगदंबा प्रसाद पांडेय की याद में बलिदान दिवस पर देवकाली बाईपास चौराहे के नामकरण के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर चौराहे का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नमामि गंगे के जिला अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अमर शहीद के सुपुत्र विजय पांडे %सूरज% ने किया। इस मौके पर वीर नारी शीला पांडेय, भाजपा नेता गोकरन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी, सुनील शास्त्री, पार्षद राजकरण, पार्षद प्रतिनिधि मंसूर अहमद, पूर्व पार्षद मनोज श्रीवास्तव, सुनीता उपाध्याय, पूर्व प्रधान जगदीश चतुर्वेदी, सुबोध चतुर्वेदी, डॉ. रंजीत सिंह, प्रेमप्रकाश मिश्र, रामसजीवन पांडेय, सुधाकर त्रिपाठी, विजय कुमार सिंह, संत विपिन दास, विवेक श्रीवास्तव, पंकज पाठक, प्रीति पांडेय, ज्योति पांडेय, मनोज तिवारी, अंजनी, शिवम पांडेय, राकेश पांडेय, रिशु, आनंद दुबे, रॉकी द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, आशीष पांडेय, दुर्गा प्रसाद तिवारी, सच्चिदानंद मिश्र, अजय पांडेय, रामसुमेर पांडेय, उदय नारायण दुबे, रत्नेश दुबे, देवीचरण दुबे, राजबहादुर पांडेय, अनिल द्विवेदी, अजय पांडे, डीआर दुबे आदि की उपस्थिति रही। इस मौके पर अमर शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और सामाजिक सरोकार से अमर शहीद की मूर्ति स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया।

## महिला ने युवक पर अश्लील फोन कॉल व धमकी देने का लगाया आरोप

**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** चौक थाना क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर मोबाइल फोन पर अश्लील बातें करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने चौक थाने में तहरीर देकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार चौक थाना क्षेत्र के सिहुली परसा गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 14 मार्च को सुबह करीब 6:20 बजे गांव के ही उमेश ने उनके मोबाइल फोन पर कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त युवक पहले भी कई बार फोन कर उन्हें परेशान कर चुका है। साथ ही, वह उनके रिश्तेदारों को फोन कर उन्हें घर से ले जाने जैसी बातें कह रहा है।

## श्रीमद्भागवत कथा में कंस वध व कृष्ण लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**बीकापुर-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ब्लॉक क्षेत्र के सटैला पातूपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य राहुल पंडित जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व कंस वध का रोचक वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।कथावाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था में अनेक अद्भुत लीलाएं कीं। इंद्र के प्रकोप से गोकुलवासियों की रक्षा के लिए उन्होंने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर भक्तों को सुरक्षित किया। उन्होंने माखन चोरी, गोपियों के साथ लीला, मां यशोदा से बाल सुलभ जिद सहित कई प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। आचार्य राहुल पंडित ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बचपन से ही असुरों का नाश किया और बाद में बलराम जी के साथ मथुरा पहुंचकर कंस का वध कर वासुदेव और देवकी को कारागार से मुक्त कराया।

## रोटरी क्लब ने जिला अस्पताल गेट पर लगवाया एलईडी घड़ी



**महाराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिला संयुक्त चिकित्सालय के गेट पर रोटरी क्लब द्वारा लगाए गये एलईडी घड़ी को रिमोट से चला कर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एके द्विवेदी ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब निरंतर सामाजिक कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रोटरी क्लब द्वारा लगाए गए इस एलईडी घड़ी के माध्यम से लोगों को जिला अस्पताल में मिलने वाले सभी प्रकार के सुविधाओं और बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है द्य इसके अलावा समय और दिनांक भी समय-समय पर इस घड़ी द्वारा दर्शाया जा रहा हैद्य रोटरी क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह ने कहा कि इस डिजिटल घड़ी से लोगों में न सिर्फ जिला अस्पताल के कार्यप्रणाली की जानकारी एवं जागरूकता आएगी,अपितु अस्पताल और नगर के सुंदरीकरण में भी वृद्धि होगी।जिला अस्पताल के अहमियत को देखते हुए रोटरी क्लब ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में दो व्हीलचेयर,दो स्ट्रेचर,कोविद सैंपल कलेक्शन केबिन,बेबी फीडिंग केबिन और आज जिला संयुक्त चिकित्सालय के गेट पर एलईडी घड़ी लगाने का कार्य किया हैं द्य रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब जनपद में निरंतर सामाजिक कार्य चल रहा है और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों को करता रहेगाद्य उन्होंने बताया कि सक्सेना चौराहे पर लगे क्लॉक टावर का शोभा बढ़ाने के लिए उसके चारों तरफ रोटरी क्लब का लाइट लोगों लगाकर और भी सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है द्य आगामी अध्यक्ष डॉक्टर ए बी त्रिपाठी ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा कपड़ा घर,सक्सेना चौराहे के बगल में एवं , जूता घर, त्रिमुहानी घाट पर सीमेंट सेट की कुर्सियां,आनंद नगर रेलवे स्टेशन पर दो व्हील चेयर कुर्सी, समय-समय पर प्रतिवर्ष कंबल वितरण,फ्री हेल्थ चेकअप कैंप कार्यक्रम जैसे सामाजिक कार्य कर रहा है द्य आगामी अध्यक्ष हमीदुल्लाह खान ने बताया कि आने वाले समय में और भी सामाजिक कार्य करने का प्रयास किया जाएगा जिससे नगर ही नहीं अपितु जिले एवं प्रदेश में भी रोटरी क्लब का नाम रोशन हो सकेद्य पूर्व सचिव देवेश पांडे ने कहा कि कोरोना कल के समय में रोटरी क्लब के पदाधिकारी द्वारा रैन बसेरा एवं प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाले लोगों को रखे गए जगह पर एक माह तक निशुल्क भोजन करवाना, उसके अलावा राहगीरों और सूचना के आधार पर आवश्यक निर्धन लोगों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी रुदौली के नेतृत्व में 200 छात्रों का दल पहुंचा कृषि विश्वविद्यालय कुमार गंज

**रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खण्ड रुदौली व विकास खण्ड मवई क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के करीब दो सौ बच्चों ने जिले के आचार्य नरेंद्र देव प्रोड्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत शैक्षणिक भर्मण किया।इस दौरान बच्चों को कृषि, पशुपालन,मत्स्य पालन से सम्बंधित आधुनिक जानकारी दी गई।भर्मण करने गए दल में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चे शामिल रहे।इन बच्चों का चयन राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर किया गया था।प्रतियोगिता में विकास खण्ड रुदौली व विकास खण्ड मवई के विभिन्न विद्यालयों से सौ सौ बच्चों को इस शैक्षणिक भर्मण के लिए चुना गया था। शिक्षक विपिन पालीवाल ने बताया की इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढाना और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना है।

## रेशम कीट का बायोप्रोडक्ट में महत्वपूर्ण स्थान : प्रो. जसवंत

*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में ÷रेशम उत्पादन एवं क्षमता निर्माण÷ विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुक्रवार शाम समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में किया गया। समापन अवसर पर कुलपति के सचिव प्रो. जसवंत सिंह ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रेशम का महत्व केवल वस्त्र निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उपयोग कई अन्य क्षेत्रों में भी हो रहा है। रेशम का प्रयोग शल्य चिकित्सा में टांके लगाने वाले धागे, विभिन्न प्रकार के धागों तथा कॉस्मेटिक उत्पादों के निर्माण में भी किया जाता है। प्रो. जसवंत सिंह ने बताया कि रेशम उत्पादन के लिए शहतूत के पौधों की खेती, रेशम कीटों का पालन और कोकून का संग्रह किया जाता है। एक एकड़ शहतूत की खेती से लगभग 50 से 60 किलो तक कोकून प्राप्त होते हैं, जिनकी कीमत करीब 10 से 12 हजार रुपये तक होती है। उन्होंने कहा कि रेशम कीट के पिल्ले का उपयोग बायोरेमेडिएशन में भी किया जाता है, जो प्रदूषित मिट्टी और पानी को साफ करने में सहायक होते हैं। निदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद ने कहा कि रेशम एक प्राकृतिक फाइबर है, जो साड़ियों को विशेष सौंदर्य और चमक प्रदान करता है। रेशम की साड़ियां अपनी नाजुकता, चमक और मुलायमपन के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने बताया कि रेशमी वस्त्र गर्मियों में ठंडक और सर्दियों में गर्माहट देते हैं तथा काफी मजबूत और टिकाऊ होते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्र रेशम आधारित कुटीर उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि प्रसंस्कृत रेशम के तंतुओं से साड़ी, स्कार्फ सहित कई प्रकार के बायोप्रोडक्ट तैयार किए जाते हैं।कार्यक्रम का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के प्रभारी अधिकारी डॉ. आर.एल. राम और डॉ. जितेंद्र सिंह के तत्वावधान में किया गया।

## गोसाईगंज से उठी रेल सुविधा बहाली की मांग

**गोसाईगंज-अयोध्या।** कोरोना काल से बंद पड़ी पैसेंजर ट्रेनों के संचालन और कुछ महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा से उनके आवास पर मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से लखनऊ-वाराणसी पैसेंजर (54333/34) तथा फैजाबाद-मुगलसराय पैसेंजर (54109/10) ट्रेनों को दोबारा चलाने की मांग की। इसके साथ ही कोटा-पटना (13237/38), सरयू यमुना एक्सप्रेस (14649/50) और अमृतसर-जलियांवाला बाग एक्सप्रेस (18103/04) का गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग भी उठाई।

## महंगाई व एलपीजी गैस की कीमतों के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

### राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर में 120 रुपये की वृद्धि से आम लोगों, छोटे व्यापारियों, होटल व रेस्टोरेंट संचालकों की परेशानी और बढ़ गई है। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि महंगाई के कारण कई छोटे कारोबार प्रभावित हो रहे हैं और रोजगार पर भी संकट मंडरा रहा है। आम आदमी पार्टी ने अपनी मांगों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि को तत्काल वापस लेने, पेट्रोल व डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू करने, गरीब व मध्यम वर्ग को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी देने तथा महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पशुपतिनाथ गुप्ता, रामकुमार पटेल, शिवदयाल यादव, संजय पाण्डेय, किशोर प्रजापति, जाहिद अली,पवन वर्मा, शैलेश, रमजान, अनवर शिवकुमार चौधरी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के शिकार 14 पीड़ितों के 9.95 लाख रुपये पुलिस ने कराए वापस

**लिंक भेजकर कराते थे क्लिक उसके बाद खाते से निकल जाता था रुपया**



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना महराजगंज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 पीड़ितों के कुल 9 लाख 95 हजार 500 रुपये वापस कराए। पीड़ितों ने साइबर ठगी की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी, जिसके बाद साइबर टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रकम उनके खातों में वापस कराई। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम अनुरुद्ध कुमार और प्रभारी निरीक्षक सजनू यादव के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि ठगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों को क्लिक कराने के बाद उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लिए थे। कुछ मामलों में ठगों ने पर्सनल डाटा हैक कर ऑनलाइन फ्रॉड को अंजाम दिया था। साइबर थाना टीम की त्वरित कार्रवाई से पीड़ितों के खाते में कुल 9,95,500 रुपये वापस कराए गए। पैसे वापस मिलने पर सभी पीड़ितों ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक और साइबर टीम का आभार व्यक्त किया।

## 12 परीक्षा केंद्रों पर 3137 अभ्यर्थियों ने दिया परीक्षा

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का शनिवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिवजपत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज भिटौली, एंग्लो संस्कृत इंटर कॉलेज घुघुली तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पुरैना का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संतोष शर्मा ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षकों तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसलिए कहीं भी किसी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया तथा निगरानी व्यवस्था को सतत सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। उपस्थिति के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जपत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज भिटौली तथा एंग्लो संस्कृत इंटर कॉलेज घुघुली परीक्षा केंद्रों पर 240 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 85 अनुपस्थित तथा 155 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पुरैना परीक्षा केंद्र पर 240 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 71 अनुपस्थित तथा 169 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जनपद के कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 4560 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1423 परीक्षार्थी अनुपस्थित तथा 3137 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों पर सतर्कता बनाए रखते हुए शासन एवं आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षा पूरी तरह सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो सके।

## मिठौरा इंडेन गैस गोदाम का ताला तोड़कर 76 सिलेंडर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**मिठौरा (महराजगंज)।** चौक थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया स्थित मिठौरा इंडेन गैस सेवा के गोदाम में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 76 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर एजेंसी संचालक ने चौक थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिठौरा इंडेन गैस सेवा की प्रोपराइटर अस्मिता चंद का गैस गोदाम मिश्रौलिया गांव के उत्तर दिशा में स्थित है। गोदाम इंचार्ज नागेन्द्र यादव पुत्र रामबचन यादव ने शनिवार सुबह एजेंसी संचालक को सूचना दी कि शुक्रवार की रात किसी समय अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़ दिया। बताया गया कि चोर गोदाम से कुल 76 गैस सिलेंडर उठा ले गए, जिनमें 12 भरे हुए तथा 64 खाली सिलेंडर शामिल हैं।

## न्यायमूर्ति विवेक वर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज ।** न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति विवेक वर्मा ने लोक अदालत के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार विशेष जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी रोपित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से निस्तारण कर आमजन को सरल, सस्ता और शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। इससे न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला जज, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी तथा अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का निस्तारण कर लोगों को त्वरित न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या भी कम होगी।

# राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक शनिवार को राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उप्र मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता एवं विधायक इटवा/नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा जनप्रतिनिधियों को भी बुके देकर स्वागत किया गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्राचार्य डा0 राजेश मोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज की स्थापना वर्ष 2021 में हुई। इसमें 22 विभाग कार्यरत है। प्रतिदिन 2000 ओपीडी होता है। सभी दवायें उपलब्ध है। समय समय पर आवश्यकतानुसार दवायें क्रय की जाती है। मेडिकल कालेज में 100 छात्र का प्रवेश प्रतिवर्ष होता है। वर्तमान में 500 छात्र अध्ययनरत है। 509 बेड उपलब्ध है। मा0 राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा फैकेल्टी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। प्राचार्य मेडिकल कालेज ने बताया कि प्रोफेसर की कमी है। जिसके लिए विज्ञापन निकाला जा रहा है। मंत्री जी ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण से मिलकर फैकेल्टी की कमी को पूरा करे। इस मेडिकल कालेज का नाम भाजपा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष स्व माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम पर रखा गया है। और अच्छा कार्य करके इसे आगे बढ़ायें। अग्रले 03 वर्ष की कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। खाली पदों को भरने की प्रक्रिया पूर्ण करें। मंत्री जी ने समस्त एमओआईसी से सीएचसी/पीएचसी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। विधायक कपिलवस्तु ने मंत्री से मांग किया कि पोस्टमार्टम सुबह 10 बजे से किया जाये। मंत्री जी द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 एके झा, समस्त एमओआईसी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 68014 वादों का किया गया निस्तारण

**बस्ती।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती शमसुल हक के कुशल मार्गदर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय परिसर, सभी ग्राम न्यायालय, सभी तहसीलों, राजस्व न्यायालय, कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी/अपर जिला जज जेबा मजीद, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह एवं अन्य विभाग का योगदान रहा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के कुल 68014 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 65782 मामलों को एवं न्यायालयों के 2232 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया।

# विद्यालय के विकास में प्रबंध समिति का सहयोग आवश्यक : महेंद्र प्रसाद

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** किसी भी विद्यालय के विकास में वहां के विद्यालय प्रबंध समिति का सहयोग बहुत आवश्यक है, बिना उनके सहयोग के विद्यालय का विकास, और बच्चों के शिक्षा जैसे मूल अधिकार का शत प्रतिशत क्रियान्वयन संभव नहीं है। इसलिए विद्यालय के समितियों का चयन/गठन वहां के छात्र छात्राओं के अभिवावकों के मध्य से ही किया जाता है। ताकि उनकी निगरानी में विद्यालय की सुरक्षा और उसका सर्वांगीण विकास हो सके।

उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी भनवापुर महेंद्र प्रसाद ने कहीं। वह शनिवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र भनवापुर के प्रांगण में आयोजित एक दिवसीय विद्यालय प्रबंध समिति के प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अध्यक्ष/उपाध्यक्ष तथा प्रधानाध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्य के सहयोग से ही 6 से 14 वय वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन संभव होगा, तथा नामांकन के पश्चात उन सबकी उपस्थिति और ठहराव भी सुनिश्चित होगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश मिश्र ने कहा एसएमसी की सक्रियता से ही मध्यान्ह भोजन और और डीबीटी से प्राप्त धनराशि से ड्रेस, जूता मोजा, बैग, स्वेटर, कॉपी कलम के मद में सही-सही उपभोग होगा। और एसएमसी के सदस्यों के सहयोग से ही विद्यालय की संपत्ति सुरक्षित रहेगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड में सबसे अधिक नामांकन करने वाले कंपोजिट भरौली कैथवालिया के प्रधानाध्यापक दुर्गेश यादव को व उत्कृष्ट पू0मा0वि0 बिस्कोहर के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश मिश्रा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक चंद्रभूषण सिंह, के के मिश्र व विष्णुकांत द्विवेदी ने समिति के गठन, कार्य और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृपा शंकर चतुर्वेदी, रमेश त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, वेद प्रकाश, संत कुमार, उमाकांत गुप्ता, शम्स हैदर, गोपेश दुबे, शालिनी, रश्मि ,हिमांशु, अनिल गौड़, अवधेश भारती आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण थाना दिवस पर आईं कुल चार शिकायतें निस्तारण किसी का नहीं

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर।** अंबेडकरनगर कोतवाली जलालपुर में शनिवार 14 मार्च 2026 को सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह ने की। थाना दिवस के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस दौरान कोतवाल अजय कुमार यादव, उप निरीक्षक जैद अहमद सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। थाना दिवस में कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें दो पुलिस विभाग तथा दो राजस्व विभाग से संबंधित थीं।

प्राप्त शिकायतों में उस्मानपुर जलालपुर निवासी बेबी पुत्री कुंदन द्वारा पारिवारिक विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र दिया गया। वहीं बड़ा गांव निवासी सत्य रूपा पत्नी श्रीकृष्ण ने जमीन से जुड़े विवाद को लेकर शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा पेठिया जलालपुर निवासी विजय प्रकाश पुत्र मिठाई लाल ने लेखपाल से संबंधित प्रकरण उठाया। एक अन्य शिकायत वसुने पत्नी भागी छोटू द्वारा दी गई।

अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों से जानकारी ली गई। राजस्व से जुड़े मामलों में लेखपाल और संबंधित अधिकारियों को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया। पुलिस से जुड़े मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

थाना दिवस के माध्यम से आम जनता को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए थाना दिवस में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी बनाए रखी गई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 331 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण में शनिवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, पूर्व विधायक इटवा डा0 सतीश द्विवेदी, एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण मे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 331 जोड़ो का सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित हुये। हिन्दू समुदाय के 238 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 74 तथा मुस्लिम समुदाय के 19 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू, बौद्ध एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगो को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा बौद्ध धर्म का उनके धर्मानुसार विवाह कराया गया।

मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में भव्य रूप से सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है। आज मुख्यमंत्री जी द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। इस समारोह में जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन व वर वधू के माता पिता व परिवार के लोगों का आर्शीवाद प्राप्त हो रहा है। सभी नव दम्पति बेहतरीन तरीके से नई पारी की शुरूआत करें। मा0 सांसद ने शादी करने वाले सभी नवयुगल जोड़ों को जिला प्रशासन के माध्यम से नौकरी/प्लेसमेंट दिलाने की घोषणा किया गया। उन्होंने कहा कि शादी के बाद परिवार की जिम्मेदारी सम्हालने के लिए रोजगार की आवश्यकता होती है जो लोग उद्योग, कालानमक, कम्प्यूटर व अन्य क्षेत्रों में कार्य करना चाहते हैं उनको ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सदैव गरीबों के लिए चिन्ता रहती है। भारत सरकार/उप्र सरकार द्वारा अन्तिम लाइन में खड़े गरीब परिवारों को आवास, निःशुल्क खाद्यान्न, गैस सिलिण्डर आदि उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। सभी जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा मुख्यमंत्री जी द्वारा सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब परिवार के बेटियों की शादी कराना सराहनीय कार्य है। मुख्यमंत्री जी गरीबों को समानता की श्रेणी में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब परिवार के बेटियों की शादी कराना सराहनीय कार्य है। मुख्यमंत्री जी गरीबों को समानता की श्रेणी में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि आज इतनी बड़ी संख्या में गरीब परिवारों की बेटियों की शादी सम्पन्न हो रही है।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 60000 दिया जा रहा है तथा 25000 का सामान भी दिया गया है तथा 15000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया।

इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला, खबर लिखने से नाराज़ भू-माफिया ने डंडे-बेल्ट से पीटा

अवधनामा संवाददाता



**नवाबगंज (गोंडा)।** बंजर भूमि पर अवैध निर्माण की खबर प्रकाशित करने से नाराज़ एक दबंग ने पत्रकार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा भोगचंद्र निवासी शिवदास गुप्ता ने बताया कि वह एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में पत्रकार हैं। उन्होंने बीते महीने कनकपुर गांव में बंजर की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर खबर प्रकाशित की थी। खबर छपने के बाद से कुछ भू-माफिया उनसे नाराज़ चल रहे थे और लगातार धमकी दे रहे थे। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 5:15 बजे वह कनकपुर पेट्रोल पंप के सामने स्थित अपनी जनरल स्टोर की दुकान पर बैठे थे। इसी कनकपुर गांव के जितेन्द्र यादव मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसने डंडे से हमला कर दिया।

डंडा टूट जाने के बाद आरोपी ने बेल्ट से भी मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आरोप है कि इसके बाद आरोपी दुकान में घुस गया और तोड़फोड़ करते हुए सामान बाहर फेंक दिया। जाते समय उसने शिकायत करने पर हाथ-पैर तोड़ देने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित पत्रकार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसपी गोण्डा ने एनएसएस शिविर में छात्राओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता




**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 14.3.2026 को सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पी.जी. कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) विशेष शिविर में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा तथा कानून द्वारा महिलाओं को दिए गए अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में वामासारथी संघ की अध्यक्षा डा0 तन्वी जायसवाल छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकता के विषय में प्रेरित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। एन0एस0एस0 शिविर के षष्ठम दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी डा0 मौसमी सिंह एवं डा0 नीतू सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं द्वारा महर्षि अरविन्द बाल शिक्षा मंदिर से उपरहितन पुरवा एवं रानीपुरवा क्षेत्र में नारी शक्ति जागरूकता चेतना रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली में निशा यादव, राधा मिश्रा, पूर्णिमा, श्रेया, अफरीन, ज्योति, सुमन, कशिश, खुशी, मरियम सहित अन्य स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। भोजनावकाश के उपरांत आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अंजनी कुमार दूबे एवं करूणेश पटेल द्वारा योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनाने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

## शादी समारोह में जा रहे युवक की कार की टक्कर से मौत

**गोण्डा।** जनपद के इटियाथोक थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम तेलियानी निवासी 35 वर्षीय सुरेश कुमार शुक्रवार की रात इटियाथोक थाना क्षेत्र के बकठोरवा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वह अपनी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी कर समारोह स्थल की ओर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान इटियाथोक की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सुरेश कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें मेडिकल कॉलेज गोण्डा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अज्ञात कारणों से घर के अंदर लगी आग, नगदी सहित घर में रखा सामान जलकर हुआ राख



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत घरुआर गांव में शुक्रवार की बीती रात एक मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर के अंदर कमरे में रखा नगदी सहित घर का सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी अनुसार गांव निवासी पीड़ित राम मूरत गुप्ता ने बताया कि रोजाना की तरह खाना पानी खाकर पूरा परिवार घर के बरामदे में सो रहा था। तभी बीती रात करीब एक बजे आंख खुली तो देखा कि एक कमरे में आग लगा हुआ है। फिर शोर मचाने पर आस पास के लोग जुट गये और आग बुझाने लगे। काफी मशक्कत के बाद गांव वालों की मदद से आग बुझाया गया, लेकिन तब तक घर के अंदर रखा चावल, गेंहू, धान, डिलेवरी पाइप, कपड़ा, बर्तन, गैस चूल्हा व करीब दस हजार रुपये नगदी सहित करीब लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। जिसकी तत्काल सूचना 112 नंबर डायल कर दी गई थी। मौके पर पुलिस ने आकर जायजा लिया और राजस्व विभाग से लेखपाल ने मौका मुआयना कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर शासन प्रशासन से मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

## डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**बस्ती ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जनपद बस्ती में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला डिग्री कॉलेज , ए.पी.एन. डिग्री कॉलेज तथा गोविंद राम सेकेंडरी इंटर कॉलेज में पहुंचकर परीक्षा केन्द्र का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वार, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल-विहीन वातावरण में सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव का मामला फिर गरमाया

**बस्ती ।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर विवाद एक बार फिर गरमा गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच और सही तथ्यों से निदेशक पंचायतीराज को अवगत कराये जाने की मांग किया गया है।शिकायत के अनुसार संघ के प्रांतीय कार्यालय द्वारा 17 दिसम्बर 2025 को जारी पत्र के माध्यम से जनपद बस्ती में द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव कराने हेतु सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। आरोप है कि 25 दिसम्बर 2025 को होने वाले नामांकन की सूचना न तो सार्वजनिक रूप से जारी की गई और न ही स्थान की जानकारी दी गई। साथ ही जिला मंत्री मनोज चौहान, कोषाध्यक्ष पेशकार और संगठन मंत्री रामकृपाल चौधरी सहित कई पदाधिकारियों को भी नामांकन की जानकारी नहीं दी गई और न तो कार्यकारिणी को भंग किया गया था।

# स्वास्थ्य विभाग बना वसूली का अड्डा सीएमओ की शह पर घूसखोरी भ्रष्टाचार का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के मुख्यालय सीएचसी में स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों बुरी तरह प्रभावित दिख रही है। स्थानीय स्तर पर लगातार चर्चा है कि जांच और कार्रवाई के नाम पर स्वास्थ्य विभाग मुख्य रूप से धन उगाही (वसूली) का केंद्र बन गया है, जबकि मरीजों को मूलभूत इलाज की सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं।जनता और सूत्रों के अनुसार, सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल के कार्यकाल में निजी डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी लैब और क्लीनिकों पर नोटिस जारी करने, रजिस्ट्रेशन जांचने और सीलिंग की धमकी देकर वसूली का सिलसिला तेज हो गया है। कई मामलों में कार्रवाई दिखावटी बताई जा रही है–कुछ सेंटर सील होते हैं, लेकिन ज्यादातर में 'सेटिंग' की बातें सामने आती हैं। स्थानीय लोग इसे 'वसूली की ओपीडी' कहकर संबोधित कर रहे हैं, जहां इलाज से ज्यादा नोटिस और रिश्वत की चर्चा होती है।पिछले कुछ महीनों में कई गंभीर आरोप सामने आए हैं:सीएमओ के स्टेनो द्वारा अस्पताल संचालकों से रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल के नाम पर लाखों की घूस मांगने के मामले। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कर्मचारी बनकर या गाड़ियों से अवैध वसूली के प्रयास, जो जांच तक पहुंचे लेकिन अक्सर दब गए।डीएम स्तर पर जांच के निर्देश दिए गए, लोकायुक्त तक शिकायतें पहुंचीं, और विधान परिषद में भी मुद्दा उठा जहां एमएलसी ने सख्त कार्रवाई की मांग की।आयुष चिकित्सकों और अन्य स्टाफ से जुड़े विवादों में भी सीएमओ कार्यालय पर गंभीर आरोप लगे। इन सबके बीच सरकारी अस्पतालों में हालात दयनीय हैं–ओपीडी में लंबी कतारें, डॉक्टरों की कमी और मरीज इंतजार करते रहते हैं। कई सरकारी डॉक्टरों पर निजी क्लीनिक चलाने के आरोप लगते हैं, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ा है।

### ये आरोप सामने आए

- अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन/रिन्यूअल के नाम पर 1.60 लाख रुपये तक की घूस मांगने के मामले, जिसमें सीएमओ के स्टेनो का नाम भी जुड़ा। निजी सेंटरों पर छापेमारी-सीलिंग की धमकी देकर 'सेटिंग' के जरिए वसूली, जबकि असली कार्रवाई दिखावटी।
- कर्मचारी बनकर या विभागीय गाड़ी से अवैध क्लीनिकों से पैसे ऐंठने की कोशिशें, जो जांच तक पहुंचीं लेकिन ज्यादातर दब गईं।
- आयुष चिकित्सकों से लेकर अन्य स्टाफ तक–सीएमओ कार्यालय पर आरोप, प्रेस कॉन्फ्रेंस तक हो चुकीं।
- लोकायुक्त, विधान परिषद, डीएम स्तर तक शिकायतें पहुंचीं–एमएलसी ने सदन में कार्रवाई की मांग की, जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने के बावजूद ठोस एक्शन गायब!

## जेपीओपी विद्यालय के पास नाला निर्माण में अनियमितता का आरोप

**गोण्डा।** जिले के कर्नलगंज क्षेत्र के सरयू महाविद्यालय मार्ग पर जे.पी.ओ.पी. विद्यालय के निकट कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। विद्यालय के प्रबंधक ने निर्माण कार्य में तकनीकी खामियां बताते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रबंधक द्वारा की गई शिकायत के अनुसार नगरपालिका परिषद कर्नलगंज द्वारा सरयू महाविद्यालय मार्ग पर नाला निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्धारित योजना के अनुसार नाला सीधे पुल से जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन कार्यदायी संस्था नाले को सीधा ले जाने के बजाय मुख्य सड़क को तोड़कर दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रही है। शिकायत में कहा गया है कि जिस दिशा में नाले को जोड़ा जा रहा है, वहां ढाल अधिक है। इससे भविष्य में नाले का पानी ओवरफ्लो होकर जमा होने की संभावना है,जिससे विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं का डीएम व एसपी ने लिया जायजा



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ उदित नारायण पी.जी. कॉलेज, पडरौना स्थित परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, कक्षवार बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र सुरक्षा, स्ट्रांग रूम व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं ड्यूटी पर तैनात समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया शासन एवं भर्ती बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## अहम का 'अविश्वास'

लोकसभा स्पीकर के प्रति अविश्वास व्यक्त करना और फिर अविश्वास प्रस्ताव पेश करना असंवैधानिक, अनैतिक नहीं है, लेकिन यह तार्किक और तथ्यात्मक होना चाहिए। स्पीकर पक्ष और विपक्ष की साझा सहमति से ही चुने जाते हैं और दोनों पक्षों के नेता उन्हें आसन पर विराजमान करते हैं। यही लोकतंत्र का सौंदर्य है। स्पीकर सांसद भी है, राजनेता भी है, एक व्यक्ति भी है, लेकिन सदन में वह संरक्षक और अभिभावक की भूमिका में हैं, लिहाजा तटस्थ और निरपेक्ष हैं। असल जिंदगी में भी अभिभावक हमें डांटते भी हैं और दंड भी देते हैं, लेकिन फिर भी वह हमारे अभिभावक माने जाते रहे हैं। यह तय है कि संसदीय सदन 'नियमानुसार' ही चलते हैं और वे नियम संसद ने ही बनाए हैं, लिहाजा नियमों की पुस्तिका फाड़ना भी 'आपराधिक' घोषित करना चाहिए। बहरहाल मौजूदा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में ध्वनि-मत से पराजित हो गया। संख्या की सियासत में यही नियति तय होती है। अब ओम बिरला ही स्पीकर रहेंगे और वह अपने दायित्वों की नए सिरे से शुरुआत करेंगे। वह भारत के संवैधानिक और संसदीय इतिहास में चौथे स्पीकर हैं, जिनके प्रति विपक्ष का 'अविश्वास' पराजित हुआ है। देश के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर के खिलाफ दिसंबर, 1954 में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। तब देश का संविधान ही मात्र 4 वर्ष का था। तब विपक्ष भी नगण्य था। तो क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और स्पीकर मावलंकर के बीच असहमतियों और मतभेदों के मद्देनजर वह 'अविश्वास' व्यक्त किया गया? मावलंकर सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता, संविधानविद थे। सभी उन्हें 'दादा साहेब' कहकर संबोधित करते थे।

कई मायनों में उन्हें 'लोकसभा का जनक' भी माना जाता है। संविधान सभा और संविधान का प्रारूप तय करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। ऐसे शख्स के प्रति भी 'अविश्वास' व्यक्त किया जा सकता था, आज हम सिर्फ सवाल कर हैरान हो सकते हैं। बहरहाल मावलंकर के बाद 1966 में हुकम सिंह और 1987 में बलराम जाखड़ सरीखे लोकसभा अध्यक्षों के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पेश किए गए, लेकिन सभी पराजित हुए। वे तीनों स्पीकर 'कांग्रेसी' थे। अब स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ सबसे अहम शिकायत यह थी कि वह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने ही नहीं देते। उनका रवैया, व्यवहार असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक रहा है और उनकी व्यवस्थाएं 'पक्षपाती' रही हैं। विपक्ष के नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष की महिला सांसदों पर स्पीकर ने जानबूझ कर गंभीर आरोप लगाए कि वे सांसद प्रधानमंत्री मोदी के आसन को घेर कर कुछ भी अनिष्ट, अप्रत्याशित कर सकती थीं। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर भी सवाल उठाए गए। बहरहाल इन आरोपों की नौबत ही क्यों आई? महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक क्यों गई थीं? विपक्ष के सांसद कागज की चिंदी-चिंदी कर स्पीकर के आसन पर क्यों उछालते रहे हैं? निलंबन पहले के स्पीकर भी करते रहे हैं। यह सामान्य कार्रवाई है। स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने तो 'नकदी के बदले सवाल' के भ्रष्ट कदाचार पर कई सांसदों को बर्खास्त ही कर दिया था।

**भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है।**

# ट्रंप के दावे और टूटता तिलस्म

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को अगला चीन नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध।



महेन्द्र तिवारी

ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई जब अमेरिका ने भारत को टैरिफ किंग करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुँचाना था। लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा।

दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया। अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और प्राइस कैप जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।



भारत की तुलना चीन से करना और उसे अगला चीन न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद फ्रेंड-शोरिंग के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ एस-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं। यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं, और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं।

अंततः, ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट के मुकाबले भारत का सबका साथ, सबका विकास और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

## 'मुफ़्त रेवड़ी आवंटन' फ़िक्रमंद अदालत बेफ़िक्र सरकार?

तनवीर जाफ़री

हमारे देश की राजनीति में नेताओं की 'सत्ता लोलुपता' से देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। केंद्र सरकार से लेकर अनेक राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिये ऐसी ऐसी योजनायें शुरू की गयी हैं जिनका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज देश के ऐसे कई राज्य जोकि भारी क़र्ज़ और बजट घाटे में होने के बावजूद चुनाव से पहले मुफ़्त बिजली, मुफ़्त राशन, मुफ़्त रसोई गैस आदि बाँट रहे हैं। कहीं बैंक क़र्ज़ मुआफ़ कर दिया जाता है। यहाँ तक कि अब तो कुछ राज्यों में चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं के खातों में नक़द धनराशि भी हस्तानांतरित की जा रही है। मतदाताओं को मुफ़्त रेवड़ी बांटने की इस क़वायद का दूरगामी प्रभाव यह होता है कि इससे सरकारों के पास विकास कार्यों हेतु व बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए पैसे नहीं बच पाते। परन्तु यह निखट्टू लोगों की राजनीति में सक्रियता का ही परिणाम है कि इन सत्तालोलुप लोगों को केवल मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में करने व सत्ता में बने रहने के लिये राज्यों का भारी क़र्ज़ में डूबना भी मंज़ूर है और राज्य का बजट घाटे में जाना भी स्वीकार है।

परन्तु सत्ता की इसी तरह की ग़ैर ज़िम्मेदाराना योजनाओं पर देश की उच्च अदालतें कई बार अपनी चिंतायें ज़ाहिर कर चुकी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायलय की एक बेंच द्वारा की गयी ऐसी ही एक ताज़ातरीन तल्ख़ टिप्पणी गत 19 फ़रवरी को एक बार फिर सामने आयी जो ग़ैर ज़िम्मेदार सत्ताधीशों के लिये आँखें खोलने वाली हैं। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा यह टिप्पणी उस समय की गयी जब तमिलनाडु सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं को मुफ़्त बिजली देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान सर्वोच्च न्यायलय ने मुख्य रूप से यह कहा कि- कई राज्य पहले से ही भारी क़र्ज़ और बजट घाटे में हैं, फिर भी चुनाव से पहले मुफ़्त बिजली, मुफ़्त राशन , रसोई गैस, कैश ट्रांसफर जैसी मुफ़्त सुविधाएं बांट रहे हैं। इससे विकास और बुनियादी ढांचे के लिए पैसे नहीं बचते। अगर सरकारें लोगों को सुबह से शाम तक सब कुछ मुफ़्त देती रहेंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? इससे काम करने की आदत ख़त्म हो जाएगी और लोग आलसी बन जाएंगे। ग़रीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन अमीर-ग़रीब में फ़र्क़ किए बिना सबको मुफ़्त सुविधाएं देना ग़लत है। यह एक तरह की तुष्टीकरण नीति है, जो राष्ट्र निर्माण में बाधा डालती है।

इतना ही नहीं बल्कि माननीय अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि आप किस तरह का कल्चर बना रहे हैं? अदालत ने चेतावनी देते हुये कहा कि विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचेगा अगर यह सिलसिला जारी रहा। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को रोज़गार सृजन पर फ़ोकस करने की सलाह दी, न कि सिर्फ़ मुफ़्त चीज़ें बांटने पर। यह सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियां थीं, जो फ़्री बीज़ कल्चर पर कोर्ट की बढ़ती चिंता को दिखाती हैं। पूर्व में भी मुफ़्त रेवड़ी आवंटन को लेकर न्यायालय अपनी चिंतायें ज़ाहिर कर चुकी हैं। 2022-2024 के दौरान भी अदालत ने मुफ़्त की रेवड़ी बांटने को चुनावी लालच देने से जोड़ते हुये कहा था कि यह लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए नुक़्सानदेह है। अदालत ने यह भी बार-बार कहा कि कल्याणकारी योजनाएं ज़रूरतमंदों के लिए तो ठीक हैं, लेकिन अनुचित मुफ़्त वादे विकास को रोकते हैं। गोया सर्वोच्च न्यायालय मुफ़्त रेवड़ी कल्चर को न केवल आर्थिक बोझ बता चुका है बल्कि इसे काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के ख़िलाफ़ भी माना है। यह आलोचना समय-समय पर दोहराई जाती रही है, ख़ासतौर पर तब जबकि राज्य सरकारें चुनावों से पहले ऐसी योजनाएं घोषित करती हैं। केवल अदालतें ही नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2022 में रेवड़ी कल्चर को ख़तरनाक बता चुके हैं। यही मुफ़्त रेवड़ी कल्चर गत अक्टूबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान तो अनैतिकता की अपनी सारी हदें पार कर गया। याद रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शेड्यूल 6 अक्टूबर 2025 को घोषित हुआ था और उसी दिन चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गयी थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# पेट्रोडॉलर और अमेरिकी साम्राज्यवाद का उदय और अंत

**उन्होंने अचानक घोषणा कर दी कि अब से डॉलर का सोने के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा। यानी अब डॉलर के बदले सोना देने की गारंटी हमेशा के लिए खत्म कर दी गई। इसे इतिहास में निक्सनशॉक कहा जाता है। रातों-रात डॉलर एक ऐसी मुद्रा बन गया जिसके पीछे किसी कीमती धातु का सहारा नहीं था, बल्कि वह सिर्फ अमेरिकी सरकार के एक वादे पर टिका था।**

दुनिया की चमक-धमक और बाजारों की हलचल जिस एक चीज के इर्द-गिर्द घूमती है, उसे हम अमेरिकी डॉलर के नाम से जानते हैं। लेकिन यह डॉलर हमेशा से इतना ताकतवर नहीं था और न ही इसकी कहानी इतनी सीधी है। आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, वहां हमें लगता है कि सरकार जितने चाहे नोट छाप सकती है, लेकिन एक दौर ऐसा था जब नोट या कागज के टुकड़े की अपनी कोई स्वतंत्र हैसियत नहीं होती थी। उस जमाने में असली ताकत सोने यानी गोल्ड के पास थी। पुराने वक्त में दुनिया भर की सरकारों ने एक नियम बनाया था जिसे गोल्डस्टैंडर्ड कहा जाता था। इसका आसान सा मतलब यह था कि अगर कोई देश एक डॉलर का नोट छाप रहा है, तो उसके सरकारी खजाने में उस एक डॉलर की कीमत के बराबर का असली सोना जमा होना जरूरी था। यह एक तरह की गारंटी थी कि आपके हाथ में जो कागज का नोट है, उसे आप जब चाहें सरकार को वापस करके उसके बदले असली सोना ले सकते हैं। इस व्यवस्था की वजह से दुनिया भर के देशों को एक-दूसरे की मुद्राओं पर भरोसा था, क्योंकि सबको पता था कि डॉलर या कोई भी करेंसी सिर्फ कागज नहीं है, बल्कि उसके पीछे सोने की चमक और मजबूती खड़ी है।



अब्दुल्लाह मंसूर

दूसरे विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद साल 1944 में दुनिया के बड़े देशों ने मिलकर एक फैसला लिया, जिसे ब्रेटनवुड्स समझौता कहा जाता है। इस समझौते ने डॉलर को पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का केंद्र बना दिया। अमेरिका ने तब पूरी दुनिया को यह भरोसा दिलाया कि वह अपने पास दुनिया का सबसे बड़ा सोने का भंडार रखेगा और डॉलर की कीमत सोने के साथ फिक्स कर दी गई। तय यह हुआ कि 35 डॉलर जमा करने पर अमेरिका किसी भी देश को एक औंस सोना दे देगा। चूंकि उस वक्त अमेरिका आर्थिक और फौजी तौर पर बहुत मजबूत था, इसलिए पूरी दुनिया ने अपनी करेंसी को डॉलर से जोड़ दिया और डॉलर को सोने से।





इस तरह डॉलर दुनिया की सबसे भरोसेमंद मुद्रा बन गया क्योंकि वह सीधे तौर पर सोने का प्रतिनिधि था। हर देश को लगा कि डॉलर जमा करना सोना जमा करने जैसा ही सुरक्षित है। लेकिन साठ के दशक के आते-आते यह भरोसा डगमगाने लगा। अमेरिका वियतनाम जैसे लंबे और महंगे युद्धों में उलझ गया था और अपने खर्चों को पूरा करने के लिए उसने बेतहाशा नोट छापना शुरू कर दिया। नियम के मुताबिक तो उसे नोट छापने के साथ-साथ अपने खजाने में सोना भी बढ़ाना चाहिए था, लेकिन अमेरिका ऐसा नहीं कर सका। धीरे-धीरे दुनिया के दूसरे देशों को यह शक होने लगा कि अमेरिका के पास उतना सोना बचा ही नहीं है जितने उसने कागज के नोट बाजार में उतार दिए हैं। जब यह शक गहराया तो फ्रांस जैसे मुल्कों ने अपने डॉलर अमेरिका को वापस करना शुरू कर दिए और उसके बदले अपना असली सोना मांगने लगे। अमेरिका के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया। अगर वह सबको सोना वापस करता तो उसका सारा खजाना खाली हो जाता और वह कंगाल हो जाता। आखिरकार 15 अगस्त 1971 को अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्डनिक्सन ने एक ऐसा ऐलान किया जिसने पूरी दुनिया के आर्थिक ढांचे की चूलें हिला दीं। उन्होंने अचानक घोषणा कर दी कि अब से डॉलर का सोने के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा। यानी अब डॉलर के बदले सोना देने की गारंटी हमेशा के लिए खत्म कर दी गई। इसे इतिहास में निक्सनशॉक कहा जाता है। रातों-रात डॉलर एक ऐसी मुद्रा बन गया जिसके पीछे किसी कीमती धातु का सहारा नहीं था, बल्कि वह सिर्फ अमेरिकी सरकार के एक वादे पर टिका था। अब डॉलर की वैल्यू गिरने का डर पैदा हो गया था क्योंकि जिस बुनियाद पर वह खड़ा था, वही हटा ली गई थी। डॉलर को बचाने के लिए अब किसी नए और मजबूत सहारे की जरूरत थी, और यहीं से इतिहास की सबसे बड़ी कूटनीतिक चाल चली गई। अमेरिका ने अपनी डूबती हुई मुद्रा को बचाने के लिए उस चीज को पकड़ा जिसकी जरूरत पूरी दुनिया को थी, और वह चीज थी कच्चा तेल। साल 1974 में अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ एक ऐतिहासिक और गुप्त समझौता किया, जिसने दुनिया का नक्शा ही बदल दिया। सऊदी अरब उस वक्त दुनिया में तेल का सबसे बड़ा उत्पादक था। समझौते की शर्त यह थी कि सऊदी अरब अपना सारा तेल सिर्फ और सिर्फ अमेरिकी डॉलर में ही बेचेगा। इसका मतलब यह हुआ कि अगर किसी को भी तेल खरीदना है, तो उसे पहले डॉलर का इंतजाम करना होगा। बदले में अमेरिका ने सऊदी अरब के राजघराने को आधुनिक हथियार और मुकम्मल फौजी सुरक्षा देने का वादा किया।

इसी व्यवस्था को पेट्रोडॉलर कहा गया। धीरे-धीरे तेल पैदा करने वाले दूसरे अरब देशों ने भी इसी राह को चुना और यहीं से डॉलर के उस अटूट साम्राज्य की दोबारा शुरुआत हुई। अब डॉलर को सोने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उसे अब दुनिया की रगों में बहने वाले तेल का सहारा मिल गया था। हर देश के लिए अब यह मजबूरी हो गई कि वे अपनी मेहनत की कमाई बेचकर डॉलर इकट्ठा करें, ताकि वे अपनी गाड़ियां और कारखाने चलाने के लिए तेल खरीद सकें। इस चालाकी भरे चक्र ने अमेरिका को एक ऐसी ताकत दे दी जिसकी मिसाल इतिहास में नहीं मिलती। इसे पेट्रोडॉलररीसाइक्लिंग कहा जाता है। जब अरब देश तेल बेचकर अरबों डॉलर कमाते, तो वे उस पैसे का क्या करते? उनके पास निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह अमेरिका ही था। वे अपना पैसा वापस अमेरिकी बैंकों में जमा करते या अमेरिकी सरकारी बॉन्ड्स खरीद लेते। इस तरह दुनिया का पैसा घूम-फिर कर वापस अमेरिका के ही पास चला जाता, जिससे अमेरिका को अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए बहुत ही सस्ता और कभी न खत्म होने वाला कर्ज मिलता रहा। इसी ताकत के दम पर अमेरिका ने दशकों तक दुनिया भर पर अपनी मर्जी थोपी। चूंकि पूरी दुनिया का व्यापार डॉलर में होता था, इसलिए अमेरिका को यह ताकत मिल गई कि वह किसी भी देश पर आर्थिक पाबंदियां लगाकर उसे पल भर में दुनिया से अलग-थलग कर दे। अगर अमेरिका किसी देश के डॉलर इस्तेमाल करने पर रोक लगा दे, तो वह देश न तो तेल खरीद सकता था और न ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुछ बेच सकता था। लेकिन आज, यानी मार्च 2026 के इस दौर में, यह आलीशान किला ढहता हुआ नजर आ रहा है। वह डॉलर जिसने कभी अमेरिका को नई जिंदगी दी थी, आज खुद अमेरिका के लिए एक बहुत बड़ा बोझ बन गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह है अमेरिका का बेहिसाब कर्ज। अगर हम आज के हालात को देखें, तो अमेरिका इस वक्त लगभग 39 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज के नीचे दबा हुआ है। यह कर्ज इतना ज्यादा है कि अमेरिका के हर नागरिक पर एक लाख डॉलर से ज्यादा का बोझ है।

# कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश


**हर महीने आने वाला यह शारीरिक परिवर्तन कई महिलाओं के लिए सामान्य होता है, लेकिन कईमहिलाओं को इस दौरान तीव्र दर्द कमजोरी हार्मोनल असंतुलन और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई सामाजिक संगठनों और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से यह मांग उठाई है कि कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को इस दौरान विशेष अवकाश दिया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि भारत में गर्भावस्था और प्रसूति के लिए छुट्टी का प्रावधान तो मौजूद है।**

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण विश्व राजनीति,सामाजिक नीति और आर्थिक विकास का केंद्रीय विषय बन चुका है। आज अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में यह स्वीकार किया जा चुका है कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब उसकी आधी आबादी, महिलाएं समानअवसरों सम्मान और संसाधनों तक बराबरी से पहुँच प्राप्त करे। भारत भी इसी वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हुए महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएँ चला रहा है। भारत सरकार द्वारा संचालित कई कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और सुकन्या समृद्धि योजना का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। इन योजनाओं ने न केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार किया है बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को भी मजबूत किया है। महिलाएं केवल समाज की आधी आबादी ही नहीं हैं, बल्कि वे मां, पत्नी, बहन, बेटी और परिवार की आधारशिला भी होती हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सुनिश्चित करना सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी बन जाती है। हालांकि कई बार कुछ ऐसी नीतिगत मांगें भी सामने आती हैं जिनका उद्देश्य भले ही महिलाओं की सुविधा और स्वास्थ्य हो,लेकिन उनके सामाजिक और आर्थिक परिणाम जटिल हो सकते हैं ऐसा ही एक मुद्दा हाल ही में सामने आया जब कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश यानी पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया ने 13 मार्च 2026 को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए इस याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इस प्रकार के प्रावधान को कानूनन अनिवार्य करना महिलाओं के रोजगार अवसरों को प्रभावित कर सकता है।यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों, समानता और रोजगार के अवसरों के बीच संतुलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म देता है।



किशन भावनानी

मासिक धर्म अवकाश की मांग : पृष्ठभूमि और तर्क को समझने की करें तो मासिक धर्म महिलाओं केजीवन का एक स्वाभाविक जैविक चक्र है। हर महीने आने वाला यह शारीरिक परिवर्तन कई महिलाओं के लिए सामान्य होता है, लेकिन कईमहिलाओं को इस दौरान तीव्र दर्द कमजोरी हार्मोनल असंतुलन और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई सामाजिक संगठनों और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से यह मांग उठाई है कि कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को इस दौरान विशेष अवकाश दिया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि भारत में गर्भावस्था और प्रसूति के लिए छुट्टी का प्रावधान तो मौजूद है जैसे मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 लेकिन मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक तकलीफों को लेकर कोई विशेष कानूनी व्यवस्था नहीं है।याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यदि महिलाओं को हर महीने एक या दो दिन का पीरियड लीव मिल जाए तो इससे उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता दोनों में सुधार होगा। उनका यह भी कहना था कि कुछ राज्य सरकारों और निजी कंपनियों ने स्वेच्छा से ऐसे प्रावधान लागू किए हैं,इसलिए इसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।




साथियों बात अगर हम इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट के दृष्टिकोणको समझने की करें तो व्यावहारिकता बनाम भावनात्मकता, याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे को केवल भावनात्मक दृष्टि से नहीं बल्कि व्यावहारिक औरआर्थिक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर जोर दिया अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी कंपनी या संस्थान द्वारा स्वेच्छा से महिलाओं को पीरियड लीव दिया जाता है तो यह स्वागत योग्य है।लेकिन जब इसे कानून के रूप में अनिवार्य किया जाएगा,तो इसके कई अप्रत्याशित परिणाम सामने आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि नियोक्ताओं को हर महीने अतिरिक्त भुगतान वाली छुट्टियाँ देनी पड़ेंगी तो संभव है कि वे महिलाओं को नियुक्त करने से बचें।अदालत की यह टिप्पणी भारतीय श्रम बाजार की वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर की गई थी। भारत में अभी भी बड़ी संख्या में निजी कंपनियां लागत और उत्पादकता के आधार पर कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। ऐसे में यदि महिला कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अतिरिक्त छुट्टियाँ देनी पड़ें, तो कई नियोक्ता पुरुष कर्मचारियों को प्राथमिकता दे सकते हैं। साथियों बात अगर हम याचिका खारिज करने के कर्म को समझने की करें तो रोजगार अवसरों पर संभावित प्रभाव, सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि महिलाओं को कमजोर बताने वाली मानसिकता सेबचना चाहिए। अदालत के अनुसार यदि कानून यह संदेश देता है कि महिलाएं हर महीने काम करने में सक्षम नहीं हैं, तो इससे कार्यस्थल पर उनके प्रति पूर्वाग्रह पैदा हो सकता है।उदाहरण के लिए यदि कोई कंपनी दो उम्मीदवारों में से एक का चयन कर रही हो एक पुरुष और एक महिला तो नियोक्ता यह सोच सकता है कि महिला कर्मचारी को अतिरिक्त छुट्टियाँ देनी पड़ेंगी, जिससे उत्पादकता प्रभावित होगी।ऐसी स्थिति में महिलाओं के रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। अदालत ने कहा कि यह विडंबना होगी कि महिलाओं के हित में बनाई गई नीति ही उनके लिए बाधा बन जाए।

साथियों बात अगर हम महिला सशक्तिकरण और समानता की वास्तविक चुनौती को समझने की करें तो महिला सशक्तिकरण केवल सुविधाएँ देने से नहीं बल्कि समान अवसर सुनिश्चित करने से आता है। यदि कोई नीति महिलाओं को विशेष सुविधा देती है लेकिन उसके परिणामस्वरूप उन्हें रोजगार के अवसर कम मिलते हैं, तो वह नीति अंततः उनके हितों के विपरीत हो सकती है। इसलिए नीति निर्माताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करते हुए उनके रोजगार अवसरों को भी सुरक्षित रखना है मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं का समाधान केवल कानूनी प्रावधानों से नहीं बल्कि सामाजिकसंवेदनशीलता से भी जुड़ा हुआ है। कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए अधिक संवेदनशील और सहयोगी वातावरण बनाना चाहिए। कई कंपनियां पहले से ही लचीले कार्य समय, वर्क फ्रॉम होम और स्वास्थ्य अवकाश जैसी सुविधाएँ दे रही हैं। यदि इन व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए तो महिलाओं को बिना किसी अतिरिक्त कानूनी बोझ के भी सटीक रूप से राहत मिल सकती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 2,67,831 वादों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर सहित ग्राम न्यायालय बिन्दकी, बाह्य न्यायालय खागा तथा तहसील सदर, खागा और बिन्दकी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुधीर कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी शकील उर रहमान खान, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजेश उपाध्याय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पलाश गांगुली सहित कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट, तहसीलों, नगर पालिका व नगर पंचायत परिसरों, श्रम कार्यालय, विद्युत



■ लोक अदालत में 13 करोड़ से अधिक की वसूली

विभाग, दूरसंचार विभाग तथा विभिन्न बैंकों में भी किया गया। जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से करने के निर्देश दिए।

लोक अदालत में मोटर दुर्घटना मामलों, वैवाहिक विवाद, दाण्डिक वाद, सिविल वाद तथा बैंकिंग व राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण में 46 मामलों में करीब 3 करोड़ 46 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया गया। परिवार न्यायालय में कुल 38 वैवाहिक मामलों का निस्तारण हुआ, जबकि विभिन्न न्यायालयों में बड़ी संख्या में दाण्डिक और सिविल वादों का निपटारा किया गया। इसके अलावा राजस्व न्यायालयों में 2,63,964 मामलों, नगर पालिका परिषद द्वारा 1,540 प्रकरणों, बैंकिंग संस्थानों द्वारा 679 मामलों, विद्युत विभाग द्वारा 974 प्रकरणों तथा श्रम विभाग द्वारा 384 मामलों का निस्तारण किया गया।

# होली के रसिया सुनाकर विप्र जन हुए झूमने को मजबूर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह जनरल गंज स्थित बाड़ा बिहारी दास के प्रांगण में डॉ. सुरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें कलाकारों व कवियों ने होली के रसिया, भजन सुनाकर विप्र जनों को झूमने को मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हुकम चन्द तिवारी एडवोकेट व ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश कौशिक ने महर्षि परशुराम व विप्र नेता स्व.कीर्ति पाल शर्मा के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। सुरेन्द्र शर्मा ने होली को मिलजोल बढ़ाने वाला पर्व बताया। नगर सहायक आयुक्त राकेश त्यागी ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर हम सभी को भेदभाव समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण सृजितकरना का संकल्प लेना चाहिए।

■ ब्राह्मण महासभा के होली मिलन समारोह में सम्मानित हुए सहायक नगर आयुक्त

पूर्व विधायक हुकुमचंद तिवारी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश कौशिक ने हाल ही में सरकार द्वारा थोपे गये यूजीसी कानून से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताते हुए केन्द्र सरकार को इस काले कानून को वापस लेने की मांग की । कवि डॉ. रमाशंकर पांडे व देवीप्रसाद गौड़ ने अपनी कविताओं से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। युवा कवि विनीत गौतम अपनी रचनाएं प्रस्तुत करके सभी श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

आयोजक सुरेंद्र शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का चंदन का टीका लगाकर व पटुका पहना करके सम्मानित किया गया। समारोह में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी को पटुका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पत्नी को बचाने के प्रयास में झुलसे सेना के जवान की भी मौत

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** पत्नी को आग की लपटों से बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसे भारतीय सेना के जवान की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को जब जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ऊमरी नगर पहुंचा तो पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। सेना के जवानों और पुलिस अधिकारियों ने पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर निवासी भारतीय थल सेना के जवान बृजेंद्र सिंह जोधावत पुत्र नवाब सिंह जोधावत कुछ दिन पहले ही अवकाश पर अपने घर आए हुए थे। 4 मार्च 2026 की रात करीब 8:30 बजे उनकी पत्नी संगम देवी घर में गैस चूल्हे पर खाना बना रही थीं। उसी दौरान अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई



■ अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, सेना व पुलिस ने दी अंतिम सलामी

और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। आग लगने पर संगम देवी की चीख-पुकार सुनकर घर में मौजूद बृजेंद्र सिंह तुरंत दौड़कर पहुंचे।

पत्नी को आग की लपटों में घिरा देख उन्होंने बिना अपनी जान की परवाह किए उन्हें बचाने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की और पत्नी को बचाने के लिए उन्हें पकड़कर अलग करने लगे, लेकिन आग की चपेट में आने से वह स्वयं भी गंभीर रूप से झुलस गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह आग बुझाई गई।

घटना के बाद दोनों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा के लिए रेफर किया गया। इलाज के दौरान पहले पत्नी संगम देवी ने दम तोड़ दिया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं गंभीर रूप से झुलसे बृजेंद्र सिंह को आगे के उपचार के लिए लखनऊ के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों तक उनका इलाज चलता रहा। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की।

# तीसरी राष्ट्रपति होंगी मुर्मू, जो दूसरी बार कर रहीं ब्रज यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आगामी 19 मार्च को श्रीधाम वृन्दावन पधार रही हैं। इस यात्रा के साथ ही वह देश की लगातार ऐसी तीसरी राष्ट्रपति बन जाएंगी, जो अपने कार्यकाल के दौरान दूसरी बार वृन्दावन आ रही हैं। उनसे पूर्व निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणव मुखर्जी भी दो-दो बार वृन्दावन की यात्रा कर चुके हैं।

इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने ऐतिहासिक तथ्यों के हवाले से बताया कि महामहिम द्रोपदी मुर्मू पहली बार 25 सितंबर 2025 को वृन्दावन आई थीं और अब वह पुनः 19 मार्च को ब्रज रज को नमन करने आ रही हैं। इससे पूर्व निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पहली बार 28 नवंबर 2019 और दूसरी बार 27 जून 2022 को वृन्दावन का दौरा किया था। इसी क्रम में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी भी 16 नवंबर 2014 और

■ श्रीधाम वृन्दावन के पावन रज को नमन करने 19 मार्च को पधारेंगी महामहिम द्रोपदी मुर्मू



18 नवंबर 2015 को श्रीधाम पधारे थे। इतिहासकार के अनुसार, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1957 में वृन्दावन की यात्रा की थी। इसके बाद वर्ष 1987 में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैलसिंह यहां आए थे। इनके अलावा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (1959), रामास्वामी वेंकटरमण (1985) और डॉ. शंकर दयाल शर्मा (1993) भी वृन्दावन आए थे, लेकिन उस समय वे उपराष्ट्रपति के पद पर आसीन थे।

## कौशल विकास से युवाओं को मिलेंगे नए अवसर

**मथुरा।** नगर के डीएवी इंटर कॉलेज परिसर में संचालित 'डीएवी स्किल डेवलपमेंट सेंटर' (शिक्षा कायाकल्प न्यास एवं दीक्षा फाउंडेशन के निर्देशन) में नवीन बैच के विद्यार्थियों के लिए विशेष ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजित किया। जिसमें युवाओं को कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग जैसे रोजगारपरक कौशल आधारित पाठ्यक्रमों से रूबरु कराया।

जीएलए यूनिवर्सिटी के प्रो. पुष्कर शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा का विशेष महत्व है। यह शिक्षा आपके कौशल विकास के महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और रोजगार के अवसर मिलेंगे। डीएवी इंटर कॉलेज मथुरा के प्रबंधक रमेश आर्य ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं कठिन परिश्रम के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान प्रो. पुष्कर शर्मा एवं अनिल अग्रवाल ने अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें पाठ्यकमों की बारीकियों से अवगत कराया।

# डीएम-एसएसपी ने राष्ट्रपति के गोवर्धन आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन मथुरा।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मथुरा वृंदावन गोवर्धन आगमन को लेकर जिला प्रशासन अपनी तैयारी को अमली जामा पहनाने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में राष्ट्रपति के गोवर्धन गिर्राज महाराज दानघाटी दर्शन का भी कार्यक्रम है इसी को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने गोवर्धन का दौरा किया और राष्ट्रपति के आगमन की तैयारीयों का जायजा लिया। जिलाधिकारी और एसएसपी ने अपने अधीनस्थों को समय से तैयारी पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए दानघाटी मंदिर मार्ग पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा सौंदर्य करण करने के दिशा निर्देश दिए। मंदिर परिसर में भ्रमण कर राष्ट्रपति के आगमन और स्वागत में



■ 21 को गोवर्धन गिरिराज धाम आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए इसका विशेष ध्यान रखने के लिए मंदिर सेवायत रामेश्वर पुरोहित से भी चर्चा की। तैयारी का जायजा लेने के पश्चात जिलाधिकारी और एसएसपी ने गिर्राज महाराज की पूजा अर्चना की। मंदिर सेवायत् ने दोनों अधिकारियों को गिर्राज महाराज का दुग्ध अभिषेक करवा कर पूजा अर्चना कराई। इसके पश्चात जिलाधिकारी और एसपी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करने के लिए ई रिक्शा से निकल पड़े। परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह साफ सफाई की व्यवस्था और परिक्रमा मार्ग में सौंदर्य करण के लिए उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी, सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत, एसपी ट्रैफिक, सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी, थाना प्रभारी गोवर्धन भगवत सिंह गुर्जर, और अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खुले कुएं में गिरी गाय, मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** नगर के मोहल्ला खंडेराव में नवीन गल्ला मंडी के पास गाय खुले कुएं में गिर गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए और गाय को बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों ने रस्सियों की मदद से कई बार गाय को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन हर बार रस्सी टूट जाने से प्रयास असफल हो गए। काफी देर तक कोशिश करने के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर मोहल्लेवासियों ने जालौन नगर पालिका को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल के सदस्य सुलखान यादव मौके पर पहुंचे। इस दौरान मौके पर समरजीत सिंह, अमित, गुड्डू, प्रदीप, अंशु, संजीव कुमार, शिवम सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे और रेस्क्यू कार्य में सहयोग किया।

### सड़क हादसे में एसआई गंभीर रूप से घायल

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** हरियाणा से आ रही एसओजी टीम की कार में पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे के पास डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल एसआई को उच्च संस्थान रेफर किया गया। वहीं, पुलिस ने आरोपी डंपर व उसके चालक को पकड़ लिया है। जिससे पूछतांछ की जा रही है। करीब 12 बजे जनपद चिककूट की एसओजी टीम में शामिल एसआई अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल नूरमोहम्मद, कांस्टेबल ज्ञानेश मिश्रा व आरक्षी कार चालक रीतेश पांडेय किसी दबिश के सिलसिले में हरियाणा गए थे। हरियाणा से वापस लौटते समय वह बंगरा रोड होकर उरई की ओर जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी लगभग 12 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौराहे के पास पहुंची तभी कोंच की ओर से गिट्टी लादकर औरैया की ओर जा रहे डंपर के चालक ने चौराहे पर बेकाबू होकर एसओजी टीम की सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी।

### उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा : डीएम व आईजी ने किया निरीक्षण

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की परीक्षा को जनपद में सकुशल, शुचितापूर्ण, नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया गया। परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र



सिंह तथा अजय कुमार मिश्रा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज, डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय और ए.एस. इंटर कॉलेज फतेहपुर में चल रही परीक्षा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, निगरानी और परीक्षा प्रक्रिया का बारीकी से परीक्षण किया गया। परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शबे क़द्र की रात हजार महीनों से बेहतर : क़ारी बिलाल नूरी

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** पवित्र रमज़ान माह के आखिरी अशरे के अवसर पर खागा तहसील क्षेत्रांतर्गत सुल्तानपुर घोष गांव में पेश इमाम कारी बिलाल नूरी ने रमज़ान की अहमियत और उसकी फ़ज़ीलत पर विस्तार से तकरीर की। अपने बयान में कारी बिलाल नूरी ने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत, बरकत और मग़फ़िरत का महीना है। इस पवित्र माह में रोज़ा, नमाज़, तिलावत-ए-कुरआन, तरावीह, सदका, फ़ितरा और ज़कात के जरिए इंसान अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह की रहमत हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि रमज़ान के आख़िरी अशरे की खास अहमियत है, क्योंकि इसी दौरान शबे कद्र की मुबारक रात आती है, जो हजार महीनों से बेहतर बताई गई है।




# 'हाथी है... मगर सवार नहीं, मथुरा में बसपा और उधारी के नेताओं की राजनीति'

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाथी की चाल ही सत्ता की दिशा तय करती थी। नीला गमछा गले में डालते ही गली-गली में नेता तैयार हो जाते थे। उस दौर में बहुजन समाज पार्टी केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुकी थी। उसी दौर की देन हैं मथुरा में बने अंबेडकर पार्क, अंबेडकर भवन और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर खड़े स्मारक, जो आज भी उस राजनीतिक प्रभाव की गवाही देते हैं।

लेकिन राजनीति की बिसात पर समय के साथ मोहरे बदलते हैं और कभी-कभी चालें भी उलटी पड़ जाती हैं। मथुरा में बसपा की हालत कुछ ऐसी ही दिखाई देती है–वोटर मौजूद है, पर भरोसे का नेता गायब है। समस्या की जड़ में एक पुरानी राजनीतिक बीमारी दिखाई देती है–उधारी के नेता। बसपा ने वर्षों तक स्थानीय कार्यकर्ताओं को




आगे बढ़ाने के बजाय ऐसे चेहरों पर भरोसा किया जो राजनीतिक रूप से कहीं और से आए थे या हवा का रुख देखकर पार्टी में शामिल हुए थे।

लोकसभा चुनाव के समय भी पार्टी ने उधार के नेताओं पर दांव खेला, कभी सुरेश जैसे चेहरे सामने आए, कभी एस.के. गौतम जैसे नेताओं पर भरोसा जताया गया। पार्टी का सिंबल तो मिल गया, लेकिन संगठन की जड़ें उतनी मजबूत नहीं बन पाई। नतीजा यह हुआ कि जब राजनीतिक हवा बदली तो कई चेहरे उसी हवा के साथ मुड़ भी गए। यही वजह है कि आज मथुरा में बसपा का कोर वोटर तो मौजूद है, लेकिन उसके सामने ऐसा कोई मजबूत चेहरा नहीं है जिस पर वह भरोसा कर सके। संगठन चलता जरूर है, बैठकें भी होती हैं, लेकिन नेतृत्व की कमी साफ दिखाई देती है।

राजनीति का एक सिद्धांत है– नेता पार्टी नहीं बनाती, नेता जनता बनाती है। पार्टी केवल मुद्दे देती है, जमीन पर उसे ताकत जनता और कार्यकर्ता देते हैं। मथुरा में बसपा की मुश्किल यही है कि संगठन के पास मुद्दों की धार भी कमजोर होती दिख रही है। उदाहरण के तौर पर राया क्षेत्र में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित होने का मामला उठा था। उस समय कुछ दिनों के लिए माहौल गरमाया, बयानबाजी हुई, बड़े-बड़े आश्वासन दिए गए। लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, मुद्दे की हवा भी निकल गई।

## आज समाजवादी पार्टी मनाएगी बहुजन समाज दिवस

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्षों व प्रमुख पदाधिकारियों को पत्र जारी कर 15 मार्च को बहुजन नायक कांशीराम की जयंती के अवसर पर बहुजन समाज दिवस (पीडीए दिवस) के रूप में मनाने के निर्देश दिए हैं।

यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। इसमें पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होकर बहुजन समाज के उत्थान और सामाजिक न्याय के संदेश को आगे बढ़ाएंगे। पत्र में कहा गया है कि बहुजन नायक कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज को संगठित कर उन्हें सत्ता में भागीदारी दिलाने के लिए समर्पित किया। उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों के समर्थन में देशव्यापी आंदोलन चलाया।

# डीएम व एसपी ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** में एलपीजी गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने उरई स्थित भारत गैस एजेंसी छीरसागर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एजेंसी में गैस सिलेंडरों के भंडारण, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

डीएम ने एजेंसी परिसर में मौजूद उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर गैस आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी एवं आवश्यक फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को समयबद्ध ढंग से होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि कई बार उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त नहीं हो पाता है, जिससे बुकिंग में कठिनाई होती है।

# नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की परीक्षा सकुशल हुई



अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** उप्र पुलिस भर्ती व पदोन्नति बोर्ड, लखनऊ के द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की परीक्षा को निष्पक्ष, नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने सामुहिक रूप से महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज चंदौली का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम को देखते हुए परीक्षा कक्ष में पहुचकर परिक्षार्थियों का प्रवेश पत्र एवं आधार चेक किया गया। उन्होने परीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं केन्द्र व्यवस्थापक के साथ लगाये गये सेक्टर एवं जोनल तथा स्टेट्रिक मजिस्ट्रेट को कड़े निर्देश दिया कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। कड़ाई से अपने कार्यो एवं दायित्वो का शत प्रतिशत निर्वहन किया जाय। किसी भी केन्द्र पर लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी। जनपद में कुल-11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम दिन दो पालीयों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुयी। जिसमें प्रथम पाली में 3600 अभ्यर्थी में 2488 उपस्थित रहें व 1112 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

## कथावाचक कौशल किशोर काली सेना के अध्यक्ष नियुक्त

**वृंदावन(मथुरा)।** वृंदावन के युवा संत एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि तथा ज्ञानवापी प्रकरण के पक्षकार कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर को काली सेना की केंद्रीय कार्यकारिणी की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति काली सेना के संस्थापक अध्यक्ष, शांभवी पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप के दिशा-निर्देशन में तथा काली सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रसिद्ध अभिनेता पुनीत इस्सर की स्वीकृति के उपरांत की गई। राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी संजय निर्मल द्वारा कौशल किशोर ठाकुर की नियुक्ति का औपचारिक पत्र जारी किया गया। नियुक्ति पर स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि कौशल किशोर ठाकुर युवा होने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, जनसेवा की भावना तथा धर्म के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। उनका यह मनोनयन काली सेना के माध्यम से धर्म, समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को नई गति प्रदान करेगा।

# फतेहपुर के एसपी अनूप सिंह हटाए गए अभिमन्यु बने नए पुलिस अधीक्षक

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद में कानून व्यवस्था को लेकर कड़ा कदम उठाते हुए फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह को पद से हटा दिया है। उनकी जगह भदोही के एसपी अभिमन्यु मांगलिक को फतेहपुर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

सरकार ने जिले में कानून व्यवस्था को लेकर उठे सवालों और लगातार सामने आ रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया। हटाए गए एसपी अनूप सिंह को अब उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी मुख्यालय, लोक भवन लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है। नए एसपी अभिमन्यु मांगलिक वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह सहारनपुर में एएसपी, वाराणसी में एएसपी/सीओ सिटी तथा लखनऊ

■ अपराध और विवादित घटनाओं के बीच फतेहपुर में बदला पुलिस नेतृत्व



में एएसपी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। भदोही उनका पहला जिला था, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभाला था। फतेहपुर में यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा। गौरतलब है कि अनूप सिंह ने मई 2024 में फतेहपुर के एसपी के रूप में कार्यभार संभाला था। उनके लगभग 11 महीने के कार्यकाल के दौरान जिले में अपराध की कई घटनाएं चर्चा में रहीं। हालांकि कुछ मामलों का पुलिस ने खुलासा भी किया, लेकिन उनकी विदाई को जनता तीन प्रमुख घटनाओं से जोड़कर देख रही है। पहला मामला चौफेरवा में सुशील श्रीवास्तव के परिवार की सामूहिक आत्महत्या से जुड़ा है। इस घटना के लगभग 20 घंटे बाद एसपी मौके पर पहुंचे थे, जबकि प्रयागराज के एडीजी और आईजी रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे और एसपी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई थी। दूसरा मामला जिले के बड़े जमींदार जयराज मानसिंह हत्याकांड से जुड़ा है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को जेल भेजा था, लेकिन मृतक का परिवार पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं था और एडीजी से विस्तृत जांच की मांग की थी। तीसरा मामला असोथर ब्लॉक के सरकंडी का है, जहां भाजपा नेता संतोष द्विवेदी के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगा था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ वादों का निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत् उद्घाटन किया गया। जिले की सभी तहसीलों मे स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में न्यायाधीश एंव समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी-प्रथम द्वारा बताया गया कि आज जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज द्वारा 25 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु0 1,00,45,416/- रू0 पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 24 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामलें निस्तारित किये। इनके द्वारा 05 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये। अपर कुटुम्ब न्यायाधीश प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा 45 मुकदमों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अनिलवशिष्ठ द्वारा 79 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को 1,84,14,000/- रू0 क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी।

# पालिका ने खाली पड़े स्थानों पर चलाया स्वच्छता अभियान



■ ईओ के निर्देश पर जुटे कर्मी, नागरिकों से की सहयोग की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर सफाई कर्मियों द्वारा सड़क किनारे खाली पड़े स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पालिका कर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर जमा कूड़ा-करकट और गंदगी को हटाकर सफाई कराई तथा आसपास के जगह को स्वच्छ बनाया।

शनिवार को नगर के फतेहगढ रोड किनारे विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई कर्मियों की टीम ने खाली पड़े स्थानों पर फैले कचरे को हटाया और लोगों को वहां कूड़ा न डालने के लिए जागरूक किया। सफाई इंचार्ज राजन राजपूत द्वारा सफाई कर्मियों को अन्य स्थानों पर नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिये प्रेरित किया गया। उधर दूरभाष पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पालिका लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कई लोग सड़क किनारे खाली पड़े स्थानों पर कूड़ा फेंक देते हैं, जिससे गंदगी फैलती है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होनें नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में पालिका का सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

# समाधान दिवस में आई सात शिकायतें, निस्तारण के निर्देश दिये



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल सात शिकायतें आई। जिसके निस्तारण के लिए जिम्मेदार कर्मियों को निर्देशित किया गया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने सात पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। जिसमें से दो पुलिस संबंधित एवं पॉच राजस्व संबंधित शिकायतें आई। शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस कर्मियों को निर्देशित करनें के उपरान्त उन्होंने कहा कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं का समय रहते निष्पक्षता के साथ निस्तारण करें। इस दौरान एसएसआई ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, समधन चौकी प्रभारी दीपक कुमार सहित चकबंदी कानून-गो अजीत कुमार, लेखपाल राजेश अग्निहोत्री, अतुल प्रताप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# एम्स फिजियोथिलान 2026 में देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

■ पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान, क्विज में चौथी रैंक

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने एम्स Physiothilon 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। कॉलेज की 24 बैच की टीम ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 25 बैच की टीम ने क्विज प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कॉलेज की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। विगत वर्ष में एम्स गोरखपुर आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था, जबकि AIIMS Physiothilon 2024 में टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस वर्ष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को चौंका दिया।

इस उपलब्धि पर संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ. रजनी पटेल, सीएमएस डॉ. एच. के. मिश्रा, डॉ. सज्जन लाल वर्मा, डॉ. अयान गोस्वामी, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. सोनू कुमार, डॉ. शालिनी गुप्ता और डॉ. प्रियंका राय पांडे ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र निश्चय खत्री, हरीश मिश्रा, अमरेंद्र प्रताप सिंह तथा उत्कर्ष यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज प्रशासन ने कहा कि छात्रों की यह सफलता संस्थान के शैक्षणिक स्तर और मेहनत का परिणाम है तथा भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

# चकोर रोड पर आवागमन में कठिनाईयों का सामना कर रहे लोग



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत कई महीनों से नगर के चकोर रोड पर जल निकासी के लिये डलवाये जा रहे ढोल के निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क के आवागमन में नागरिकों को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क की खुदाई कर छोड़ देने और समुचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण आसपास की गलियों में गंदा पानी भर गया है। शनिवार को नगर के चकोर रोड के निवासियों का कहना है कि कई महीनों से निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण रोड की हालत खराब बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और गंदा पानी जमा होने से लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। राहगीरों और वाहन चालकों को भी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि गंदा पानी भरने से दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने अधिसाषी अधिकारी से समस्या के समाधान की मांग की है। मामले के संबन्ध में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि समस्या का संज्ञान लिया जायेगा यदि ठेकेदार की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही जल निकासी व सड़क की स्थिति को ठीक कराया जाएगा।

## ईद की खरीदारी को बाजारों में बढ़ी भीड़, उमड़ी रौनक़

**प्रयागराज।** धीरे धीरे कर माहे रमज़ान के दिन कम और ईद के दिन क़रीब आ रहे हैं। ऐसे में रौशन बाग़, चौक, कटरा, कोठा पार्चा, सिविल लाइन्स आदि की मार्केट जहां आधी रात तक खुली रहती है और खरीदारों का हुजूम उमड़ा रहता है तो वहीं रौशन बाग़ की मार्केट आज कल दिन और रात भर गुलज़ार रह रही है।

खुल्दाबाद मोड़ से अटाला मोड़ तक लगभग एक किलोमीटर की रेंज में जहां स्थायी दूकानें हैं वहीं प्रत्येक दुकान और मकानों व गलियों में फुटपाथ पर कुर्ता- पायजामा, शर्ट-पैंट, जींस, जूता, चप्पल, चादर, तकिया, ग़िलाफ, साज सज्जा श्रृंगार से लेकर मेलामाइन के बर्तन, सेंवई सेट, पर्दा, दस्तरख्वान, बच्चों के खिलौने, घड़ी, क्लिप, क्लैचर के साथ हज़ारों आईटम सस्ते दामों में रौशन बाग़ में मिलने के कारण शहर के साथ ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं।

भीड़ और गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था फात्मा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रौशन बाग़ मार्केट में प्रत्येक दिन राहगीरों व खरीदारों के लिए रुहअफज़ा व नीबू का शर्बत पिलाया जा रहा है।

# ईद के चाँद के दीदार में वैज्ञानिक सहायता की मांग

■ ईद की तारीख को लेकर मतभेद खत्म करने की अपील

■ ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**अवधनामा संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारत सरकार से ईद-उल-फितर के त्योहार को निर्धारित करने वाले शव्वाल के चाँद के दीदार की पुष्टि के लिए वैज्ञानिक सहायता की संभावना तलाशने का आग्रह किया है। अपने पत्र में अंसारी ने उल्लेख किया कि इस्लाम ने हमेशा ज्ञान, शिक्षा और वैज्ञानिक समझ की खोज को प्रोत्साहित किया है। पवित्र पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने शिक्षा और बौद्धिक प्रगति के महत्व पर बल दिया तथा मुसलमानों को जहाँ कहीं भी ज्ञान मिले उसे प्राप्त करने की प्रेरणा दी। हालाँकि उन्होंने यह भी इंगित किया कि समकालीन भारत में शव्वाल के चाँद के दीदार का मामला अक्सर अनिश्चितता का विषय बन जाता है, क्योंकि यह प्रक्रिया मुख्यतः स्थानीय पर्यवेक्षकों और दूरबीन या बाइनाक्यूलर जैसे साधारण उपकरणों पर निर्भर करती है। समन्वित ढाँचे और उन्नत वैज्ञानिक उपकरणों के अभाव में कभी-कभी चाँद के दिखाई देने की पुष्टि को लेकर मतभेद उत्पन्न हो जाते हैं। परिणामस्वरूप देश के विभिन्न हिस्सों में कभी-कभी ईद-उल-फितर अलग-अलग दिनों में मनाई जाती है, जिससे इस महत्वपूर्ण पर्व से जुड़ी एकता की भावना प्रभावित होती है। अंसारी ने आगे यह भी रेखांकित किया कि पूरे रमज़ान महीने के दौरान भारत में रोज़ाना इफ्तार के समय पहले से ही खगोलीय गणनाओं और आधुनिक वैज्ञानिक साधनों की सहायता से निर्धारित किए जाते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि आस्था और विज्ञान धार्मिक अनुष्ठानों को सुगम बनाने में सामंजस्यपूर्ण ढंग से साथ-साथ काम कर सकते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि यह विचार किया जाए कि क्या भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की विशेषज्ञता का उपयोग शव्वाल के चाँद की दृश्यता निर्धारित करने में वैज्ञानिक मार्गदर्शन या तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए किया जा सकता है। अपने विश्वस्तरीय खगोलीय उपकरणों, उपग्रह आँकड़ों और उन्नत अवलोकन क्षमताओं के माध्यम से इसरो चाँद देखने वाली समितियों और विद्वानों को विश्वसनीय वैज्ञानिक जानकारी प्रदान कर सकता है। अंसारी ने जोर देकर कहा कि इस प्रकार की सहायता धार्मिक परंपराओं में हस्तक्षेप नहीं करेगी, बल्कि उन्हें और सुदृढ़ करेगी, क्योंकि इससे सटीक जानकारी उपलब्ध होगी और ईद-उल-फितर के अवसर पर समुदाय के भीतर स्पष्टता और एकता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैज्ञानिक संस्थानों और सामुदायिक संगठनों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं।

## संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उपलब्ध करायें : जिलाधिकारी



**कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा हेतु स्थापित किए गए कंट्रोल रूम एवं परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। शनिवार को डीएम व एसपी ने निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, संचार व्यवस्था तथा परीक्षा केंद्रों से प्राप्त होने वाली सूचनाओं की सतत मॉनिटरिंग की व्यवस्था का जायजा लिया गया। परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी पर लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए।

## सवारी बैठाने के विवाद में चालक से मरपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी राम तीरथ पुत्र रामविलास द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 11 मार्च की दोपहर 02:30 बजे सवारी बैठाने के विवाद को लेकर थाना तालग्राम के ग्राम मवई निवासी रंजीत नाथ, विजय नाथ ने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर ग्राम तेरारब्बू के सामने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## दंपति सहित पुत्री से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी संजय कुमार पुत्र अनोखेलाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 07 मार्च की सुबह 08:30 बजे गांव के ही आशु शाक्य, पूनम व सुषमा देवी उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घूसो व डंडा से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी पुत्री प्रियंका शाक्य व उसकी पत्नी संतोषी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गैस किल्लत और दामों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में आप ने किया विरोध प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



■ घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल सिलेंडर पर 120 की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला : सर्वेश यादव

**प्रयागराज।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस सिलेंडर की बेहद किल्लत के चलते प्रयागराज में आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता न केवल महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, बल्कि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते एक बार फिर लाइनों में लगने को मजबूर हो गई। जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने आज गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। देश के कई हिस्सों से होटल और छोटे व्यवसायों के बंद होने की खबरें सामने आ रही हैं, जो सरकार की नीतियों की विफलता को उजागर करती हैं। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो पार्टी देशभर में जन आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम में जिला महासचिव सौरव पटेल, श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्रा, पल्लवी मालवीया, अमन कुमार, नीतू कनौजिया, मनीष द्विवेदी, रेणुका राय, कण प्रताप पाण्डेय, आजमा प्रवीण, मित्रा कैथवास, जाहिद हीरो, बसंत लाल बागी, गोलू सोनकर, अरुण कुशवाहा, मोहम्मद अजमल, हरेन्द्र प्रताप ठाकुर, अर्पित साहू, धर्मेंद्र द्विवेदी, कमल किशोर मिश्रा, गणेश चौरसिया, राजेश यादव, मोहम्मद जैद, अवधेश मौर्या, राम आशीष यादव, आरती पाल, विपिन, रमेश, राम किशन आदि साथी उपस्थित रहे।

## गौ आधारित खेती से ही समृद्ध होगा भारत का किसान : श्याम बिहारी

**आजमगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा विभाग द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन लाटघाट के निकट जमसर गाँव में विहिप गोरक्षा के प्रान्त अध्यक्ष राणा प्रताप राय सोनू के आवास पर संपन्न हुई जिसमे बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता रहे। संगोष्ठी का शुभारम्भ मंचस्थ अतिथियों द्वारा सर्वदेवमई गौमाता के चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रो के साथ दीप प्रज्जवलित करते हुए किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से माँ कालिका शक्तिपीठ धनछुला के मुख्य पुजारी पूज्य रणविजय महाराज, प्रान्त अध्यक्ष भानु प्रकाश पाण्डेय, विहिप प्रान्त गोरक्षा प्रमुख गोरक्ष प्रान्त सतीश राय, गायत्री शक्तिपीठ लाटघाट से पूज्य रणविजय महाराज जी कि गरिमामयी उपस्थिति रही। गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में किसान तभी समृद्ध होगा जब रसायनमुक्त गौआधारित प्राकृतिक खेती कि तरफ लौटेगा और हर किसान के खूँटे पर देशी नस्ल की गाय होगी।

# रज्जू भैया विश्वविद्यालय गेट पर रात में डटे रहे छात्र

**अवधनामा संवाददाता**

■ कुलपति के निकलने पर घेरा, छात्रों ने 5 दिन का अल्टीमेटम दिया

**प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र स्थिति प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों द्वारा किया गया प्रोटेस्ट रात में जारी रहा। पूरे दिन विश्वविद्यालय के कुलपति अखिलेश सिंह कैंपस से बाहर नहीं निकल सके। रात में कुलपति ने निकलने का प्रयास किया तो छात्रों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद मौके मौजूद रही रही पुलिस फोर्स ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन छात्र कुलपति से वार्ता करने की बात ओर अड़े रहे। काफी देर के बाद कुलपति ने छात्रों के समक्ष आकर उनकी बातों को सुना और उनकी मांगों पर विचार करते हुए तीन दिन का समय और मांगा। कुलपति ने छात्रों के प्रमोट करने की मांग पर कहा कि इसके लिए मै रिजल्ट को सही कराने का प्रयास करूंगा। कुलपति की बात पर छात्रों ने चेतावनी देते हुए कहा कि पांच दिन के अंदर इस गंभीर मामले में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो यह आंदोलन और भी उग्र होगा। हालांकि छात्रों के उग्रता को देखते विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से कैंपस में भारी फोर्स तैनात करा दी है। जिससे आक्रोशित छात्र किसी प्रकार का कोई भी आंदोलन और बवाल न कर सके। शुक्रवार से प्रदर्शन के रहे छात्र रात में भी प्रदर्शन पर बैठे थे। कुलपति से मिलकर अपनी मांगों को उनके सामने रखने के लिए अड़े थे। कुलपति से मिलकर अपनी बातों को रखने के बाद मिले आश्वासन पर छात्र छात्राओं ने पांच दिन का समय देकर वापस लौट गए। छात्रों का कहना था कि लगातार प्रदान जारी है। सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा। छात्रों को प्रमोट करने की मांग रखो गई है। उन्हें प्रमोट नहीं किया गया तो अब सड़क पर उतरकर आंदोलन होगा।

## चौधरी नौनिहाल क्लब को पूरे अंक



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब को 137 रन से हराकर मनीष देब बी डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। केपी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में चार विकेट पर 309 रन (शाश्वत प्रताप 84, तेजस मिश्रा 73, विश्वास सक्सेना 62, कौशल 43, देवांश पाठक 26 नाबाद, आदित्य पाल 2/34, तनिष्क सोनकर व सुमित केसरवानी एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब की टीम 37.5 ओवर में 172 रन (अमित कुमार 55, संजीव कुमार 29, सुमित केसरवानी 22, आदित्य पाल 21, तेजस मिश्रा 3/18, हर्षित तिवारी 3/34, आदर्श पांडेय 2/21) पर सिमट गई। मैच में अजय कुमार व तौसीफ शेख अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

# आज मनेगी कांशीराम की जयंती और आसपा का स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वाधान में यमुनापार की तहसील बारा विकास खण्ड जसरा के जारी बाजार स्थित चंद्रमुखी गेस्ट हाउस के परिसर में बहुजन नायक मान्यवर मसीहा कांशीराम का 92 वा जन्मदिवस और आसपा अपने स्थापत्य का छठा स्थापना दिवस भव्यता के साथ मनाएगी।

प्रयागराज जिले के जिला महामंत्री उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने पूछे जाने पर बताया कि आसपा का मुख्य लक्ष्य सामाजिक न्याय, समानता और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए है। जिसका कार्य सतत आंदोलित रहना है और समतामूलक समाज की स्थापना करना है जहाँ हर वर्ग को बराबरी और सम्मान मिले। बाबासाहेब डा. भीमराव रामजी अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के विचारों पर आधारित बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय की सोच को प्रतिस्थापित करना और सामाजिक न्याय, समानता, और दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों सहित शोषित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहना है। बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने आज बाराबंकी में भीम आर्मी के संस्थापक आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में आयोजित महारैली को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए आसपा की पूरी तीन को बधाई दी है।

# भारत का झंडा बुलंद था, बुलंद हैं और रहेगा: केशव

**अवधनामा संवाददाता**



■ गैस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर अफवाह गांधी और अफवाह यादव सिर्फ दुष्प्रचार कर रहे हैं

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का प्रयागराज आगमन पर भाजपाइयों ने पुलिस लाइन हेलीपैड पर और सर्किट हाउस में स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गैस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर अफवाह गांधी और अफवाह यादव सिर्फ दुष्प्रचार कर रहे हैं। वह अपनी घटिया राजनीति की पराकाष्ठा पर उतारू हैं और जनता के अंदर भ्रम फैला रहे हैं जिससे जनता परेशान हो रही है। जबकि इस वैश्विक सकंट की घड़ी में इन्हें विपक्ष का धर्म निभाना चाहिए था और जनता के साथ और देश के साथ खडा होना चाहिए था। ये लोग उल्टा दुष्प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अफवाह फ़ैलाने वाले इन दोनों नेताओं का हम बाजा बजा देंगे। वास्तव में अब तक प्रति दिन 55 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी और अब 75 लाख सिलेंडरों की प्रतिदिन बुकिंग हो रही है।

आगे कहा कि अमेरिका इजरायल और ईरान के द्वारा खाडी देशों में युद्ध के इस वैश्विक संकट के घडी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में हमारी विदेश नीति इतनी सफल है जिसके कारण ईरान से भारत में क्रूड ऑयल हो या गैस हो जो सफलता पूर्वक आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संकट की घड़ी में भी भारत का झंडा बुलंद हैं और रहेगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करने वालों में महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगा पार जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुना पार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, उत्तर मौर्य क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश कुमार, राजेंद्र मिश्रा, राजेश केसरवानी, कुंज बिहारी मिश्रा, मृत्युंजय तिवारी, वरुण केसरवानी, सुधाकर पांडेय, मनोज कुशवाहा, संजय कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टायर चोर गिरफ्तार, 82 टायर और बोलेरो बरामद

**प्रयागराज।** कौंधियारा और घूरपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 82 छोटे-बड़े टायर और घटना में इस्तेमाल बोलेरो वाहन बरामद किया है। यह घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में दिलीप कुमार केसरवानी की टायर की दुकान पर हुई थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान से लगभग 100 टायर चुरा लिए थे, जिनमें बाइक और ऑटो के टायर शामिल थे। इन टायरों की अनुमानित कीमत करीब पौने दो लाख रुपये बताई गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित दिलीप कुमार ने कौंधियारा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कौंधियारा और घूरपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम सक्रिय हुई। जांच-पड़ताल और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को सड़वा क्षेत्र के पास से आरोपी सर्वेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा निवासी ग्राम छीडी, थाना बारा, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रीतम नगर रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट आज से

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** सदाबहार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में रात्रिकालीन रूलआउट कैशमनी प्रतियोगिता सीजन फोर का आयोजन प्रीतम नगर गोकुल आवास स्थित पीला पार्क आज से शुरू हो रहा है। रात्रिकालीन इस प्रतियोगिता में थर्ड अम्पायर की भी व्यवस्था होगी और स्कोरिंग ऑनलाइन की जाएगी। सभी मैच दूधिया रोशनी में खेले जायेंगे। पिछले तीनों सीजन की तरह 32 टीमों की यह प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर कुल 31 मैच खेले जायेंगे। विजेता टीम को 35000 और उपविजेता टीम को 25000 सहित ट्रॉफी इनाम में दिए जायेंगे। पिछले सीजन में श्रेष्ठ इलेवन ने शाजिद क्रिकेट क्लब पर श्रेष्ठता साबित करते हुए चैम्पियन बनी थी। इच्छुक टीमें आयोजन सचिव अतुल सिंह (9450595483) से सम्पर्क कर सकती हैं।

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में संगीत की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 एवं 17 मार्च को

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, इलाहाबाद की प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने सूचित किया हैं कि बी0ए0 द्वितीय एव तृतीय वर्ष सत्र 2025-26 संगीत वादन (तबला) एवं संगीत गायन विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा (नियमित एवं भूतपूर्व) महाविद्यालय में 16 एवं 17 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को संगीत गायन बी0ए0 द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा सुबह 9.30 बजे एवं बी0ए0 तृतीय वर्ष अपराह्न 12.00 बजे बोर्ड ए और 1.00 बजे से बोर्ड बी की परीक्षाएं होंगी। इसी प्रकार संगीत वादन (तबला) बी0ए0 द्वितीय वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षा 17 मार्च को सुबह 9.30 बजे एवं बी0ए0 तृतीय वर्ष अपराह्न 12.00 बजे बोर्ड ए और 2.00 बजे से बोर्ड बी की परीक्षाएं होंगी। अधिक जानकारी के लिए छात्राएं विभागाध्यक्ष से सम्पर्क करें।

# प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल

## कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां



पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं।

कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे ÷दक्षिण भारत का शिमला÷ भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. कोडाइकनाल झील**

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। झील के किनारे स्थित कैफे और दुकानों से यहां के सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

**2. ब्रायंट पार्क**

ब्रायंट पार्क कोडाइकनाल का एक सुंदर बाग-बगिचा है, जहां फूलों और पौधों की एक अद्भुत विविधता देखने को मिलती है। यह पार्क झील के पास स्थित है और यहां की ताजगी और शांति पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए भी आदर्श है, क्योंकि यहां की हरियाली और रंग-बिरंगे फूल किसी चित्र के जैसे दिखते हैं। पार्क में एक विशेष फूल मेला भी आयोजित होता है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

**3. सुहाना पहाड़ी**

सुहाना पहाड़ी, जिसे कोकर वॉक भी कहा जाता है, कोडाइकनाल की एक प्रसिद्ध सैरगाह है। यह एक संकीर्ण मार्ग है, जो पहाड़ी की चोटी से गुजरता है और यहां से आप कोडाइकनाल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। इस स्थल से आपको पूरे शहर का दृश्य और घाटियों का शानदार नज़ारा मिलता है। यह स्थल ट्रैकिंग और सैर के शौकिनों के लिए आदर्श है। विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है।

**4. पिलर रॉक**

पिलर रॉक, कोडाइकनाल का एक प्रसिद्ध स्थल है, जो विशाल और ऊंची चट्टानों का समूह है। ये चट्टानें लगभग 400 फीट ऊंची हैं और इनका दृश्य बहुत ही अद्भुत और आकर्षक होता है। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं। यह स्थल कोडाइकनाल के आकर्षणों में से एक है और यहां का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

**5. साइलेंट वैली व्यू**

साइलेंट वैली व्यू कोडाइकनाल का एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल है, जहां से आप पूरी घाटी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यह स्थान पूरी तरह से प्रकृति के बीच स्थित है, जहां आपको शांति और एकांत का अनुभव होता है। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो प्रकृति से जुड़ी शांति की तलाश में होते हैं।

**6. गोल्डन वैली और वाटरफॉल**

कोडाइकनाल के पास स्थित गोल्डन वैली और जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां की घाटियां और गिरते हुए पानी के झरने बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। झरने के पास ठंडी हवा और शांत वातावरण में समय बिताना एक बेहतरीन अनुभव होता है।

**7. वैली व्यू**

वैली व्यू, कोडाइकनाल के प्रमुख दृश्य स्थलों में से एक है। यहां से आपको कोडाइकनाल की घाटियों और पहाड़ियों का खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। यह स्थल विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय शानदार होता है। यहां से पहाड़ों के बीच फैली हरी-भरी घाटियों का दृश्य बहुत ही अद्वितीय होता है।

**8. शिवाजी पार्क**

शिवाजी पार्क कोडाइकनाल का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जो झील के पास स्थित है। यह एक खूबसूरत पार्क है, जहां आप बच्चों के साथ आराम से समय बिता सकते हैं। यहां खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

**9. कुन्नू वॉटरफॉल**



कुन्नू जलप्रपात कोडाइकनाल के पास स्थित एक और आकर्षक स्थल है। यहां पानी के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यह झरना मुख्य रूप से ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है।

# रोमांटिक जगह: पार्टनर के साथ इन हसीन जगहों पर बिताएं रोमांटिक पल, जिंदगी में भर जाएगा रोमांस

अगर आप भी किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने लगती है। अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए कई लोग पहाड़ों पर घूमने के लिए जाते हैं। इस महीने में कपल्स गर्मी से दूर हसीन, खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहों की तलाश करते हैं। जहां पर वह रोमांटिक और सुकून के पल बिता सकें। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल के महीने में किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**सोनमर्ग**

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग का ही रुख कर सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर की हसीन वादियों में मौजूद है। इसको जम्मू-कश्मीर का एक रोमांटिक और खूबसूरत हिल स्टेशन माना जाता है।

अप्रैल में सोनमर्ग का तापमान 2एष्ट से लेकर 15एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप कृष्णासर झील, विशनसर झील, थजवास ग्लेशियर और बालटाल घाटी जैसी रोमांटिक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में ऐसी कई शानदार और हसीन जगहें मौजूद हैं, जहां पर आप अप्रैल के महीने में अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए



जा सकते हैं। हिमाचल में स्पीति वैली एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है।

अप्रैल की गर्मी में यहां पर कई कपल्स घूमने के लिए आते हैं। अप्रैल में स्पीति वैली का तापमान 7एष्ट से लेकर 20एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप पिन वैली नेशनल पार्क और चंद्रताल को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**गंगटोक**

अप्रैल के महीने में पूर्व भारत में गंगटोक जा सकते हैं। कपल्स के लिए यह एक हसीन और रोमांटिक जगह है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक पूर्व भारत का एक टॉप क्लास डेस्टिनेशन है।

गंगटोक में बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झीर-झरने और घने जंगल यहां की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यह पूर्व भारत का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। गंगटोक में आप एनचे मठ, त्सोमो झील, ताशी व्यू प्वांइट और हिमालयन जूलॉजिकल पार्क जैसी हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**चोपता**

समुद्र तल से करीब 8 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर मौजूद चोपता एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। हिमालय की गोद में बसे चोपता हिल स्टेशन पर हर कपल्स जाना चाहता है। चोपता एक रोमांटिक डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है।

अप्रैल में यहां का तापमान 2एष्ट और अधिकतम 15एष्ट रहता है। इसलिए यहां पर कई कपल्स हनीमून मनाने के लिए पहुंचते हैं और साथ में टाइम स्पेंड करते हैं। चोपता में आप देवरिया ताल, तुंगनाथ मंदिर और चंद्रशिला ट्रेक आदि जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कुर्ग**

अगर आप अप्रैल महीने में दक्षिण भारत की किसी शानदार और हसीन जगह जाना चाहते हैं। तो आपको कुर्ग पहुंचना चाहिए। यह कर्नाटक का एक खूबसूरत और रोमांटिक हिल स्टेशन है।

कुर्ग की हसीन वादियों में स्टे के लिए आपको कई रिसॉर्ट और विला मिल जाएंगे। जहां पर आप रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यहां पर आप राजा की सीट, एबी फॉल्स, दुबारे हाथी शिवर और नामद्रोलिंग मठ आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## स्काइडाइविंग का मजा लेने के लिए दक्षिण भारत की इन जगहों पर पहुंचे, जिंदगी भर याद रहेगा ये एडवेंचर



लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

पहाड़ों पर घूमने का शौक तो लगभग हर किसी को होता है। लेकिन जब हम पहाड़ों पर घूमने जाते हैं, तो एडवेंचर एक्टिविटी करना पसंद करते हैं। कई लोग रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, कैम्पिंग और स्कूबा डाइविंग करना पसंद करते हैं। इस दौरान लोग स्काइडाइविंग का लुत्फ उठाना भूल जाते हैं। यह एक ऐसी एडवेंचर एक्टिविटी है, जिसको कई लोग करना पसंद करते हैं। हालांकि कुछ लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मैसूर स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत में किसी शानदार और चर्चित जगह स्काइडाइविंग एक्टिविटी करने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले मैसूर का ही नाम लेते हैं। मैसूर कर्नाटक की एक खूबसूरत जगह होने के साथ-साथ एडवेंचरस जगह भी है।

मैसूर में स्काइडाइविंग के लिए पहले ट्रेनिंग दी जाती है और ट्रेकिंग के बाद करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई से जम्प किया जाता है। स्काइडाइविंग के दौरान, मैसूर शहर के आसपास के इलाकों की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। यहां आकाश में उड़ते समय रोमांचक पल कोई नहीं भूल पाता है।

समय- 30-40 मिनट की स्काइडाइविंग।

चार्ज- करीब 25 हजार रुपये से शुरुआत।

**पुडुचेरी स्काइडाइविंग**

पुडुचेरी देश की एक ऐसी जगह है, जहां पर हर दिन हजारों के अधिक की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुडुचेरी देश के टॉप डेस्टिनेशन में से एक है। यहां पर विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पुडुचेरी अपनी खूबसूत समुद्री लहरों के साथ स्काइडाइविंग के लिए भी फेमस है। यहां स्काइडाइविंग के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं और समुद्र के ऊपर से उड़ान भरते हैं। यहां पर 10 हजार फीट की ऊंचाई से जंप करते समय आपको कई शानदार दृश्य देखने को मिलेंगे।

समय-15-20 मिनट की स्काइडाइविंग

चर्च-करीब 18 हजार रुपये से शुरुआत

**हैदराबाद स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद सिर्फ बिरयानी के लिए नहीं बल्कि कई चीजों के लिए फेमस है। हैदराबाद स्काइडाइविंग के लिए पूरे भारत में फेमस माना जाता है।

यहां पर आप नागार्जुन सागर एयरपोर्ट पर स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं। टेंडम जंपिंग के लिए यह बेहतरीन जगहों में से एक है। हैदराबाद में करीब 10-12 हजार फीट की ऊंचाई से स्काइडाइविंग के लिए जंप किया जाता है। वहीं स्काइडाइविंग के लिए सागर एयरपोर्ट के पास ट्रेनिंग भी दी जाती है।

जगह- हैदराबाद से करीब 40 किमी दूर पोचमपल्ली

चार्ज- टेंडम जंप के लिए करीब 20 हजार रुपये से शुरुआत।

## फैमिली के साथ इन शानदार जगहों को बनाएं डेस्टिनेशन पॉइंट, हर पल रहेगा यादगार

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

हर कोई परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता है। इसलिए जब भी लोगों को समय मिलता है, तो वह अपने परिवार के साथ पसंदीदा जगहों पर पहुंच जाते हैं। अप्रैल के महीने में कई लोग अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने के लिए निकलते हैं। अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। गर्मी के कारण लोग फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर मौज-मस्ती का प्लान बनाते हैं। लेकिन लोग सही जगह का चुनाव नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

अगर आप अप्रैल के महीने में



हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में फैमिली संग घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो मैक्लॉडगंज आपके लिए परफेक्ट जगह है। यह हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन है। जोकि धर्मशाला से करीब 5 किमी दूर है।

अप्रैल में मैक्लॉडगंज का मौसम सुहावना रहता है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ यहां पर यादगार पल बिता सकते हैं। आप मैक्लॉडगंज में फैमिली के साथ सेंट जॉन चर्च, नड्डी व्यू पॉइंट, भागसूनाग वाटरफॉल और डल झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**बेताब वैली**

जब भी जम्मू-कश्मीर में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले गुलमर्ग, श्रीनगर या फिर सोनमर्ग का नाम लेते हैं। लेकिन आप इन सभी से हसीन बेताब वैली को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह वैली जम्मू-कश्मीर का वह छिपा हुआ खजाना है, जिसकी खूबसूरती देखकर आप खुशी से झूम उठेंगे।

बेताब वैली में घास के मैदान, शांत और शुद्ध वातावरण और झील झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। वहीं बॉलीवुड की कई फिल्मों की यहां पर शूटिंग हो चुकी है। अप्रैल के महीने में यहां का तापमान एकदम सुहावना रहता है।

**मुनस्यारी**

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी सबसे खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन माना जाता है। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा के पास स्थित है। उत्तराखंड में स्थित मुनस्यारी को छोटा कश्मीर भी कहा जाता है। अप्रैल के महीने में मुनस्यारी में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। इस महीने यहां का तापमान 5एष्ट से 16एष्ट के बीच रहता है। ऐसे में आप इस दौरान यहां पर फैमिली के साथ घूमने के लिए आ सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं। मुनस्यारी में आप थमरी कुंड, बेतुली धार, खलिया टॉप और नंदा देवी मंदिर जैसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

**रोहड़ू**

समुद्र तल से करीब 5 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद रोहड़ू एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

## भारतीय कपल्स बिना वीजा के इन देशों की कर सकते हैं यात्रा, दुनिया देखने का सपना हुआ आसान

अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक गेटअवे या हनीमून पर देश के बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं। लेकिन वीजा की दिक्कतों और कागजी कामों के चलते प्लान कैंसिल करने की सोच रहे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आपके पास सिर्फ पासपोर्ट है तो आप बिना वीजा के कई देशों में घूम सकते हैं। यह ऐसे देश हैं, जहां पर भारतीय नागरिक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। या फिर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह देश न सिर्फ खूबसूरत है, बल्कि कपल्स यहां पर खास एक्सपीरियंस कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।

अगर आपके पास भारतीय पासपोर्ट है, तो आप 57 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।



दरअसल, हेनली पासपोर्ट पावर इंडेक्स के मुताबिक भारतीय पासपोर्ट 122वें स्थान पर है। जिसके जरिए भारतीय नागरिक 57 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं वह 57 देश कौन से हैं, जहां पर आप वीजा के बिना यात्रा कर सकते हैं।

बारबाडोस, भूटान, बोलीविया, ब्रिटिश वर्जिन आइसलैण्ड्स, बुरुन्दी, कंबोडिया, गिनी-बिसाऊ, आइलैंड्स, जिबूटी, जमैका, जॉर्डन, कजाखस्तान, केन्या, कोमोरो द्वीप, कुक, इथियोपिया, फिजी, ग्रेनेडा, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, तंजानिया, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, त्रिनिदाद और टोबैगो, हैती, इंडोनेशिया, ईरान, किरिबाती, लाओस, मकाओ (एसएआर चीन), म्यांमार, नेपाल, नियू, पलाऊ द्वीप समूह, कतर, डोमिनिका, मार्शल द्वीपसमूह, मॉरिटानिया, मॉरीशस, समोआ, सेनेगल, सेशल्स, सेरा लिओन, सोमालिया, माइक्रोनेशिया, मोंटेसेराट, मोजाम्बिक, रवांडा, केप वर्डे द्वीप समूह, श्रीलंका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, तुवालू, वानुअतु, जिम्बाब्वे।

**किन देशों में कितने दिन का फ्री है वीजा**

**मालदीव**

मालदीव में बिना वीजा के 30 दिन रह सकते हैं। यहां पर सफेद रेत, क्रिस्टल क्लियर पानी और शानदार रिजॉर्ट्स हैं। यह भारतीय कपल्स के घूमने के लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन है।

**भूटान**

भूटान में बिना वीजा के 14 दिनों तक स्टे की अनुमति है। भूटान की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृति भारतीयों के लिए आकर्षक बनाती है। भूटान का %हैप्पिनेस इंडेक्स भी बहुत फेमस है।

**नेपाल**

नेपाल में बिना वीजा के भारतीय 90 दिनों तक घूम सकते हैं। हिमालय की गोद में बसा यह देश भारतीय कपल्स के लिए बेहतरीन जगह है। नेपाल में आप ट्रैकिंग और पर्वतीय पर्यटन का अनुभव ले सकते हैं।

**दुबई**

दुबई में घूमने के लिए आप 14 दिन के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा ले सकते हैं। दुबई एक ग्लैमरस शहर है। यहां पर शानदार आर्किटेक्चर, शॉपिंग मॉल्स और बीबैक बीचेस हैं।

## केरल के मुनरो आइलैंड की खूबसूरती देखकर झूम उठेंगे आप

### प्रकृति प्रेमियों के लिए है जन्नत



जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

दक्षिण भारत में जब किसी खूबसूरत राज्य में घूमने की बात होती है, तो बहुत सारे लोग केरल का नाम सबसे पहले लेते हैं। केरल दक्षिण भारत का पर्यटन हब माना जाता है। केरल की खूबसूरती हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां पर स्थित लैगून और बैकवॉटर देखने के लिए लोग केरल पहुंचते हैं। जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुनरो द्वीप की खूबसूरती, खासियत और यहां पर मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

केरल के कोल्लम जिले में स्थित मुनरो द्वीप एक अद्भुत और अनोखी जगह है। यह कोल्लम शहर के कुछ किमी की दूरी है। इस द्वीप को कई लोग मुंद्रोथुरुथु के नाम से भी जानते हैं।

केरल में अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर यह द्वीप स्थित है। मुनरो द्वीप राजधानी तिरुवनंतपुरम से करीब 90 किमी की दूरी पर है। यह द्वीप एलेप्पी से करीब 87 किमी दूर और कोट्टयम से महज 84 किमी दूर है।

### मुनरो द्वीप का इतिहास

मुनरो द्वीप का इतिहास काफी रोचक है। इस आइलैंड के बारे में बताया जाता है कि इसका नाम पूर्व ब्रिटिश निवासी कर्नल मुनरो के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब कर्नल मुनरो ने देखा कि सिंचाई के लिए आसपास के इलाकों में बहुत समस्या हो रही है, तब इस द्वीप का निर्माण करवाया गया था।

### मुनरो द्वीप की खासियत

केरल के साथ-साथ दक्षिण भारत का भी यह एक ऐसा आइलैंड है, जो नदी और झील के किनारे स्थित है। मुनरो द्वीप अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर स्थित है। जोकि अपने आप में अनोखा है।

इस द्वीप के बारे में कहा जाता है कि यह केरल का छिपा हुआ मोती है, जो करीब 8 द्वीपों से बना हुआ है। यहां पर स्थित बैकवाटर और लैगून पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

### सैलानियों के लिए है खास

मुनरो द्वीप अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है और यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। खासकर जो सैलानी बैकवाटर और लैगून से प्रेम करते हैं, उनके लिए मुनरो द्वीप किसी स्वर्ग से कम नहीं है। वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह खास जगह है।

मुनरो द्वीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस द्वीप की खूबसूरती चरम पर होती है।

### आसपास घूमने की जगहें

मुनरो द्वीप के आसपास कई शानदार और मनमोहक जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर अष्टमुडी झील, वेस्ट एंड ईस्ट कल्लाडा और थेवलक्करा गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### कैसे पहुंचे मुनरो द्वीप

बता दें कि मुनरो द्वीप पहुंचना आसान है। इसके पास में कोल्लम रेलवे स्टेशन है, जोकि यहां से 27 किमी दूर है। वहीं अगर आप हवाई मार्ग से जाना चाहते हैं, तो यहां पर सबसे पास त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट जोकि 80 किमी दूर है। ऐसे में आप एयरपोर्ट से कैब या टैक्सी करके मुनरो द्वीप जा सकते हैं।

# अलोकतांत्रिक प्रक्रिया की लोकतंत्र में कोई जगह नहीं: थरूर

**प्रथा**

**अनिश्चितकालीन हिरासत औपनिवेशिक काल से चली आ रही एक अलोकतांत्रिक प्रथा है। एक परिपक्व लोकतंत्र में इसकी कोई जगह नहीं।**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की एनएसए कानून के तहत हिरासत रद्द करने का फैसला किया है। इस पर विभिन्न राजनीतिक लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एनएसए कानून के प्रावधानों की आलोचना की और इसे औपनिवेशिक काल की अलोकतांत्रिक प्रक्रिया बताया। केंद्र सरकार द्वारा सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के फैसले पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है और सुप्रीम कोर्ट से बिना मुकदमे के हिरासत की अधिकतम अवधि को लेकर मानदंड तय करने की अपील की है। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सोनम वांगचुक ने बिना मुकदमे के अनिश्चितकालीन हिरासत अवधि की आलोचना की और इसे औपनिवेशिक युग की अलोकतांत्रिक प्रथा बताया। शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, मुझे खुशी है कि केंद्र सरकार ने सोनम वांगचुक की हिरासत रद्द कर दी है, लेकिन 169 दिन का समय बहुत लंबा लगता है। सर्वोच्च न्यायालय को बिना मुकदमे के अधिकतम हिरासत की अवधि के लिए सख्त मानदंड बनाने की जरूरत है। अनिश्चितकालीन हिरासत औपनिवेशिक काल से चली आ रही एक अलोकतांत्रिक प्रथा है। एक परिपक्व लोकतंत्र में इसकी कोई जगह नहीं। गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक और सार्थक बातचीत की जा सके। इसी उद्देश्य से वांगचुक की हिरासत रद्द करने का फैसला किया है।

# किसानों के मुद्दे पर लड़ती रहेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार हमलावर हैं। उन्होंने एक बार फिर फेसबुक पोस्ट लिखकर किसानों से जुड़ा मुद्दा उठाया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य से जुड़ा सवाल पूछा, लेकिन सरकार ने जवाब देने से बचने का रास्ता चुना और संसद के पटल पर पुरानी नीतियों को दोहराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हक में संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाते रहेगी।

राहुल ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा: 2021 में किसानों से किया गया C2 + 50% कानूनी MSP का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी MSP नीति दोहरा दी। राहुल जिस सी2 प्लस 50 फीसदी फॉर्मूले का जिक्र कर रहे हैं, इसे आम तौर पर स्वामीनाथन समिति के सुझावों की तरह भी देखा जाता है। इसके तहत सरकार को ये सुझाव दिया गया है कि खेती की कुल लागत (सी2) में 50 फीसदी मुनाफे को जोड़ने के बाद ही फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का निर्धारण किया जाना चाहिए। अपने पोस्ट के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार से संसद में मिले जवाब की प्रति भी साझा की है। विपक्ष के नेता ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए अपने फेसबुक पोस्ट में आगे लिखा, सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया। उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर भी टिप्पणी की।

राहुल ने लिखा, एक और गंभीर सवाल- अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से जुड़ा है। उन्होंने ट्रेड डील के हिस्से में गैर-व्यापारिक अवरोध को घटाए जाने की बात पर हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? बकौल राहुल गांधी, सरकार इस सवाल से भी बच रही है।

# कर्नाटक भाजपा की कोर कमेटी की बैठक



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में भाजपा ने शनिवार को कोर कमेटी के बैठक की। इस बैठक में ने बागलकोट और दावनगेरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में आगामी उपचुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की गई।

भाजपा कर्नाटक के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी की कोर कमेटी ने अपनी राज्य कोर कमेटी की बैठक में बागलकोट और दावनगेरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में आगामी उपचुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की। विजयेंद्र के अनुसार, बैठक में पार्टी के कर्नाटक प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य विधानसभा और विधान परिषद में विपक्ष के नेता और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए विजयेंद्र ने कहा, कोर कमेटी की बैठक में बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में आगामी उपचुनावों के लिए उम्मीदवारों के संबंध में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी टिकट चाहने वाले विभिन्न नेताओं की आकांक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और बैठक में जिन नामों पर विचार किया गया। उन्हें अंतिम निर्णय के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व को भेजा जाएगा। शिकारिपुरा के विधायक ने कहा कि पार्टी ने आगामी चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का संकल्प भी लिया है। उन्होंने कहा, ÷विधान परिषद के हमारे उम्मीदवारों और बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण विधानसभा उपचुनावों में पार्टी के नामांकित व्यक्तियों की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, यह निर्णय लिया गया है कि हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और अपना पूरा प्रयास करना चाहिए। विजयेंद्र ने कहा कि दावणगेरे दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ जोशी और सांसद गोविंद कारजोल सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ एक और बैठक आयोजित की गई, जहां नेताओं से मतभेदों को दूर रखने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा, हमने सभी से अतीत के मतभेदों को भुलाने, सभी मुद्दों को एक तरफ रखने और चुनाव जीतने के लिए एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया। टिकट आवंटन को लेकर कुछ नेताओं में असंतोष की खबरों पर विजयेंद्र ने कहा कि पार्टी ने चिंताओं को दूर करने के लिए पहले ही आंतरिक चर्चाएं की हैं। उन्होंने कहा, ÷हमने चार दीवारों के भीतर इस बारे में बात की है। हमने सभी को एक साथ बुलाया और इस पर चर्चा की। हमने यह संदेश दिया है कि सभी को अतीत को भूलकर पार्टी के हित में मिलकर काम करना चाहिए।÷दावनगेरे में पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान सामने आई समस्याओं का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी स्थिति दोबारा नहीं होगी।

# मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए था: ट्रंप समर्थक लॉरा लूमर ने मांगी माफी



**नई दिल्ली।** अमेरिका की राजनीतिक कार्यकर्ता और कट्टर ट्रंप समर्थक लॉरा लूमर ने पूर्व में भारत और भारतीयों के लिए की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। लॉरा ने कहा कि उनके दिल में भारत के लिए नफरत नहीं है और उन्होंने जो भी कहा, वह अपने देश और देशवासियों के प्रति प्यार के चलते कहा। अमेरिका की राजनीतिक कार्यकर्ता और राष्ट्रपति ट्रंप की कट्टर समर्थक लॉरा लूमर ने अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया पर कई भारत विरोधी बातें लिखीं थी, जिनमें से कुछ नस्लभेदी और बेहद आपत्तिजनक थीं। अब लॉरा लूमर ने अपने उन बयानों के लिए माफी मांगी है।

लॉरा लूमर ने अपने कई सोशल मीडिया पोस्ट में भारत और भारतीयों के खिलाफ टिप्पणी की। साथ ही अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के खिलाफ भी बातें लिखीं। जब लॉरा लूमर ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भारत आने की घोषणा की तो कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर नाराजगी जाहिर की और लॉरा लूमर की पिछली पोस्ट्स को लेकर कड़ी आपत्ति जताई।

इंडिया टुडे के कार्यक्रम में जब लॉरा लूमर से उनकी टिप्पणियों को लेकर सवाल किया गया और उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें अपनी टिप्पणियों पर पछतावा है तो इसके जवाब में लूमर ने कहा कि उनकी कई टिप्पणियां गलत थीं और उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। हालांकि एच1बी वीजा को लेकर की गई टिप्पणी के लिए लॉरा लूमर ने माफी मांगने से इनकार कर दिया।

लॉरा ने कहा, मैं एच1बी वीजा के विरोध के लिए माफी नहीं मांगूंगी क्योंकि अमेरिका के हितों के लिए खड़े होना मेरा काम है। हमारे अप्रवासन और श्रम कानूनों का गलत फायदा उठाया गया। मैं अमेरिकी कामगारों के हितों के लिए संघर्ष करती रहूंगी।

लॉरा ने कहा कि मेरे दिल में भारत या हिंदुओं के प्रति कोई नफरत नहीं है। मैं खुद हिंदुओं के अधिकारों की समर्थक हूं और हिंदुओं के खिलाफ हुए अत्याचारों के लिए अपनी आवाज उठाती रही हूं। मैंने ये टिप्पणियां मेरे देश के लोगों और अपने देश से प्यार के चलते कीं।

# कोलकाता में पीएम की जनसभा, करीब 18680 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के सिलचर में हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद राज्य की जनता को संबोधित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री बंगाल रवाना हुए। पीएम मोदी का असम और बंगाल दौरा इसलिए भी खास है, क्योंकि इस राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रधानमंत्री ने कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित किया और करीब 18680 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्या किया। इससे पहले कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस (ञ्ञ्ख्) और विपक्षी दल- भाजपा के कार्यकर्ताओं की झड़प की खबर भी सामने आई। अमर उजाला के इस लाइव ब्लॉग में पढ़ें दोनों राज्यों में पीएम मोदी के कार्यक्रमों से जुड़े तमाम अपडेट्स

कोलकाता में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, बंगाल ने हमेशा ने भारत को दिशा दिखाई है। बंगाल एक बार फिर विकसित बंगाल बनकर उस गौरव को हासिल करेगा। मुझे विश्वास है कि मजबूत संपर्क और आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित बंगाल की बुनियाद बनेंगे।

प्रधाननमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, बंदरगाह और जल परिवहन की भूमिका अहम और निर्णायक है। दशकों तक पूर्वी भारत की इस क्षमता की उपेक्षा की गई। हालांकि, आज जलमार्ग व्यापार और औद्योगिक प्रगति के नए रास्ते खोल रहे हैं। कोलकाता और हल्दिया जैसे बंदरगाह लंबे समय से पूर्वी भारत में व्यापार के प्रमुख केंद्र रहे हैं। वर्तमान में हल्दिया डॉक कॉम्पलेक्स का मशीनीकरण चल रहा है। इस पहल से माल ढुलाई में तेजी आएगी।

पीएम मोदी ने करीब 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया प्रधाननमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री करीब 18,680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत को नई गति प्रदान करेंगी। इनसे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। लाखों लोगों की जीवन आसान होगा और उनके लिए नए अवसर खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, खड़गपुर-मोरग्राम एक्सप्रेसवे पूरा होने से पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। देश के रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण के लिए एक तेज अभियान अभी चल रहा है। हमारा दृढ़ संकल्प है कि पश्चिम बंगाल इस प्रयास में पीछे न रहे। केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के रेलवे बुनियादी ढांचे के तेजी से विस्तार के लिए ठोस प्रयास कर रही है।

## बीजेपी हमारी वैचारिक दुश्मन, गठबंधन की अटकलों के बीच विजय की पार्टी TVK का बड़ा बयान

**चेन्नई।** अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने साफ किया है कि वह एनडीए के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी ने बीजेपी को अपना वैचारिक दुश्मन बताते हुए गठबंधन की खबरों को महज अफवाह करार दिया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने शनिवार को अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है। टीवीके ने कहा है कि उनका बीजेपी या एनडीए के साथ जाने का कोई इरादा नहीं है। पार्टी नेतृत्व ने इन खबरों को केवल मीडिया की अटकलें बताया है। टीवीके के संयुक्त महासचिव सी टी आर निर्मल कुमार ने एनडीए के साथ गठबंधन की खबरों को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

# अमेरिका में SIR जैसा कानून: वोट करने के लिए देना होगा नागरिकता का सबूत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इन दिनों सेव एक्ट की खूब चर्चा है और इसे लेकर घरेलू मोर्चे पर ट्रंप प्रशासन घिरा हुआ है। अमेरिका के इस सेव एक्ट की तुलना भारत में एसआईआर प्रक्रिया से हो रही है। तो आइए जानते हैं कि इसे लेकर क्या विवाद है और क्यों ट्रंप प्रशासन इसे पारित कराने पर तुला हुआ है। अमेरिका की ट्रंप सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रंप प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह है SAVE कानून (सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट)। इस कानून के तहत अमेरिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा। प्रस्तावित कानून में मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता के प्रमाण के रूप में अपडेट ड्राइवर लाइसेंस, एक वैध अमेरिकी पासपोर्ट, या जन्म प्रमाण के साथ कोई अन्य वैध सरकारी फोटो आईडी या नागरिकता का प्रमाण दिखाना अनिवार्य होगा। अभी ईमेल के जरिए भी मतदाता पंजीकरण हो सकता है, लेकिन नए कानून के तहत लोगों को व्यक्तिगत तौर पर चुनाव अधिकारी कार्यालय जाकर पंजीकरण कराना होगा और अपने वैध दस्तावेज पेश करने होंगे। साथ ही अमेरिका के हर राज्यों को अपने मतदाताओं की सूची अमेरिकी सुरक्षा विभाग के पास जमा करनी होगी।

## वॉशिंगटन के चार बड़े एयरपोर्ट पर एक घंटे से ज्यादा समय तक बाधित रही हवाई सेवा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में शुक्रवार शाम वॉशिंगटन डीसी क्षेत्र के चार बड़े एयरपोर्ट पर अचानक उड़ानें रोकनी पड़ीं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर में तेज केमिकल जैसी गंध फैलने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों को परेशानी होने लगी। सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों ने कई फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से रोक दिया, जिससे करीब एक घंटे तक हवाई सेवा प्रभावित रही। अमेरिका में शुक्रवार शाम एक अजीब घटना के कारण वॉशिंगटन डीसी और आसपास के चार बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानें कुछ समय के लिए रोक दी गईं। बताया गया कि एअर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर में केमिकल की तेज गंध फैलने लगी थी, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों को परेशानी हो रही थी। इस वजह से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक कई उड़ानों को रोका गया और कई फ्लाइट्स को और ज्यादा देरी का सामना करना पड़ा।

# नीदरलैंड के यहूदी स्कूल में धमाका, मेयर ने बताया सोची-समझी साजिश




**नीदरलैंड।** नीदरलैंड में यहूदी संस्थानों पर हमलों की दो घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। एम्स्टर्डम में यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ, जबकि एक दिन पहले रॉटरडैम के सिनेगॉग (यहूदियों का प्रार्थनास्थल) में भी धमाका और आगजनी की घटना हुई थी। मिनाब स्कूल धमाका÷ जांच में टॉमहॉक मिसाइल के इस्तेमाल का संकेत, ट्रंप और ईरान ने जड़े एक दूसरे पर आरोप जालंधर में स्कूलों को उड़ाने की धमकी÷ पुलिस डीएवी और एपीजे स्कूल को आई ईमेल, पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में शनिवार तड़के यहूदी समुदाय से जुड़े एक स्कूल में विस्फोट हुआ, जिससे इमारत को नुकसान पहुंचा। स्काई न्यूज ने डच मीडिया के हवाले से बताया कि एम्स्टर्डम की मेयर फेम्के हालसेमा ने इस घटना को यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हमला बताया है। उन्होंने कहा कि एम्स्टर्डम में यहूदी लोग लगातार बढ़ती यहूदी-विरोधी घटनाओं का सामना कर रहे हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। पुलिस और दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को जल्द काबू में कर लिया। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका और इस्राइल एक ओर, जबकि ईरान और हिजबुल्ला दूसरी ओर आमने-सामने हैं, और क्षेत्र में लगातार बमबारी व सैन्य कार्रवाई जारी है।

एम्स्टर्डम की यह घटना रॉटरडैम में एक दिन पहले हुए विस्फोट के बाद सामने आई है। शुक्रवार तड़के डच बंदरगाह शहर रॉटरडैम में एक सिनेगॉग के प्रवेश द्वार पर विस्फोट हुआ, जिससे वहां मामूली आग लग गई। पुलिस ने इस मामले को आगजनी मानते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ और आग पर जल्द काबू पा लिया गया।

बाद में पुलिस ने रॉटरडैम में एक अन्य सिनेगॉग के पास एक कार में सवार चार किशोरों को हिरासत में लिया।

वहीं, नीदरलैंड के एक यहूदी संगठन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि एक इस्लामवादी समूह ने रॉटरडैम विस्फोट का वीडियो ऑनलाइन पोस्ट कर हमले की जिम्मेदारी ली है।

संगठन का कहना है कि इसी समूह ने सप्ताह की शुरुआत में बेल्जियम के लीज शहर में एक सिनेगॉग पर हुए हमले की जिम्मेदारी भी ली थी।

## ईरान में मोजतबा पर अटकलें: अचानक लारीजानी चर्चा में क्यों

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की सेहत पर अटकलें लग रही हैं, वहीं अली लारीजानी नेतृत्व में अहम चेहरा बनकर उभर रहे हैं। तेहरान में कुद्स दिवस रैली के दौरान धमाके के बीच लारीजानी ने अमेरिका और इस्राइल पर कड़ा रुख अपनाया और ईरानी जनता को मजबूत बने रहने का संदेश दिया।अमेरिका और इस्राइल से जंग का सामना कर रहे ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की सेहत को लेकर तमाम तरह की अटकलें लग रही हैं। इसी बीच, अली लारीजानी ईरानी नेतृत्व का अहम चेहरा बनकर उभरे हैं। लारीजानी अभी देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव हैं। दरअसल, शुक्रवार को राजधानी तेहरान में धमाका हुआ। यह धमाका तेहरान विश्वविद्यालय के पास फिरदौस चौक पर हुआ।

# होर्मुज क्षेत्र में तनाव: 12 दिन बाद भी स्वदेश नहीं पहुंचे भारतीय कप्तान



**अबू धाबी।** पश्चिम एशिया में 15 दिन से जारी संघर्ष के बीच भारतीय जहाज होर्मुज स्ट्रेट में फंसा है। 34 सदस्यीय क्रू के साथ जहाज में 36 लाख LPG सिलेंडर हैं। जहाज के कप्तान वीरेंद्र विश्वकर्मा ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के बीच भावुक संदेश भेजकर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 15वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात की शुरुआत के साथ ही ईरान ने बड़ा कदम उठाते हुए होर्मुज स्ट्रेट के पास कड़े प्रतिबंध लगाए थे, जिसका शिकार भारतीय जहाज भी हुआ था। इस जहाज में 34 सदस्यीय चालक दल है और यह 36 लाख घरेलू गैस सिलेंडर (एलपीजी) लेकर आ रहा था। इस जहाज के कप्तान वीरेंद्र विश्वकर्मा और उनके क्रू मेंबर मदद के लिए लगातार भारत सरकार से गुहार लगा रहे हैं। बता दें कि यह जहाज कुवैत के मीना अल अहमदी बंदरगाह से गुजरात के दीनदयाल कांडला बंदरगाह के लिए रवाना हुआ था। लेकिन 28 फरवरी से इस समुद्री मार्ग पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण जहाज आगे नहीं बढ़ सका। फिलहाल यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पास मीना साकर बंदरगाह क्षेत्र में लंगर डाले खड़ा है और आगे बढ़ने की बारी का इंतजार कर रहा है।

जहाज के कप्तान वीरेंद्र विश्वकर्मा की पत्नी निल्पा विश्वकर्मा ने बताया कि उनके पति का जहाज 2 मार्च से वहीं रुका हुआ है और अभी तक यह साफ नहीं है कि समुद्री रास्ता कब खुलेगा। निल्पा विश्वकर्मा ने कहा कि जहाज में उनके पति के साथ कुल 33 अन्य क्रू मेंबर भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि उनके पति कतर में जहाज में एलपीजी लोड करके भारत के लिए रवाना हुए थे। निल्पा विश्वकर्मा यह भी बताया कि जहाज की कंपनी की तरफ से क्रू को जरूरी सहयोग दिया जा रहा है, लेकिन लंबे समय से समुद्र में फंसे होने की वजह से परिवारों की चिंता बढ़ गई है। नील्पा विश्वकर्मा ने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा कि सभी क्रू मेंबर को जल्द से जल्द सुरक्षित वापस लाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी बस यही मांग है कि सरकार सभी को सुरक्षित घर वापस लाने में मदद करे।

जहाज से भेजे गए संदेश में कप्तान वीरेंद्र ने बताया कि मिसाइलें और ड्रोन सीधे हमारे ऊपर से गुजर रहे हैं। हर जगह सायरन बज रहे हैं और हर पल ऐसा लगता है जैसे कुछ भयानक हो सकता है। हम बस भारतीय नौसेना का सुरक्षा दल का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सुरक्षित अपने वतन लौट सकें।

मुंबई के दहिसर में विश्वकर्मा का परिवार डर और चिंता में जी रहा है। उनकी पत्नी निल्पा विश्वकर्मा ने यह भी बताया कि कई रातों से उन्हें नींद नहीं आ रही। उनका बेटा वेदांश (10 साल) और बेटी निर्वी (12 साल) अपने पिता के लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने की वजह से नियमित संपर्क नहीं हो पा रहा, जिससे चिंता और बढ़ गई है।

गौरतलब है कि जहाज में केवल 60 दिनों का राशन बचा है। शिपिंग कंपनी GESCO और संबंधित मंत्रालय लगातार भारतीय नौसेना के संपर्क में हैं।

# पहले रोका और अब पूरी दुनिया से रूस से तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका पर तंज कसा है और कहा है कि जो अमेरिका पहले, भारत समेत दुनियाभर के देशों को रूस से कच्चा तेल न खरीदने का दबाव बना रहा था, अब वही अमेरिका दुनियाभर के देशों से रूस से कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को रूसी तेल पर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए दावा किया कि वाशिंगटन अब दुनिया भर के देशों से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, अराघची ने कहा, %अमेरिका ने भारत को रूस से तेल आयात बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देश बदले में रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। अराघची ने कहा, यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत ही दयनीय है। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के झंडे वाले दो लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस वाहक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहा एक कच्चा तेल टैंकर शनिवार को भारत पहुंचने की उम्मीद है, जो 1 मार्च के आसपास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा था।

इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा। इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या ईरान भारत जाने वाले जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने की अनुमति देगा? तो फथाली ने कहा, हां। क्योंकि भारत और हम दोस्त हैं। मुझे लगता है कि दो या तीन घंटे बाद ऐसा हो जाएगा। हमारा मानना है कि ईरान और भारत दोस्त हैं। हमारे साझा हित हैं, हमारा साझा भाग्य है। उन्होंने कहा, भारत के लोगों का दुख हमारा दुख है और हमारा दुख भारत के लोगों का दुख है।

# महंगाई और गैस किल्लत पर आप का कलेक्ट्रेट घेराव

- सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 और कमर्शियल सिलेंडर में 120 की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता की कमर टूट चुकी है और छोटे व्यापारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गैस की किल्लत से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारी भी प्रभावित हो रहे हैं।

जिला उपाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा ने कहा कि रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि का सबसे अधिक असर महिलाओं और गृहिणियों पर पड़ रहा है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रसोई चलाना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने सरकार से गैस पर विशेष सब्सिडी देने और गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। पार्टी नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतें तत्काल वापस ली जाएं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए तथा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी दी जाए।

# डीएम व एसपी ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस परीक्षा स्थल का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा टी. डी. कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, पूर्वांचल विश्वविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं आवश्यक व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी ली। परीक्षा हेतु जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा 14 मार्च 2026 एवं 15 मार्च 2026 को प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जनपद में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 19 केंद्र व्यवस्थापक एवं लगभग 700 कक्ष निरीक्षक की तैनाती गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती तथा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए विगत कई दिनों से व्यापक तैयारियां की जा रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप जनपद में परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया जा रहा है।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** पवारा थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुंवरपुर (गंगापुर) निवासी नागेंद्र कुमार गौड़ को बीते 4 मार्च को आपसी विवाद के दौरान गांव के ही सचिन गौड़ पुत्र रामधनी गौड़, आशा पत्नी रामधनी गौड़, गुड़िया पुत्री रामधनी गौड़ तथा इन्दु पत्नी रामचंद्र गौड़ ने कथित रूप से लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बुरी तरह मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए जौनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि नागेंद्र गौड़ के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं तथा सिर का ऑपरेशन भी किया गया था। इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और उनकी शुक्रवार को मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टीकाकरण के लिए चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (गौराबादशाहपुर)।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार पचलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत अब ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड में अधीक्षक डॉ. श्रवण कुमार यादव ने अस्पताल आए लगभग 48 मरीजों और उनके परिजनों को इस टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। वही धर्मापुर पीएचसी पर पीएचसी प्रभारी डॉ इंद्रजीत यादव द्वारा भी 28 मरीजों और उनके साथ आये परिजनों को इस टीके को लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ श्रवण कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र एवं प्रभारी सीएमओ डॉ प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में धर्मापुर ब्लॉक व नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक गांवों के उन बच्चियों को यह टीका लगाया जाएगा जिनकी उम्र 14 से 15 वर्ष के बीच है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस टीके का कोई साइड इफेक्ट नहीं है और इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में होने वाले बच्चेदानी के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की रोकथाम करना है। यह टीका जीवन में सिर्फ एक बार ही लगाया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ श्रवण यादव ने सीएचसी में बैठक कर अधीनस्थ स्टाफ और पीएचसी धर्मापुर के अधीक्षक डॉ इंद्रजीत यादव समेत सभी एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में किसी भी तरह की अफवाह या भ्रम को फैलने से रोकें। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पात्र बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर आईओ विनोद जोशी, एआरओ अभिषेक मौर्य, विनय बहादुर, डॉ इंद्र जीत यादव, अमित साहू, राजेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का लंबित भुगतान शीघ्र कराने की मांग



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) का प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि (पीबीआई), यात्रा भत्ता (टीए) एवं कम्युनिकेशन भत्ता पिछले कई महीनों से लंबित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत देय इन भुगतानों में विभागीय अधिकारियों के स्तर पर हो रही देरी के कारण प्रदेश भर के सीएचओ प्रभावित हो रहे हैं। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, एनसीडी स्क्रीनिंग तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, आयुष्मान कार्ड अभियान में इन्हीं लोगों के सक्रियता के कारण उत्तर प्रदेश नंबर वन पर है, और विभाग के अधिकारी वाहवाही लूट रहे हैं, इसके बावजूद उनका भुगतान लंबित है। इसी संबंध में आज प्रदेश के बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को ई-मेल के माध्यम से अवगत कराते हुए लंबित भुगतान शीघ्र जारी कराने का अनुरोध किया गया है।

# सभी क्षेत्रों की नींव का आधार है गणित: प्रो. प्रमोद

- पीयू में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर 'पाई डे' का उत्सव

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस (पाई डे) उत्साह और अकादमिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गणित के महत्व, उसके वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपयोग तथा दैनिक जीवन में उसकी भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने करते हुए कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों का विषय नहीं, बल्कि तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र तथा डेटा विश्लेषण जैसे लगभग सभी क्षेत्रों की नींव गणित पर आधारित है।

प्रो. यादव ने बताया कि p (पाई) एक महत्वपूर्ण गणितीय स्थिरांक है, जिसका उपयोग वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल की गणना सहित अनेक वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग समस्याओं के समाधान में किया जाता है।

इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मिथिलेश सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में गणित के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि गणित केवल कक्षा तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन के लगभग हर कार्य–जैसे समय की गणना, दूरी का आकलन, वित्तीय लेन-देन और आधुनिक तकनीकी उपकरणों के संचालन–में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कार्यक्रम के दौरान गणित विभाग के डॉ. दीपक कुमार मौर्य, डॉ. आशीष वर्मा और सौरभ सिंह ने भी गणित के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए और विद्यार्थियों को गणितीय अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर संस्थान के प्रो. देवराज सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. आलोक वर्मा और डॉ. संदीप वर्मा सहित अनेक शिक्षकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## चन्द्रा सेवा ट्रस्ट जरूरतमन्दों को प्रतिदिन बाँट रहा निःशुल्क भोजन



**प्रयागराज।** पावन संगम नगरी के शहर में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में चन्द्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा सनातनियों की आस्था का महापर्व माघ मेला के दौरान से गरीब, असहाय लोगों के लिए जिनको एक समय का भी भोजन नसीब नहीं होता है, उनकी व्यथा को देखकर विचलित हुए चन्द्रा सेवा ट्रस्ट के सचिव प्रवीण चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा ट्रस्ट के जिम्मेदार लोगों से विचार विमर्श कर उन्हें कम से कम एक समय का भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में सर्वसम्मति से सराहनीय पहल की गई है। ट्रस्ट के माध्यम से प्रतिदिन गरीब, जरूरतमन्द और असहाय लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। ट्रस्ट के मुख्य सदस्य युवराज इस सेवा कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं और गरीबों में भोजन वितरण की पूरी व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। वहीं ट्रस्ट के सचिव प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमन्द, असहाय लोगों की सहायता करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। उन्होंने कहा कि चन्द्रा सेवा ट्रस्ट भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को और व्यापक स्तर पर चलाने की योजना बना रहा है।

# परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का डीएम व एसएसपी ने लिया जायजा

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, निर्विघ्न व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के साथ परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आजमगढ़ एवं डीएवी पीजी कालेज आजमगढ़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र में बनाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का अवलोकन किया गया। परीक्षार्थियों की बॉयोमेट्रिक करने वाले टीम से भी जानकारी ली गयी। डीएवी पीजी कालेज में निरीक्षण के दौरान 11 बॉयोमट्रिक मशीन में से 03 बॉयोमट्रिक मशीन खराब पायी गयी। इसके साथ ही सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। सभी कक्षाओं में लगाया गया सीसी टीवी कैमरा सक्रीय पाया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों में लगाया गया सीसीटीवी कैमरा सक्रीय होना चाहिए एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारी इसकी निगरानी भी करते रहें। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की शिथिलता नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि ड्यूटी में लगाये गये सभी अधिकारी/कर्मचारी पूरे मनोयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सेक्टेट/स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर निगरानी करते रहें। जिलाधिकारी ने कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा की गम्भीरता के दृष्टिगत परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# इण्डेन गैस एजेंसी पर बुकिंग कराने को उपभोक्ताओं की भीड़

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** मुबारकपुर नगर में गैस वितरण एजेंसी पर सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी है।सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है। वहीं केवाईसी की समस्या से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भरकम भीड़ देखी जा सकती है। मुबारकपुर नगर के जीयनपुर मार्ग पर मोहल्ला नूरपुर बुतात में गैस वितरण एजेंसी मुबारकपुर से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने को लोग पहुंच रहे हैं। पवित्र महीना रमजान माह का आखिरी अशरा चल रहा है।ईरान अमेरिका युद्ध से तेल संकट से पहले गैस का संकट हो चला है।गैस एजेंसी बुकिंग कराने को भारी संख्या में लोग एजेंसी पर पहुंचे और वहां सुबह से लाइन में खड़े हैं। सर्वर डाउन होने से किसी भी उपभोक्ता की मोबाइल पर ओटीपी मैसेज नहीं पहुंच रहा है।बता दें कि मुबारकपुर में लोहरा,ढकवा, इब्राहीमपुर,पिचरी,नरांव विभिन्न गांवों के अलावा नगर सहित तमाम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। रेखा राणा ,गुलाम अशरफ,अनिल कुमार, ने बताया कि सुबह से लाइन में खड़े हैं। पासबुक जमा हो गया है। कुछ लोगों का केवाईसी नहीं है तो अधिकांश लोग सर्वर डाउन होने से इन्तजार कर रहे हैं। चर्चा यह भी है कि सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की भांति नहीं हो रही है।इस सम्बन्ध में गैस वितरण एजेंसी संचालक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मुबारकपुर में गैस उपभोक्ताओं की कुल संख्या 25000 है।इधर हाल में सर्वर डाउन होने से ओटीपी मैसेज नहीं पहुंच रहा है। जबकि आदेश है कि बिना ओडीपी के उपभोक्ताओं को सिलेंडर का वितरण न किया जाए। ऐसे में सर्वर आने पर ही वितरण किया जायेगा।

# आयोजित हुई उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में दरोगा भर्ती परीक्षा कड़ी निगरानी में हो रही है। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जा रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से सायं पांच बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त रहा। कड़ी निगरानी और चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने दिया जा रहा था। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, डीएम मनीष कुमार वर्मा, डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य समेत तमाम अधिकारियों ने कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीबीबी) के जरिए कुल 4,543 पदों पर नियुक्ति होनी है। परीक्षा के लिए 15 लाख 75 हजार 760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इनमें 11 लाख 66 हजार 386 पुरुष और 4 लाख 9 हजार 374 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। परीक्षा प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 1,090 केंद्रों पर हो रही है। सिर्फ सरकारी संस्थानों जैसे राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सरकारी डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रयागराज जिले में अकेले 43 केंद्र बनाए गए हैं।

## रोडवेज की बसें फुल, ट्रेनों में उमड़ा छात्रों का सैलाब

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दारोगा भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों का रेला उमड़ पड़ा है। शुक्रवार को परीक्षा के लिए दूसरे जिलों की ओर कूच करने वाले अभ्यर्थियों के कारण शहर के बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। खासकर विद्या वाहिनी मैदान पर बनाए गए अस्थायी बस स्टेशन पर शाम होते ही गहमागहमी इस कदर बढ़ी कि व्यवस्थाएं छोटी पड़ गईं। प्रयागराज से जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर और आजमगढ़ की ओर जाने वालीं बसों में चढ़ने के लिए अभ्यर्थियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। कानपुर, अयोध्या और लखनऊ रूट की बसों का भी यही हाल रहा। बसें स्टैंड पर ही ठसाठस भर जा रही थीं। ट्रेनों का हाल भी बसों से जुदा नहीं रहा। प्रयागराज जंक्शन और आसपास के छोटे स्टेशनों पर दूसरे जिलों से आए परीक्षार्थियों ने डेरा जमा लिया है।

# जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनीं

- मृत लाइनमैन की पत्नी को नौकरी पर सहानुभूतिपूर्वक विचार के निर्देश
- गांव में नया ट्रांसफॉर्मर लगाने के आदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जन-सुनवाई के दौरान जब पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख ग्राम रंगपुर लोधीपुर नि. साधना ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके पति विद्युत विभाग में संविदाकर्मी के रूप में लाइनमैन के पद पर कार्यरत् थे, जिनकी दि. 30 अक्टूबर 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, पति की मृत्यु के उपरांत परिवार, बच्चों का भरण-पोषण का संकट है, शिकायतकर्ता ने पति के स्थान पर नौकरी दिलाये जाने की मांग की, जिस पर उन्होने अधीक्षण अभियंता विद्युत को प्रार्थना पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर प्रभावी कार्यवाही करने को कहा, ग्राम हमीरपुर मौजा उझैया फकीरपुर निवासीगण कमलेशपाल, ज्ञानदेवी, अजय, सुरेन्द्र पाल, रघुवीर शर्मा, पंकज, नरेश चन्द्र, प्रमोद शर्मा, गोपी पाल, रोहित शर्मा, प्रवीन कुमार आदि ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि जर्जर विद्युत लाइन के फलस्वरूप गांव का ट्रांसफॉर्मर 11 मार्च को फुक गया, जिससे ग्रामवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, उक्त गांव के 02 ट्रांसफॉर्मर का लोड एक ही ट्रांसफॉर्मर पर है, जिस कारण ट्रांसफॉर्मर प्रतिमाह फुकते रहते हैं, शिकायतकर्ताओं ने गांव में तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर लगवाने व ट्रांसफॉर्मर का लोड बढ़वाने की मांग की, जिस पर उन्होने अधीक्षण अभियंता विद्युत को तत्काल गांव के लोड के अनुसार नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराये जाने हेतु आदेशित किया। जन-शिकायतें सुनने के उपरांत पर्यटन मंत्री ने कहा कि अधिकारी जन-शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए संवेदनशील रहें, किसी भी फरियादी को समस्या के निदान के लिए भटकना न पड़ें, सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा, गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने संतोष व्यक्त करते हुऐ कहा कि जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों ने संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में बेहतर कार्य किया है यही वजह है कि जनपद विगत् कई माह से योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश में टॉप-10 में बना हुआ है, माह फरवरी की रैकिंग में जनपद ने प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त की है। जन-सुनवाई के दौरान जानकी नगर नि. पुरूषोत्तम ने कस्बा करहल में भू-माफिया द्वारा किये गये अवैध कब्जे को हटवाने, नगला कीरत नि. शशी देवी ने साविर द्वारा पुत्री के साथ जबरन छेड़खानी करने, ग्राम मिढ़ावली कलां नि. प्रताप मानसिंह ने विपक्षियों द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा किये जाने, दक्षिणी छपट्टी नि. विक्रम सिंह ने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के पद पर तैनाती कराये जाने, ग्राम छाछा नि. अनुज राठौर ने किसी अन्य विद्यालय में स्थानान्तरित किये जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हे सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापरक निराकरण हेतु उपलब्ध कराया।

# देश का समय और पैसा बरबाद कर रहे राहुल: रवि किशन

- गैस सिलेंडर की किल्लत अफवाह :

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन आर एल एम) के तहत प्रयागराज के परेड ग्राउंड में शनिवार को सरस मेला-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और गोरखपुर से सांसद व भोजपुरी अभिनेता रवि किशन ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। इस मेले का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है।

यह मेला 14 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा। उद्घाटन के अवसर पर भाजपा सांसद प्रवीण पटेल, मेयर, भाजपा जिला अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी गायिका तृप्ति शाक्या ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसमें रवि किशन ने भी मंच पर उनके साथ भक्ति और भोजपुरी गीत गाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। परेड ग्राउंड में आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और ग्रामीण उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं।

सांसद रवि किशन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि देश में एक करोड़ महिला समूहों को तीन करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि हर घर में महिलाओं और बेटियों को रोजगार मिल सके। रवि किशन ने प्रयागराज में हुए इस समागम को ऐतिहासिक बताया और हजारों महिलाओं की भागीदारी देखकर गर्व महसूस किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। रवि किशन ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी संसद में हंगामा कर देश का समय और धन बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संसद का एक मिनट चलाने में लगभग ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं और विपक्ष के हंगामे के कारण करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है, जिसे देश की जनता देख रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के कारण गांव और गरीब परिवारों की महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही हैं और आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं।

सांसद ने एलपीजी गैस की कमी की खबरों को अफवाह बताते हुए कहा कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भ्रम में न पड़ें और नियम के अनुसार बुकिंग करने पर सिलेंडर घर तक पहुंच जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरस मेले का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस मेले में गरीब परिवारों की महिलाएं अपने बनाए हुए विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाती हैं, जिन्हें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए लोग खरीदते हैं। इससे उनकी आय बढ़ती है और उनका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और गरीब परिवार आर्थिक रूप से मजबूत होकर समृद्धि की ओर बढ़ें।

# टाटा मोटर्स को देशभर की राज्य परिवहन संस्थाओं से मिले 5,000 से ज्यादा बसों के ऑर्डर, भारत में जन परिवहन को मिलेगी नई गति

**मुंबई।** टाटा मोटर्स, भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी, को देशभर की कई राज्य परिवहन संस्थाओं (एसटीयू) से 5,000 से अधिक बसों और बस चेसिस के ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डरों के साथ कंपनी ने एक बार फिर बड़े पैमाने पर जन परिवहन समाधान उपलब्ध कराने में अपनी मजबूत स्थिति साबित की है। ये ऑर्डर सरकारी खरीद प्रणाली के तहत प्रतिस्पर्धी ई-बिडिंग प्रक्रिया के जरिए दिए गए हैं। बसों की आपूर्ति संबंधित राज्य परिवहन संस्थाओं के साथ तय योजना के अनुसार चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

कई दशकों से टाटा मोटर्स भारत की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का अहम हिस्सा रही है। कंपनी की बसें देशभर में लोगों को जोड़ने, रोज़गार के अवसर बढ़ाने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। नए ऑर्डर महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, गुजरात स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट

**महत्वपूर्ण**

**कई दशकों से टाटा मोटर्स भारत की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का अहम हिस्सा रही है।**

कॉर्पोरेशन, नॉर्थ वेस्टर्न कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, तेलंगाना स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, बिहार स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, राजस्थान स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, केरल स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, डिपार्टमेंट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट (हरियाणा रोडवेज) और चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग भारत के जन-परिवहन बदलाव के अगले अध्याय को गति देने में कंपनी की अहम भूमिका को रेखांकित करें।

इस अवसर पर आनंद एस, वाइस प्रेसिडेंट और हेड, कमर्शियल पैसेंजर व्हीकल बिजनेस, टाटा मोटर्स ने कहा, कई राज्य परिवहन संस्थाओं से मिले ये ऑर्डर हमारे मोबिलिटी




समाधानों पर उनके भरोसे को दर्शाते हैं। हमारी बसें अलग-अलग सड़कों और परिस्थितियों में आराम, सुरक्षा और भरोसेमंद प्रदर्शन देने के लिए डिजाइन की गई हैं। मजबूत इंजीनियरिंग और व्यापक सर्विस सपोर्ट के साथ हम रोज़ाना लाखों यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव देने में राज्य परिवहन संस्थाओं की मदद करते रहेंगे। इन कुल ऑर्डरों से देश में पसंदीदा मोबिलिटी पार्टनर के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होती है और भारत के भविष्य के सार्वजनिक परिवहन को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता भी और सुदृढ़ होती है।

इन ऑर्डरों में टाटा मैग्ना, टाटा सिटीराइड, टाटा स्टारबस, टाटा स्टारबस प्राइम, टाटा LPO 1618, टाटा LPO 1622 और टाटा LPO 1822 सहित टाटा मोटर्स के कई लोकप्रिय बस मॉडल शामिल हैं। ये बसें शहर के अंदर, इंटरसिटी और लंबी दूरी की यात्रा के लिए तैयार की गई हैं और इनमें बेहतर आराम, भरोसेमंद प्रदर्शन और किफायती संचालन पर ध्यान दिया गया है।

टाटा मोटर्स लंबे समय से पूरे भारत में राज्य परिवहन उपक्रमों, निजी फ्लीट ऑपरेटरों और संस्थागत ग्राहकों को मोबिलिटी समाधान प्रदान करती आ रही है। इसके कमर्शियल यात्री वाहनों का पोर्टफोलियो, जिसमें 9-सीटर से लेकर 55-सीटर तक के वाहन और कई तरह के पावरट्रेन शामिल हैं, पूरे देश में बड़े पैमाने पर लोगों के आने-जाने की ज़रूरतों को पूरा करता है। इसके साथ ही 'Sampoorna Seva 2.0 भी उपलब्ध है, जो वाहनों के पूरे जीवनकाल के प्रबंधन का एक व्यापक कार्यक्रम है। इसमें रखरखाव में सहायता, तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा होने की गारंटी, असली स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और ब्रेकडाउन होने पर सहायता जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। 4,500 से ज़्यादा सेल्स और सर्विस टचपॉइंट्स के नेटवर्क के साथ, टाटा मोटर्स शहरी और ग्रामीण भारत में सुरक्षित, कुशल और भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है।

# बीएन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन 15 मार्च को




**लखनऊ।** राजधानी में 200 बेड के नए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बीकेटी, सीतापुर रोड स्थित बीएन हॉस्पिटल का शुभारंभ 15 मार्च को होगा। जिसमें विभिन्न विभागों मेडिसिन, स्त्री रोग व प्रसूति, ऑर्थोपेडिक्स ,जनरल सर्जरी ,हृदय रोग, न्यूरो, यूरोलॉजी, ऑकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एनेस्थीसिया, प्लास्टिक सर्जरी, पेडियाट्रिक सर्जरी समेत और विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे साथ ही आईसीयू/ क्रिटिकल केयर की समस्त सुविधाएं भी 24 घंटे उपलब्ध होगी. अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवा का आयोजन भी कल किया जा रहा है।

## आयकर विभाग ने महत्वपूर्ण लेनदेन ईमेल को नजरअंदाज करने को कहा, गलती स्वीकार की

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को करदाताओं से आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान के तहत भेजे गए महत्वपूर्ण लेनदेन जुड़ी त्रुटिपूर्ण ईमेल को नजरअंदाज करने की अपील की है। विभाग ने स्वीकार किया है कि इन संचारों में गलत जानकारी शामिल थी, जिसकी रिपोर्ट करदाताओं ने की थी। यह त्रुटि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भेजे गए ईमेल में पाई गई है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उसे करदाताओं से गलत जानकारी वाले ईमेल मिलने की शिकायतें मिली हैं। विभाग ने इस मुद्दे को ध्यान में लाने के लिए करदाताओं का धन्यवाद किया और हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि संचार प्रणाली के लिए जिम्मेदार सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सुलझाया जा रहा है। विभाग ने कहा, हम अपने सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सक्रिय रूप से हल करने के लिए काम कर रहे हैं। विभाग ने आगे कहा, ÷इस बीच, करदाताओं से अनुरोध है कि वे आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान से संबंधित पहले के ईमेल संचार को नजरअंदाज करें।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए क्यूरेटेड टेक पैकेज लॉन्च किया

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय एसयूवी, अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए एक क्यूरेटेड टेक पैकेज पेश किया है, जिसका मकसद इसकी ओवरऑल अपील को बढ़ाना है। रोजाना ड्राइविंग कम्फर्ट और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया, यह टेक पैकेज स्मार्ट, सहज टेक्नोलॉजी को एक साथ लाता है जो हर यात्रा को सुरक्षित, अधिक कनेक्टेड और खास तौर पर प्रीमियम बनाती है।सभी अर्बन क्रूजर हाइराइडर वेरिएंट में उपलब्ध, इस पैकेज में तीन अच्छी तरह से क्यूरेटेड टोयोटा जेनुइन एक्सेसरीज शामिल हैं एम्बिएंट लाइटिंग केबिन को एक हल्की और कस्टमाइज़ेबल रोशनी से रोशन करती है, जिससे अधिक बेहतर और आरामदायक ड्राइविंग अनुभव के लिए इंटीरियर का माहौल बेहतर होता है। हेड्स-अप-डिस्प्ले एचयूडी डिस्प्ले पर गाड़ी की मुख्य जानकारी दिखाता है, जिससे ड्राइवर का ध्यान कम भटकता है और सड़क पर सुरक्षा बेहतर होती है। डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर/कार डैश कैमरा लगातार रिकॉर्डिंग के जरिए सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाता है, हर यात्रा को रिकॉर्ड करता है ताकि मन को शांति मिले।टेक पैकेज एक्सेसरीज़ देश भर में सभी टोयोटा डीलरशिप पर 29,499/- रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर उपलब्ध होंगी।10.94 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली, अर्बन क्रूजर हाइराइडर जल्दी ही भारतीय एसयूवी खरीदारों के बीच पसंदीदा बन गई है, जिसने हाल ही में बिक्री में 200,000 यूनिट का आंकड़ा पार किया है। यह बी-एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में अलग पहचान बनाती है, जो फ्यूल एफिशिएंसी को स्मूथ और शांत परफॉर्मेंस के साथ मिलाती है। इसका सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक पॉवरट्रेन 40% दूरी और 60% समय इलेक्ट्रिक पावर पर चलता है, जिससे 27.97 किमी/लीटर का शानदार माइलेज मिलता है। अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को मज़बूत करते हुए, कंपनी 66 खास एक्सेसरीज़ की एक विस्तृत रेंज, 3-साल/100,000 किमी की व्यापक वारंटी (जिसे 5 साल/220,000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है), और इंडस्ट्री की सबसे अच्छी 8-साल/160,000 किमी हाइब्रिड बैटरी वारंटी के साथ ओनरशिप अनुभव को बेहतर बनाती है जो ग्राहकों को ज्यादा सुविधा, लंबे समय तक चलने वाली विश्वसनीयता और पूरी मन की शांति प्रदान करती है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पारस हॉस्पिटल कानपुर ने चलाया 'जिम्मेदार कनपुरिया' अभियान

**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से 'जिम्मेदार कनपुरिया' सड़क सुरक्षा अभियान का सफल आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर ज़िम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह अभियान 25 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक बड़ा चौराहा, नवाबगंज, किदवई नगर, श्याम नगर, टाटमिल, गोविंद नगर और रमादेवी जैसे इलाकों में चलाया गया। इसका उद्देश्य यात्रियों को जोड़ना और सुरक्षित ड्राइविंग के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने पर खास ज़ोर दिया गया, ताकि शहर में सड़क दुर्घटनाओं और चोट से जुड़ी इमरजेंसी स्थितियों को कम करने में मदद मिल सके। इस अभियान के



बारे में बात करते हुए पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर श्री रजत बजाज ने कहा, हमारे शहर में सड़क दुर्घटनाएँ ट्रॉमा इमरजेंसी के प्रमुख कारणों में से एक हैं। 'ज़िम्मेदार कनपुरिया' अभियान के ज़रिए पारस हॉस्पिटल का उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और ज़िम्मेदारी से गाड़ी चलाने के लिए प्रोत्साहित करना है। हेलमेट पहनना, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करना और सड़क के नियमों का सम्मान करना जैसे आसान कदम गंभीर चोटों और दुर्घटनाओं के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। एक हेल्थकेयर संस्थान के तौर पर हमारा मानना है कि समुदाय में जागरूकता फैलाना और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ावा देना हमारी ज़िम्मेदारी है। अभियान के दौरान वॉलंटियर्स ने सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों वाले जानकारी पूर्ण पोस्टर पकड़ रखे थे और व्यस्त चौराहों पर आने-जाने वाले लोगों से बातचीत कर रहे थे। जो नागरिक यातायात नियमों का पालन कर रहे थे, जैसे कि हेलमेट पहनना और यातायात संकेतों का पालन करना आदि उन्हें ÷ज़िम्मेदार कनपुरिया प्रमाणपत्र÷ देकर सम्मानित किया गया। और जो लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, उन्हें एक ÷शपथ पत्र÷ पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## इंडियन ऑयल की श्रीलंकाई इकाई का आश्वासन, पड़ोसी देश की ऊर्जा सप्लाई में नई पड़ेगा खलल

**नई दिल्ली।** लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच श्रीलंका को निरंतर ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एलआईओसी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के अनुरोध के बाद आया है।

एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के. रघु ने शनिवार को कोलंबो में प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में, मैं लोगों से केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं।

## आई.एस.बी, पंजाब पुलिस और साईबरपीस ने भारत का अग्रणी साईबर सिक्योरिटी एवं ए.आई सेफ्टी हैकथॉन 2026 शुरू किया

ISB

**नई दिल्ली।** इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस (आई.एस.बी) के इंस्टीट्यूट ऑफ डेटा साईस (आई.आई.डी.एस) और पंजाब पुलिस स्टेट साईबर क्राईम डिवीज़न तथा साईबरपीस ने साईबर सिक्योरिटी एवं ए.आई सेफ्टी हैकथॉन 2026 शुरू किया है। इस राष्ट्रीय हैकथॉन का उद्देश्य साईबर सिक्योरिटी, डिजिटल सामर्थ्य और जवाबदेह आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस के लिए भारत में मजबूत क्षमताओं का विकास करना है। इस हैकथॉन में पूरे भारत के स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स, टेक्नोलॉजिस्ट, लॉ एन्फोर्समेंट प्रोफेशनल और पॉलिसी एक्सपर्ट हिस्से लेंगे तथा डिजिटल सिक्योरिटी और ए.आई सेफ्टी में उभरते हुए खतरों के लिए इनोवेटिव समाधानों का विकास करेंगे। इस हैकथॉन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर इनोवेशन को बढ़ावा देना, ओपन-सोर्स टूल्स और डेटासेट्स का निर्माण करना तथा ए.आई सुरक्षा पर हो रही राष्ट्रीय पॉलिसी की चर्चा में अपना योगदान देना है।इस हैकथॉन का लक्ष्य व्यवहारिक टेक्नोलॉजी और रिचर्स से नतीजों का विकास करके शिक्षा जगत, उद्योग और कानून संचालन संस्थाओं के बीच सहयोग स्थापित करना है, जिससे भारत में साईबर डिफेंस का परिवेश और अधिक मजबूत होगा।साईबर सिक्योरिटी और ए.आई सेफ्टी 2025-26 के लिए पंजीकरण जारी हैं और 22 मार्च, 2026 तक चलेंगे। पंजीकरण के लिए निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें:www.isb.edu/events/hackathon-on-cybersecurity-and-ai-safety-2025-26

# 92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक और नंदा, सरकार ने बताया- कालाबाजारी के खिलाफ देशभर में छापेमारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं। एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है।

शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि %शिवालिक% और %नंदा% नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज पास को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक जहाज पश्चिमी तट पर



स्थित प्रमुख बंदरगाहों- मुंद्रा पोर्ट और कांडला पोर्ट पर एंकर करेंगे। शेड्यूलिंग के अनुसार ये शिपमेंट 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच जाएंगे। इतनी बड़ी मात्रा में गैस की आवक से घरेलू बाजार में ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी और औद्योगिक व घरेलू मांग को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है; हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार की स्टॉक की कमी की सूचना नहीं मिली है। शर्मा ने बताया कि घबराहट में बुकिंग के मामले अब भी बहुत अधिक हैं। उन्होंने कहा, ÷जो आंकड़ा मैंने कल आपके साथ साझा किया था लगभग 75 से 76 लाख बुकिंग वह अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गया है।

शर्मा ने कहा, हमें विभिन्न स्थानों और स्रोतों से शिकायतें मिल रही हैं कि गैस सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहे हैं। मैं इस अवसर पर एक बार फिर स्पष्ट करना चाहूंगी कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अनिवार्य अंतराल है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 45 दिनों का है। यदि आप इस अवधि के समाप्त होने से पहले सिलेंडर बुक करने का प्रयास करते हैं, तो बुकिंग सफल नहीं होगी। कृपया वर्तमान में उपलब्ध डिजिटल बुकिंग साधनों का उपयोग करें। इनमें आईवीआरएस, एसएमएस बुकिंग, व्हाट्सएप बुकिंग और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की ओर से प्रदान किए गए मोबाइल एप्लिकेशन शामिल हैं। सिलेंडर बुक करने या प्राप्त करने के लिए वितरक केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाने, कतार में खड़े होने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी तेल विपणन कंपनियों ने अतीत में लगातार आपके घर तक सीधे सिलेंडर पहुंचाए हैं और वे ऐसा करना जारी रखेंगी। इसलिए, घबराने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है।

## ज़ी5 ने जारी किया शबद रीत और रिवाज़ का ट्रेलर

**नई दिल्ली।** ज़ी5 ने आज अपनी आने वाली हिंदी ओरिजिनल सीरीज़ शबद रीत और रिवाज़ का ट्रेलर जारी किया। यह छह एपिसोड की भावनात्मक ड्रामा सीरीज़ है, जो पिता-पुत्र के रिश्ते की नाज़ुक भावनाओं, पीढ़ियों की अपेक्षाओं और अपनी अलग पहचान बनाने के साहस को दर्शाती है। रस्क मीडिया द्वारा निर्मित और अमीत गुप्ता के निर्देशन में बनी इस सीरीज़ में मिहिर आहूजा और सुविंदर विक्की मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे। इस सीरीज़ का प्रीमियर 6 फ़रवरी को, विशेष रूप से हिंदी ज़ी5 पर किया जाएगा। पंजाब की भावनात्मक पृष्ठभूमि पर आधारित शबद 16 वर्षीय घुप्पी सिंह की कहानी है, जो हकलाने की समस्या के साथ जीता है और ऐसे सपने देखता है जो उसके परिवार की गहरी परंपराओं से बिल्कुल अलग हैं। उसके पिता हरमिंदर सिंह, जो एक सम्मानित रागी गायक हैं और साथ ही कॉरपोरेट दुनिया से भी जुड़े हैं, चाहते हैं कि घुप्पी भक्ति संगीत की इस पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। लेकिन घुप्पी को अपनी असली आज़ादी और खुद को व्यक्त करने का सच्चा एहसास भजनों में नहीं, बल्कि फुटबॉल के मैदान पर मिलता है। जैसे-जैसे पीढ़ियों के बीच तनाव बढ़ता है और भावनात्मक दूरियां गहरी होती जाती हैं, शबद विरासत और आकांक्षाओं, परंपरा और व्यक्तिगत पहचान के बीच के टकराव को बेहद संवेदनशीलता से दिखाता है। यह सीरीज़ एक अहम सवाल उठाती है–क्या विरासत हमें जन्म से मिलती है, या हम खुद उसे चुनते हैं? आस्था, डर, प्रेम और महत्वाकांक्षा के इस टकराव में पिता और पुत्र दोनों को अपनी सबसे गहरी कमजोरियों का सामना करना पड़ता है। अंततः वे समझते हैं कि साथ-साथ जीने की राह अधिकार से नहीं, बल्कि सहानुभूति और समझ से निकलती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए मिहिर आहूजा ने कहा, घुप्पी उन सबसे संवेदनशील और सच्चे किरदारों में से एक है, जिन्हें मैंने निभाया है। उसका हकलाना सिर्फ बोलने की समस्या नहीं है, बल्कि उन सभी भावनाओं को दिखाता है जिन्हें वह व्यक्त नहीं कर पाता–डर, चाहत, महत्वाकांक्षा और स्वीकार किए जाने की ज़रूरत।

# उत्तर भारत में लिवर ट्रांसप्लांट में बढ़ोतरी, जागरूकता और लिविंग डोनेशन से मिल रहा बल




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही हैं। इसी बीच मरीजों और उनके परिवारों की सोच में एक साफ बदलाव दिख रहा है। अब लोग लिवर ट्रांसप्लांट को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हैं। समय पर जांच, सही सलाह और लिविंग लिवर डोनेशन को लेकर बढ़ती स्वीकार्यता के कारण मरीज ट्रांसप्लांट के लिए पहले पहुंच रहे हैं और निर्णायक उपचार की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

इलाज की इस बड़ी जरूरत को देखते हुए अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने लिवर से जुड़ी सभी सेवाओं, विशेषज्ञों और आधुनिक सुविधाओं को एक ही छत के नीचे एकजुट किया है। यहां जांच से लेकर दवाओं द्वारा इलाज, जटिल हेपेटो-पैंक्रियाटो-बिलियरी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट तक की पूरी सुविधा उपलब्ध है। देश में हर साल करीब 2.5 से 3 लाख लोगों की मौत लिवर रोग और सिरोसिस के कारण होती है। यह बीमारी अब देश में मौत का 8वां बड़ा कारण बन चुकी है, जबकि एक दशक पहले यह 10वें स्थान पर थी। उत्तर प्रदेश में स्थिति और भी चिंताजनक है। देश की करीब 17% आबादी यहां रहती है, लेकिन हर साल अनुमानित 50,000 से 60,000 लोगों की मौत लिवर से जुड़ी बीमारियों से हो जाती है। इसके मुकाबले पूरे प्रदेश में सालाना केवल 200 से 250 लिवर ट्रांसप्लांट ही हो पाते हैं, जिनमें से अधिकांश एनसीआर में होते हैं। प्रदेश में गिने-चुने ही लिवर ट्रांसप्लांट सेंटर हैं, जिसके कारण बड़ी संख्या में मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है।

डॉ. अभिषेक यादव, सीनियर डायरेक्टर और प्रमुख, लिवर ट्रांसप्लांट व एचपीबी सर्जरी,अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने बताया, समस्या को और गंभीर बनाती है फैटी लिवर डिजीज, जो अब 30 से 35% आबादी को प्रभावित कर रही है और कुछ क्षेत्रों में यह आंकड़ा 50% तक पहुंच चुका है। यह बीमारी अक्सर बिना लक्षणों के धीरे-धीरे सिरोसिस और लिवर फेल्योर तक पहुंच जाती है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि अब एक सकारात्मक बदलाव भी दिख रहा है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया एक्रेक्स 2026 में लाया व्यापक एचवीएसी इकोसिस्टम आवासीय आराम से लेकर औद्योगिक स्तर की कूलिंग तक

**मुंबई।** इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट में सबसे भरोसेमंद ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने दक्षिण एशिया की एचवीएसी और इंटेलिजेंट बिजनेस सॉल्यूशंस की सबसे बड़ी प्रदर्शनी, एक्रेक्स इशराए इंडिया 2026 में हिस्सा लिया। एलजीई इंडिया ने इस प्रदर्शनी में अपना सबसे व्यापक एचवीएसी पोर्टफोलियो प्रस्तुत किया, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग के उत्पाद शामिल थे। कंपनी ने ऐसे इनोवेशन को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जो भारत के लिए इंटेलिजेंट, भरोसेमंद और ऊर्जा-कुशल जलवायु समाधान प्रदान करते हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी उन्नत वीआरएफ, चिलर्स और कैसेट रेंज के एसी प्रदर्शित किए, जो भारत की विविध जलवायु और उपभोक्ताओं की जरूरतों के लिए सबसे उपयुक्त थे। एक्रेक्स में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीईआईएल) की भागीदारी पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के



मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, हांग जू जियोन ने कहा, ÷एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स लगभग तीन दशकों से भारत की यात्रा का हिस्सा रहा है। इस दौरान हमने देश की बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करने में बेजोड़ विशेषज्ञता हासिल की है, और साथ ही उन प्रदर्शन मानकों को भी पूरा किया है जिनकी मांग डेवलपर्स, कंसल्टेंट्स और फैसिलिटी मैनेजर्स करते हैं। एक्रेक्स 2026 में नए एचवीएसी उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पेश करना भारत की विविध एचवीएसी जरूरतों को पूरा करने और देश के लिए एक स्मार्ट व अधिक टिकाऊ जलवायु भविष्य बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करता है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के सिस्टम एयर कंडीशनिंग डिवीजन (ईएस बिजनेस) के सीनियर वीपी और बिजनेस हेड, संजीव सेठ ने कहा, हम बेहतरीन प्रदर्शन वाले ऊर्जा-कुशल एचवीएसी सॉल्यूशंस की नई रेंज को पेश करने और प्रदर्शित करने के लिए एक्रेक्स में आकर उत्साहित हैं। 2026 के लिए तैयार हमारे मजबूत उत्पाद पोर्टफोलियो में नए फ्लैगशिप उत्पाद शामिल हैं, जिनमें एआई तकनीक से लैस मल्टी वीआई वीआरएफ भी शामिल है, जिसे देश की चरम जलवायु परिस्थितियों से निपटने के लिए बनाया गया है। व्यावसायिक इमारतों, बड़े होटलों और प्रीमियम विला के लिए एलजीई इंडिया ने अपना नया फ्लैगशिप वीआरएफ उत्पाद मल्टी वीआई पेश किया। एआई तकनीक से संचालित यह उत्पाद एआई स्मार्ट केयर, एआई स्मार्ट मीटरिंग, एआई स्पेस केयर और बेहतरीन ऊर्जा दक्षता जैसी इंटेलिजेंट, इनोवेटिव और इंटरैक्टिव सुविधाओं से लैस था।

एलजीई इंडिया ने अपना 5वीं पीढ़ी का वीआरएफ मल्टी वी5 सिस्टम भी प्रदर्शित किया, जो उच्च ऊर्जा दक्षता प्रदान करने वाले अल्टीमेट इन्वर्टर कंप्रेसर और डुअल सेंसिंग कंट्रोल से लैस था। यह एक इंटेलिजेंट मैकेनिज्म है जो एक आरामदायक वातावरण बनाए रखने और ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए एक साथ तापमान और आर्द्रता को ट्रैक करता है। -20°C से 53°C तक काम करने की क्षमता के साथ, मल्टी वी5 को देश के सबसे चुनौतीपूर्ण जलवायु क्षेत्रों में लगातार शानदार प्रदर्शन देने के लिए बनाया गया था।

# छोटे भाई को बचाने में बड़े भाई गोविंद साहनी की गई जान

- शुक्रवार की रात विवाद में ईंट से मारकर युवक की हत्या का मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार बाजार के शुक्ल टोला निवासी तीस वर्षीय गोविंद साहनी की जान अपने सबसे छोटे भाई महेश साहनी को बचाने में चली गई। पिता शमशेर साहनी के गुज़र जाने के बाद पूरे परिवार के देखभाल की जिम्मेदारी गोविंद के कंधे पर आ गई थी। मां सुभद्रा, मझिला भाई अरविंद, सबसे छोटा भाई महेश, पत्नी रीना, सबसे बड़ी तेरह वर्षीय बेटी कृष्णा, सात साल का बेटा नीरज और सबसे छोटी बेटी चांदनी पांच साल की है । इस पूरे परिवार की देखरेख का इकलौता सहारा गोविंद ही था।उसे क्या पता था कि भाई की एक छोटी सी नादानी उसके जीवन की लीला समाप्त कर देगी।


भीड़ को समझाते एस ओ दीपक सिंह


रोते बिलखते परिजन

शुक्रवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बोदरवार बाजार के शुक्ल टोला में देर शाम घटी घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। लोगों का कहना है कि गोविंद बहुत ही मिलनसार लड़का था। घटना के दिन शुक्ल टोला के हरिजन बस्ती में शादी का समारोह था। जहां सजावट का काम चल रहा था। महेश भी सजावट का काम करता था। शादी वाले घर के पास में आरोपी सुभाष हरिजन का घर है। किसी बात को लेकर सुभाष और महेश में कहासुनी होने लगी और बात बढ़ कर हाथापाई तक आ गई। सूत्रों का कहना है कि सुभाष हरिजन की पृष्ठभूमि आपराधिक रही है ।कई सालों तक जेल खटने के बाद साल भर पहले ही घर आया है। लोगों में उसका काफी खौफ है। मोहल्ले में कोई भी परिवार उसे उलझता नहीं है। पता नहीं किस बात को लेकर सुभाष और उसका परिवार महेश से लड़ाई झगड़ा करने लगा। ठीक उसी समय गोविंद अपने घर से निकल कर कस्बे में जाने लगा। शुक्ल टोला में हरिजन बस्ती और केवट बस्ती आमने-सामने हैं। कस्बे में जाने के लिए हरिजन बस्ती से ही रास्ता जाता है। गोविंद भी घटना के समय उसी रास्ते से जा रहा था। भाई महेश को पीटता देख बीच बराव करने लगा। इसी बीच गोविंद के सिर पर किसी ने पीछे से ईंट से वार कर दिया और वह सड़क पर गिर कर तड़पने लगा। मौका पाकर महेश अपने भाई को अकेला छोड़ घर आकर बताया। मौके पर पहुंची गोविंद की मां सुभद्रा ने बेटे को छोड़ देने की तब तक गुहार लगाती रही जबतक पुलिस और एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। बोदरवार पुलिस चौकी की पुलिस ने घायल को 108नं से कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया। गोविंद की पत्नी रीना देवी के तहरीर पर पुलिस ने सुभाष पुत्र पल्टू, सुभाष की पत्नी, सुभाष के बेटे, सुभाष की बहू और सुभाष की बिटिया पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। सुभाष को पुलिस ने अपने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है और शेष नामजद चार अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही रात में कसया सीओ कुन्दन सिंह पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और शांति बहाल रखने के लिए अपने मातहतों को निर्देश दिया।

गांव में तनाव है जिसके मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।मौके पर चौकी प्रभारी सन्नी जावला मय फोर्स चौकसी में है। साथ ही थाना प्रभारी दीपक सिंह पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी शनिवार को मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। बेटे की निर्मम हत्या से मां सुभद्रा देवी का हालत काफी नाजुक बना हुआ है।उनका इलाज बोदरवार सीएचसी पर चल रहा है।

# हाटा-देवरिया मार्ग चौड़ीकरण का सांसद और विधायक ने किया भूमि पूजन

- सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में आवागमन सुगम और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : विजय दुबे
- डबल इंजन की सरकार में बिछ रही सड़कों की जाल : मोहन वर्मा

**अवधनामा संवाददाता**


हाटा-देवरिया मार्ग का चौड़ीकरण हेतु शिलान्यास करते सांसद व विधायक

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा-देवरिया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दूबे और विधायक हाटा मोहन वर्मा ने पूजन-अर्चन कर कार्य का शिलान्यास किया।

लोक निर्माण विभाग कुशीनगर द्वारा देवरिया-हाटा मार्ग के चौड़ाई 22.00 से 27.00 तक लगभग पांच किलोमीटर लंबाई में दो लेन सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 17.80 करोड़ रुपये है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में सड़कों का तेजी से विकास हो रहा है। विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सुकरौली रंजना पासवान, जयप्रकाश शाही सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री बाबू नंदन सिंह ने किया तथा अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह ने की। कार्यक्रम में अखिलेश दास गुप्ता, डॉ. रविश सिंह, चंद्रपाल कन्नौजिया, सहायक अभियंता विनय कुमार सिंह, अवर अभियंता विनय तपस्य कुशवाहा, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, शाही फैजान खान, रितेश नथानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने की पहल, बाल खिलाड़ियों को मिला मुक्केबाजी उपकरण

- अंतरराष्ट्रीय कोच सिकंदर पटेल ने दिया पंचिंग बैग व ग्लब्स सिखाई खेल की बारीकियां
- बरवा राजापाकड़ में मुक्केबाजी प्रशिक्षण केंद्र खोलने की योजना की साझा


खिलाड़ियों में उपकरण वितरण करते अतिथि

**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर काशीपुर उत्तराखंड में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच व तमकुही विकास खंड के बरवा राजापाकड़ के जमुआन टोला निवासी सिकंदर पटेल ने दुदही विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर पहुंचकर बाल खिलाड़ियों को पंचिंग बैग व पंचिंग ग्लब्स प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को मुक्केबाजी की बारीकियां भी सिखाई, जिससे बच्चों में खेल के प्रति उत्साह बढ़ गया।

कोच सिकंदर पटेल ने ग्रामीण क्षेत्र में मौजूद खेल प्रतिभाओं की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन व प्रशिक्षण की है। यदि बच्चों को प्रारंभ से उचित संसाधन व अभ्यास का अवसर मिले तो वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। ?उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन व आत्मविश्वास ही किसी खिलाड़ी की सबसे बड़ी पूंजी होती है। मेहनत व धैर्य के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी ही अपनी अलग पहचान बनाते हैं। कोच ने बरवा राजापाकड़ में मुक्केबाजी प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने की योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि केंद्र स्थापित होने से क्षेत्र के बच्चों को व्यवस्थित प्रशिक्षण मिलेगा व ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच प्राप्त होगा। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक नन्हे प्रसाद, ब्रजेश सिंह, अनीता कुशवाहा सहित छात्र सुमित सिंह, विकास चौहान, बंधन, अन्नू, नीतेश, आकाश, आदित्य आदि मौजूद रहे।

# चार दिन से लापता छात्रा का नहीं लगा सुराग, अनहोनी की आशंका

**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा नौ में पढ़ने वाली एक छात्रा पिछले चार दिन से लापता है। छात्रा की मां ने पुलिस प्रशासन से मिल कर बेटी की सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई हैं। वही मुख्यमंत्री से लगायत, एसपी कुशीनगर, सीओ खड्डा सहित स्थानीय थाने में कि गई लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामले की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक छात्रा बुधवार को अपने छोटे भाई के साथ कोचिंग करके घर लौट रही थी। रास्ते में एक बाइक सवार युवक ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठा फरार हो गया। छोटा भाई घर पहुंचने पर आप बीती घटना को मां को बताई। मां ने तत्काल हनुमानगंज थाने में तहरीर देकर बताई कि खड्डा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पड़रहवा निवासी 22 वर्षीय एक युवक मेरी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा कर ले चला गाया है। वह युवक बेटी को नुकसान भी पहुंचा सकता है। इस प्रकार मिली तहरीर के मुताबिक पुलिस ने आरोपी युवक के घर पर दबिश डालना शुरू किया लेकिन वह युवक फरार मिला। गुरुवार को छात्रा की मां ने एक बार फिर हनुमानगंज थाने पहुंचकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई। इस पर हनुमानगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय नारायण राय ने मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छितौनी चौकी इंचार्ज विवेक तिवारी को छात्रा की तलाश की जिम्मेदारी सौंप दी है। पुलिस की धीमी कार्रवाई से असंतुष्ट होकर पुनः छात्रा की मां ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी बेटी के खेल प्रतियोगिताओं में जीते गए मेडल और प्रमाण पत्र दिखाते हुए बेटी को सकुशल घर पहुंचने के लिए मदद मांगी है। किशोरी की मां का कहना है कि उनकी बेटी पढ़ाई और खेलकूद में काफी तेज है।

# सिकटिया में 1.11 करोड़ रुपए से बनेगा यात्री हॉल, सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

- श्रीराम जानकी मंदिर में प्रस्तावित है यात्री हॉल, श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा

**अवधनामा संवाददाता**


यात्री हॉल का भूमि पूजन करते सांसद व विधायक

**मथौली, कुशीनगर।** मोतीचक विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सिकटिया में श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में पर्यटन विकास योजना के तहत कार्यदाई संस्था कंट्रशन एंड डिजाइन सर्विसेस उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय द्वारा 1 करोड़ 11 लाख रुपए से यात्री हाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन/शिलान्यास शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे और विशिष्ट अतिथि विधायक हाटा मोहन वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि यात्री हाल के निर्माण से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर विकास को गति प्राप्त होगी। विशिष्ट अतिथि विधायक हाटा मोहन वर्मा ने कहा कि इस यात्री हाल के लिए मा. मुख्यमंत्री जी और पर्यटन मंत्री जसवीर सिंह से मिलकर इस कार्य के लिए निवेदन किया था। इस यात्री हाल से यहां के विकास को और भी गति मिलेगा। भाजपा सरकार में निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र शुक्ला और स्वागत आभार भाजपा नेता सूर्य प्रकाश शुक्ला उर्फ चिंटू ने किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मोतीचक अर्चना प्रदीप सिंह, ब्लाक प्रमुख सुकरौली रंजना पासवान सहित तमाम भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी बोले, जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है पेट्रोल, डीजल और एलपीजी

- ईंधन को लेकर हाहाकार
- कुशीनगर जिले में हर एजेंसियों पर लंबी कतारें, सुबह से शाम तक भींड, रात भी गुजार रहे उपभोक्ता

**अवधनामा ब्यूरो**



एलपीजी के लिए तमकुहीराज क्षेत्र में लगी लंबी कतारें

**कुशीनगर।** पिछले दो सप्ताह से चल रहे ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध को लेकर देशभर में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल खत्म होने की अफवाह तेजी से फैल रही है। हालांकि भारत सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन बार-बार ईंधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की जानकारी दे रहे है, इसके बावजूद गैस एजेंसियों पर सुबह से लेकर शाम तक सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। हर तरफ लंबी लंबी कतारें देखीं जा रही है। इस बीच डीएम कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर ने जनपदवासियों को आश्वस्त करते हुए बताया है कि पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूर्णतः सुचारू एवं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपद स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा आवश्यकतानुसार ही पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद करने की अपील की गई है।

**गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी हेतु कंट्रोल रूम स्थापित :** जनपद में एलपीजी वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने हेतु जिला मुख्यालय स्थित आपदा कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उपभोक्ता गैस वितरण से संबंधित किसी भी समस्या अथवा शिकायत के लिए निम्न दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं 05564-240590, 05564-297397, 05564-297398 एवं 05564-297000 कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी संबंधित गैस एजेंसी, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

**क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों के मोबाइल नंबर जारी :** गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद में तैनात क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों के नाम एवं मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं जो इस प्रकार है। गोरी शंकर शुक्ल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी 6307381747, (तहसील हाटा एवं कप्तानगंज) राजीव कुमार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी 9889782124/7651862708 (तहसील पडरौना एवं खड्डा) अनिल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी 9161742033 (तहसील तमकुहीराज एवं कसया) पूर्ति निरीक्षक वैद्यनाथ सिंह 9565718595 (विकास खण्ड खड्डा एवं नगर क्षेत्र) विजय कुमार(विकास खण्ड पडरौना एवं विशुनपुरा) अमरजीत वर्मा 9411043517(विकास खण्ड कसया, फाजिलनगर) राजीव श्रीवास्तव 7390924559 (विकास खण्ड मोतीचक) रितेश दूबे 9839439984 (विकास खण्ड तमकुही, सेवरही एवं दुदही) रितेश कुमार गुप्ता (विकास खण्ड हाटा) अरविन्द मद्धेशिया 8574824193 (विकास खण्ड सुकरौली) जितेन्द्र कुमार सिन्हा 9236526569 (विकास खण्ड रामकोला एवं कप्तानगंज)।

**ओटीपी आधारित डिलेवरी व्यवस्था लागू करें :** उक्त सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करते हुए शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। एवं घरेलू गैस उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराने तथा ओटीपी आधारित डिलीवरी व्यवस्था लागू किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

किसी भी स्थिति में बिना बुकिंग अथवा नियमानुसार प्रक्रिया के गैस सिलेण्डर वितरण नहीं किया जाएगा। कालाबाजारी, अवैध भंडारण या नियम विरुद्ध वितरण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर :** जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से पेट्रोलियम पदार्थों की कमी संबंधी भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमणशील रहेंगे तथा गैस परिवहन वाहनों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

**जनपदवासियों से अपील :** जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि-अनावश्यक रूप से पेट्रोल, डीजल या गैस का भंडारण न करें। केवल अधिकृत एजेंसी से ही गैस प्राप्त करें, तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम पर दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनपद में आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## हर गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प पर पर्यवेक्षणीय अधिकारी तैनात

जिलाधिकारी द्वारा जनपद की प्रत्येक गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की तैनाती की गई है, जिसके अंतर्गत एक अधिकारी एवं हेड पुलिस कांस्टेबल की तैनाती की गई है, जो गैस सिलेंडरों के आगमन, वितरण एवं शेष स्टॉक की नियमित निगरानी करेंगे।

## सेक्टरवार अधिकारियों की भी लगाई गई ड्यूटी

उक्त के अतिरिक्त जनपद में एलपीजी गैस की सुचारु आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों पर सेक्टरवार अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। प्रत्येक गैस एजेंसी पर नामित प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेंगे। जनपद की विभिन्न भारत गैस एवं इंडेन गैस ग्रामीण वितरक एजेंसियों पर संबंधित तहसील/ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को पर्यवेक्षण दायित्व सौंपा गया है, जिससे गैस वितरण पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**अवधनामा संवाददाता**



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना विशुनपुरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक पुरुष और एक महिला अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मु0अ0सं0 423/2025 में दर्ज मामले में अभियुक्तों की काफी समय से तलाश की जा रही थी। उक्त मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 115(2), 109, 352, 351(2), 125 तथा 117(2) के तहत मामला दर्ज है। इसी क्रम में शनिवार को थाना विशुनपुरा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बासगांव खास निवासी कोलाई पुत्र फेकु को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ ही एक महिला अभियुक्ता को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त उक्त मामले में वांछित चल रहे थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।यह कार्रवाई थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने की। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अश्वनि कुमार राय, कांस्टेबल दीपक मौर्या, कांस्टेबल राम अनुज विश्वकर्मा तथा महिला कांस्टेबल कोमल त्रिपाठी शामिल रहीं।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा का कहना है कि थाना क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार चलाया जा रहा है। किसी भी वांछित अभियुक्त को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संयम और एकता का संदेश देता है पाक रमज़ान

**अमेठी।** विधान सभा क्षेत्र के ग्रामसभा रतापुर रघईपुर जोगियान और मंगरा में शुक्रवार को विधायक महराजी प्रजापति ने रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन कर गंगा-जमुनी तहजीब को सींचा।पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के सेवा संकल्प को भी दोहराया। विधायक महराजी प्रजापति ने कहा आपके नेता और मेरे पति ने मुझे हमेशा एक ही बात सिखाई है कि जनता की सेवा ही सबसे बड़ी इबादत है। उन्होंने अमेठी को अपना परिवार माना है और आज मैं उसी परिवार की सेवा का व्रत लेकर आपके बीच हूँ। रमज़ान का यह पाक महीना हमें संयम और एकता का संदेश देता है। ईश्वर और अल्लाह से बस यही इल्तजा है कि हमारे अमेठी परिवार का यह आपसी प्रेम और प्रजापति जी द्वारा बोया गया सौहार्द का यह बीज हमेशा फलता-फूलता रहे। आप लोगों की दुआओं से उन्हें एक दिन न्याय जरूर मिलेगा और आप लोगों के बीच दावत-ए-इफ्तार करते नजर आएंगे।

## आरआरएसआईएमटी में हुआ वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट

**अमेठी।** क्षेत्र के मुंशीगंज स्थित राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को बिटप्रो साफ्ट टेक कंपनी द्वारा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और आईटी के छात्र-छात्राओं का डेवलपर पद के लिए वर्चुअल कैम्पस प्लेसमेंट किया गया। लखनऊ स्थित यह कंपनी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम करती है। प्लेसमेंट के पहले राउंड में छात्रों का टेलिफोनिक राउंड हुआ जिसमें 53 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे से कुल 11 छात्र अगले राउंड में इंटरव्यू के लिए चयनित हुए। कंपनी के मैनेजर अंकित ने गूगल मीट के माध्यम से 11 छात्रों का इंटरव्यू लिया जिसमें से नैना कसौधन शालिनी मिश्रा दुर्गेश कुमार पांडे और आशीष शुक्ला अंतिम राउंड के लिए चयनित किए गए। संस्थान की प्लेसमेंट अधिकारी कीर्ति जैन ने बताया कि वर्चुअल इंटरव्यू में चयनित चारों छात्र-छात्राओं का अंतिम राउंड का साक्षात्कार कंपनी के ऑफिस में किया जाएगा जिसकी सूचना कंपनी द्वारा बाद में दी जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान सभी छात्र-छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देता है व प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है।

# कप्तानगंज व मथौली में निजी अस्पतालों की जांच, मचा हड़कंप

- दर्जनों अस्पताल मिले मानक के विपरीत, कई अस्पतालों में ऑपरेशन थियेटर की व्यवस्था गड़बड़

**अवधनामा संवाददाता**


कप्तानगंज में निजी अस्पतालों की जांच करते प्रभारी डॉ सूर्यभान कुशवाहा


मथौली में निजी अस्पतालों की जांच करते प्रभारी डॉ राजेश मद्धेशिया

**कप्तानगंज/मथौली, कुशीनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर के निर्देश पर शनिवार को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया, जहां मानक के विपरीत व बिना रजिस्ट्रेशन संचालित दर्जनों अस्पताल मिले। चिकित्सा अधीक्षकों द्वारा नोटिस देते हुए रिपोर्ट सीएमओ को कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया।

निरीक्षण के क्रम में उप जिलाधिकारी कप्तानगंज एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी कप्तानगंज सूर्यभान कुशवाहा के नेतृत्व में टीम द्वारा करीब 12 बजे ज्ञानति मेमोरियल हॉस्पिटल, तिरुपति हॉस्पिटल, सरोज हॉस्पिटल का जांच किया गया। जांच के दौरान अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया गया। उक्त सभी हॉस्पिटल में ऑपरेशन थिएटर मानक के अनुसार नहीं पाए गए जिसके लिए स्पष्टीकरण मांग करते हुए निर्देशित किया गया है कि जब तक ऑपरेशन थिएटर मानक के अनुसार शुभ व्यवस्थित नहीं हो जाते तब तक आपके द्वारा मेजर ऑपरेशन नहीं किए जाएंगे अगर ऐसा करते हुए पाया जाता है तो आपके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु उच्च अधिकारियों को संस्तुति कर दी जाएगी। इसी प्रकार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया मथौली ने अपनी टीम और पुलिस के साथ मथौली नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों की जांच की। इस दौरान पुलिस चौकी इंचार्ज अंकित कुमार सिंह और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। जांच के दौरान टीम सबसे पहले सिटी हॉस्पिटल मथौली पहुंची। यहां अस्पताल के संचालक तबरेज नासिर मौके पर मौजूद मिले। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने अस्पताल के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर उन्होंने एक लिखित शपथ पत्र दिया, जिसमें कहा कि जब तक अस्पताल का पंजीकरण नहीं करा लेते, तब तक अस्पताल का संचालन नहीं करेंगे। साथ ही किसी मरीज के साथ किसी प्रकार की घटना होने पर उसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं की होगी। इसके बाद टीम ने शिवम हॉस्पिटल मथौली की भी जांच की। यहां अस्पताल के संचालक मौके पर नहीं मिले। अस्पताल में कार्यरत दो महिला कर्मियों से पूछताछ की गई। फोन के माध्यम से संचालक को टीम के आने की सूचना दी गई, जिस पर उन्होंने सोमवार को संबंधित चिकित्सकों से मिलकर अपने कागजात प्रस्तुत करने की बात कही।

जांच के क्रम में स्टार हॉस्पिटल मथौली का भी निरीक्षण किया गया, जहां अस्पताल का रजिस्ट्रेशन सही पाया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि जांच की रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर को भेज दी गई है। जांच के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया, डॉ. श्री दयाल डेंटल सर्जन, चौकी इंचार्ज अंकित कुमार सिंह तथा राकेश कुमार मद्धेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आईटीसी चौपाल महोत्सव का शुभारंभ उप कृषि निदेशक ने किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**




**बहराइच।** जनपद के चौपाल सागर परिसर में आयोजित आईटीसी चौपाल महोत्सव का शुभारंभ उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और किसानों ने कार्यक्रम की सराहना की तथा इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया। महोत्सव का उद्देश्य किसानों, महिलाओं और युवाओं को कृषि संबंधी नवीन जानकारी, तकनीक तथा विभिन्न उपयोगी सेवाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में कृषि से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर चौपाल सागर परिवार की ओर से क्षेत्राधिकारी पवन राय, अमित कुमार, मनीष पाण्डेय, प्रभाकर राय और मनीष मौर्य सहित आईटीसी चौपाल सागर का पूरा परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी, जागरूकता सत्र तथा विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। आयोजकों ने बताया कि यह महोत्सव आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के साथ जारी रहेगा, जिससे किसानों और ग्रामीण परिवारों को नई जानकारी और अवसर प्राप्त हो सकें। चौपाल महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला अपने बढ़ते हुए क्रम में है दिन रविवार 15 मार्च 2025 चौपाल सागर बहराइच मैं आयोजित चौपाल महोत्सव का पुरस्कार वितरण व समापन समारोह शाम 5 बजे आयोजित किया जाएगा।

# बुजुर्ग को सरेआम मुर्गा बनाकर पीटने का वीडियो वायरल

■ चार लोगों पर दर्ज किया पुलिस ने मुकदमा

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जनपद में पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल सरेआम एक बुजुर्ग की मुर्गा बनाकर पिटाई और पैरों पर सर रखकर माफी मांगते हुए वायरल वीडियो का पुवायां पुलिस ने संज्ञान लिया है और पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुवायां थाना क्षेत्र के नाहिल गांव निवासी पीड़ित उमाशंकर उर्फ लल्लू ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है पीड़ित ने आरोप लगाया है कि 8 मार्च की दोपहर करीब 12:00 बजे उसके गांव के ही विवेक व विवेक के पिता मनोज उर्फ पप्पू छुन्ने और अशोक ने उसे बीच सड़क पर रोक कर मुर्गा बनाया मारपीट की और पैरों पर सर रखवा कर माफी मंगवाई पीड़ित ने आरोप लगाया है कि 13 मार्च को इन्हीं लोगों ने उसके पार्टनर को पीटा था इस दौरान बुजुर्ग ने यह भी बताया कि उसकी खता इतनी थी कि आरोपियों के विरोधी थाने में बंद थे और उसने थाने तक खाना पहुंचा दिया इसीलिए आरोपियों ने उसकी मुर्गा बनाकर पिटाई की और पैरों पर सर रखवाकर मांफी मंगवाई फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है इस घटना से पूर्व आरोपी विवेक द्वारा 5 मार्च को पुवायां थाना में एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी आरोप था कि गांव के ही राम बहादुर व उनके दामाद जोगेंद्र ने ब्राह्मण समाज के लोगों को गालियां दी थी और घर पर चढ़कर मारपीट की जिन्हें पुलिस थाने ले गई थी इन्हीं आरोपियों को बुजुर्ग थाने पर खाना देने गया था।

# मकानों की गणना का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगला अमान फिरोजाबाद में प्रथम चरण मकान सूचिकरण एवं मकानों की गणना का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला जनगणना अधिकारी (अपर जिला अधिकारी) फिरोजाबाद के द्वारा में शुभारंभ किया गया है। इस बार पूरी तरह से डिजिटल होने जा रही जनगणना में स्वगणना का विकल्प भी मिलेगा। जनगणना को सुगम बनाने के लिए सेंटर फार डेवलपमेंट आफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किए हैं, जिन पर जनगणना से जुड़े आंकड़े जुटाए जाएंगे। इनमें हाउस लिस्टिंग ब्लाक क्रियेटर ;मइ ब्तमंजमतद्ध वेब एप्लीकेशन से मकानों के सूचीकरण का काम किया जाएगा। जनगणना 2027 में कुल 33 प्रश्न की ऑनलाइन प्रविष्टियां प्रगणक को भरनी होगी। जनगणना के प्रमुख मास्टर ट्रेनर अशोक कुमार अनुरागी, योगेन्द्र कुमार एवं अश्वनी जैन जी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय लखनऊ से नियुक्त जिला प्रभारी अजीत सिंह एवं सह जिला प्रभारी शनि कुमार राय के द्वारा प्रशिक्षण की गंभीरता के बारे में विस्तार से चर्चा की जा रही है। इसके अलावा प्रशिक्षण में एक एचएलओ मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में अवगत कराया गया। इसके माध्यम से जनगणना कर्मी मकान-सूचीकरण डाटा एकत्र और अपलोड कर सकते हैं। इस एप्लीकेशन से फील्ड से सीधे सर्वर तक डाटा भेजा सकता है। यह 16 भाषाओं में काम करेगा और एंड्रायड और आइओएस दोनों पर कार्य करेगा। जनगणना से संबंधित सभी गतिविधियों की योजना, प्रबंधन, क्रियान्वयन और निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत वेब आधारित डिजिटल पोर्टल (ब्डड) भी तैयार किया गया है। इसके माध्यम से राज्य, जिला और तहसील स्तर के अधिकारी एकीकृत डैशबोर्ड पर रीयल टाइम में जनगणना की प्रगति व वस्तुस्थिति का अवलोकन कर सकेंगे। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण और उनकी गणना का काम स्वगणना 07 मई 2027 से 21 मई 2027 तक कर सकेंगे उसके बाद 22 मई से 20 जून 2027 प्रगणकों के द्वारा मकान सूचिकरण एवं मकानों की गणना का कार्य होगा। जिला फिरोजाबाद में 3 मास्टर ट्रेनर, 88 फील्ड ट्रेनर सहित लगभग 7000 शासकीय कर्मी 15 चार्ज (तहसील व नगर) में घर घर जाकर मकान सूची कार्य करेंगे।

# एडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद में एसआई (सब-इंस्पेक्टर) भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा अपर जिलाधिकारी रजनीश मिश्रा ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों व संबंधित अधिकारियों को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, बैठने की व्यवस्था और अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया को बारीकी से परखा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित माहौल बनाए रखा जाए। प्रशासन की ओर से परीक्षा को लेकर सुरक्षा व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके।

# अवनी परिधि अस्पताल समेत कई कारोबारियों के ठिकानों पर जांच

■ खनन और रियल एस्टेट से जुड़े लेन-देन खंगाले जा रहे

**अवधनामा संवाददाता**




**बाँदा/लखनऊ।** बुंदेलखंड के बाँदा जनपद में खनन और रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े कई बड़े कारोबारियों के यहां आयकर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को खनन कारोबार से जुड़े कई प्रमुख लोगों के ठिकानों पर एक साथ जांच शुरू की, जो कई घंटों तक चलती रही। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की कार्रवाई बसपा विधायक और बड़े ठेकेदार उमाशंकर सिंह के यहां हाल ही में हुई छापेमारी के बाद तेज हुई है। इसी क्रम में बांदा के खनन कारोबारी सिराजध्वज सिंह, बसपा नेता दिलीप सिंह, अवनी परिधि अस्पताल के मालिक अज्ञात गुप्ता तथा कारोबारी शिवशरण सिंह से जुड़े ठिकानों पर भी आयकर विभाग की टीम ने दस्तावेजों और वित्तीय लेन-देन की गहन पड़ताल की।

जांच एजेंसियां खनन, ग्रेनाइट, स्टोन क्रेशर, रियल एस्टेट तथा मेडिकल क्षेत्र से जुड़े कारोबारों में निवेश और आय के स्रोतों की जांच कर रही हैं। बताया जा रहा है कि कई स्थानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

वहीं इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ प्रभावशाली लोगों और पूर्व अधिकारियों की कथित भूमिका को लेकर भी जांच एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर किसी अधिकारी का बयान सामने नहीं आया है। आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल सभी संबंधित दस्तावेजों और वित्तीय गतिविधियों की जांच जारी है।

## संतराम हत्याकांड में बड़ा मोड़, हाईकोर्ट ने भाजपा नेता पर कार्रवाई की रद्द

**सुल्तानपुर।** बहुचर्चित संतराम अग्रहरी हत्याकांड में अब बड़ा कानूनी मोड़ सामने आया है। लखनऊ हाईकोर्ट ने मामले में भाजपा नेता अर्जुन पटेल और उनके भाई प्रदीप पटेल के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कुछ कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84 के तहत जारी उद्घोषणा को प्रक्रिया का उल्लंघन मानते हुए रद्द कर दिया। साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत शुरू की गई कार्रवाई को भी समाप्त कर दिया गया। हालांकि हाईकोर्ट ने निचली अदालत को यह छूट दी है कि वह कानून के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई कर सकती है। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2024 को दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर में संतराम अग्रहरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया था और कार्रवाई तेज की थी।

## जिलाधिकारी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद में आयोजित हो रही उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, इस क्रम में उनके द्वारा सी0एल0जैन डिग्री कॉलेज और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचकर परीक्षा और सुरक्षा की बारीकियां को देखा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों की सघन तलाशी में कोई कोताही न बरती जाए, जिलाधिकारी रमेश रंजन ने केंद्र व्यवस्थापकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा की परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अधिकारियों ने परीक्षा कक्ष में प्रकाश, सीसीटीवी निगरानी और अभ्यर्थियों के लिए पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन भी किया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

## अलविदा जुमा और ईद उल फित्र पर्व की व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ गांधी पार्क स्थित ईदगाह मैदान का भी निरीक्षण किया, यह निरीक्षण अलविदा जुमा और ईद उल फित्र पर्व के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य किया गया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था साफ-सफाई पेयजल और अन्य जन सुविधाओं का जायजा लिया, नगर निगम को मैदान और आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने को निर्देशित किया, जबकि पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उपस्थित रहे।

## गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लगी भीड़



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** नगर एवं देहात क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा सही तरीके से काम न करने के कारण बड़ी संख्या में लोग सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। नगर के कई इलाकों से लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। लंबी लाइन के कारण उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि ऑनलाइन नंबर नहीं लगने के कारण उन्हें मजबूरी में लाइन में लगकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि शहर में गैस की कोई कमी नहीं है। ऑनलाइन नंबर नहीं लग पाने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है, जबकि गैस की सप्लाई सामान्य है।

## आपदा प्रबन्धन कार्यालय में स्थापित हुआ इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम

**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में पेट्रोलियम पदार्थो यथा-पेट्रोल, डीजल एवं एल.पी.जी. आदि की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने तथा आपूर्ति में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय, बहराइच में इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक संचालित रहेगा। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम के संचालन हेतु 03 शिफ्टों में कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गई है। प्रथम पाली प्रातः 08:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक विपणन निरीक्षक शिवम पटेल मो.न. 9643257456 व भारत गैस के अनिरूद्ध तिवारी मो.न. 9076959377, 9838849105 तथा विकास गैस सर्विस पयागपुर के रवि कुमार तिवारी मो.न. 9125948326 तथा तृतीय पाली अपरान्ह 04:00 बजे से रात्रि 08:00 तक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजीव कुमार मो.न. 8004178934 एवं वेदान्त इण्डेन गैस के हरिओम मो.न. 8755968798 की ड्यूटी लगायी गयी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न वादों का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय, फिरोजाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डा0 बब्बू सारंग द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अरविन्द कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, विशु राजा, अपर जिलाधिकारी (विधा), फिरोजाबाद, अनुज चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकरलाल निषाद सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश डा0 बब्बू सारंग ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय व्यवस्था को आमजन के अधिक निकट लाने का एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से वादों का निस्तारण आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर सरल, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों की विशेषता यह है कि यहाँ विवादों के समाधान में केवल विधिक प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी संवाद, विश्वास एवं समझ को भी महत्व दिया जाता है, जिससे विवादों का स्थायी एवं व्यावहारिक समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने आगे कहा कि न्यायपालिका का उद्देश्य केवल वादों का निस्तारण करना ही नहीं, बल्कि समाज में शांति, सद्भाव और आपसी समरसता को बनाए रखना भी है। लोक अदालतों के माध्यम से पक्षकारों को न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि उनके पारस्परिक संबंध भी सुरक्षित रहते हैं। ऐसे प्रयासों से न्यायपालिका के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है। अंत में उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री योगेश शिवा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य वादों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं निःशुल्क निस्तारण करना है, जिससे पक्षकारों को लम्बी और जटिल न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत एवं जल बिल संबंधी मामले सहित विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण किया गया। उन्होंने आगे कहा कि लोक अदालतें न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच हैं, जो समाज में भाईचारे, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे इस प्रकार की लोक अदालतों का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने विवादों का समाधान आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में करें। अंत में उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 180488 वादों का निस्तारण किया गया, जिनमें अर्थदण्ड एवं समझौता राशि कुल मु0 21,47,32,479/- रुपये रही। इनमें से मुख्यतः जनपद न्यायालय द्वारा वाद, परिवार न्यायालयों द्वारा 101 वाद तथा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 54 वादों का निस्तारण किया गया।

# आईजीआरएस पर खेल! ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण

**अवधनामा संवाददाता**

■ लेखपाल-कानूनगो ने बिना पैमाइश लगा दी गलत रिपोर्ट

**सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र की अन्नपूर्णा नगर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि शिकायत के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल विपिन यादव और कानूनगो सत्यनारायण यादव ने बिना पैमाइश किए ही मुख्यमंत्री पोर्टल (आईजीआरएस) पर मनमाने ढंग से रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया।

मामले के अनुसार एक ग्रामीण द्वारा गाटा संख्या 926 से सटी ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने राजस्व टीम गठित कर मौके पर पैमाइश कराने का आदेश दिया था। लेकिन आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो द्वारा मौके पर पैमाइश किए बिना ही उसी ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 226, जो राजस्व अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है, उसे दर्शाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड कर दी और मामले का निस्तारण कर दिया। जबकि शिकायत किसी अन्य गाटा संख्या 926 से सटी ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे निर्माण को लेकर की गई थी। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोटी रकम लेकर इस तरह के मामलों को दबा दिया जाता है और शिकायतों को कागजों में ही निपटा दिया जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल निलंबित किया जाए, ताकि ग्राम समाज की जमीनों को अवैध कब्जे से बचाया जा सके।

# पुराने तालाब का 58 लाख रूपये में जीर्णोद्धार करा नमो सरोवर नाम दिया

**अवधनामा संवाददाता**




**सुल्तानपुर।** नगरीय झील तालाब पोखर संरक्षण योजना के तहत नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वार्ड नरायनपुर के सौरमऊ स्थित पुराने तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे नमो सरोवर के रूप में विकसित किया गया। लगभग 58 लाख रुपये की लागत से बने इस सरोवर का लोकार्पण मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने विधिवत पूजन के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील त्रिपाठी तथा शैलेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। करीब 100म100 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित इस सरोवर में तालाब की खुदाई-सफाई, पत्थर की पिचिंग, 300 मीटर इंटरलॉकिंग पाथवे, हाईमास्ट लाइट, बैठने की व्यवस्था और पौधरोपण जैसे कार्य कराए गए हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग पर तालाब का सौन्दर्यीकरण कर इसे पार्क/उपवन के रूप में विकसित किया गया है। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के पास होने के कारण पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से इस स्थल को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा रुद्राक्ष का पौधा भी रोपित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, सभासदों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कबीर आश्रम सकरसी में लगाया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**सुलतानपुर।** दिन शुक्रवार को ग्राम सभा सकरसी बाजार शम्भूगंज में सुलतानपुर जनपद के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर राजीव सिंह(सूर्यांश हॉस्पिटल) एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉक्टर रामजी गुप्ता (गंगा नेत्र चिकित्सालय) के संयोजन में निःशुल्क परामर्श एवं निःशुल्क औषधि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में लगभग तीन सौ मरीजों ने निःशुल्क परिक्षण शिविर का लाभ उठाया तथा निःशुल्क औषधियाँ प्राप्त की। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में ब्लड शुगर, रक्तचाप तथा बीएमडी टेस्ट निःशुल्क किया गया। सुबह में उपस्थित लोगों को सलाह देते हुए डॉक्टर राजीव सिंह ने कहा कि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना आवश्यक होता है जिससे आम जनमानस को इसका लाभ मिलता रहता है और मरीजों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के संचालन में स्वास्थ्य सेवा कर्मी टीम इंद्रमणि यादव, पवन कुमार दुबे, बलराम यादव, जयप्रकाश पांडेय, अनिरुद्ध शुक्ला, फैजुल खान, सत्यम सिंह, रत्नेश पांडेय एवम् आयोजक टीम की तरफसे महंत कंधईदास साहब, फगूलाल (प्रधानाध्यापक), सुरेश कुमार ( पोस्टमैन), बुद्धिराम ( पूर्व प्रधान), सिद्धार्थ, बबलू भारती, राम किशुन, राम प्रसाद, आदि गणमान लोग उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर का साइड इफेक्ट आने लगा सामने, दर्जनों घरों की बिजली अचानक गुल

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं। शहर के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं सामने आने लगी हैं, जिससे आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बीती रात शहर के दर्जनों घरों की बिजली सप्लाई अचानक बंद हो गई, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। बिजली गुल होने से परेशान उपभोक्ता बड़ी संख्या में दरियापुर विद्युत केंद्र पहुंच गए और अधिकारियों से अपनी समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने समय पर अपना बिजली बिल जमा कर दिया है इसके बावजूद स्मार्ट मीटर में बिल माइनस में दिख रहा है और अचानक सप्लाई भी काट दी जा रही है। इस कारण कई सामान्य उपभोक्ताओं को हजारों रुपये के अतिरिक्त बिजली बिल का झटका भी झेलना पड़ रहा है। वहीं बिजली विभाग के अधिकारी भी उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुलझाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन फिलहाल उन्हें पूरी तरह से सफलता नहीं मिल पा रही है। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर को लेकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहले भी विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। अब सुल्तानपुर में भी इस समस्या के सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। परेशान नागरिकों ने बिजली विभाग की व्यवस्था और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# विकास ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : भूपेश चौबे



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोनभद्र सदर विकासखंड के करारी गांव में संपर्क मार्ग का लोकार्पण करते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि विकास ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है गांव की सड़कों से जोड़ने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है नदियों में पुल पुलिया खड़ंजा को लेकर धन की कोई कमी नहीं है जिस भी गांव में संपर्क मार्ग नहीं है वहां भी प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं भेज भी गए हैं। सदर विधायक ने कहा कि आजादी के बाद से करारी में बेलन नदी पर पुल की मांग की जा रही थी पुल के चलते सड़क अधूरी सी थी भाजपा सरकार ने यहां के ग्रामीणों के साथ ही क्षेत्र के लोगों को सुविधा की दृष्टिगत एक करोड़ से भी अधिक लागत का बेलन नदी पर पुल का निर्माण कराया एक करोड़ से अधिक का सड़क का निर्माण कराया गया। इसी तरह आजादी के 70 वर्षों के बाद भी जिगना में जो के मुख्यालय से करीब था तमाम सरकारें आई गई लेकिन जिगना संपर्क मार्ग से कटा रहा है भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सरकार बनते ही पहले ही कार्यकाल में जिगना की सड़क का निर्माण कराया इसी तरह जनपद के तमाम गांव में जो संपर्क मार्गों से कटे रहे गांव में खड़ंजा नहीं था उन गांवों में प्राथमिकता के आधार पर जन सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 15,791 वादों का निस्तारण

**करोड़ों रुपये के मामलों में हुआ समझौता**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार राय ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, बैंक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में वादकारी मौजूद रहे। लोक अदालत के दौरान विभिन्न न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। परिवार न्यायालय में 13, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में 84, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में 123, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में 902, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम में 560, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) हमीरपुर में 610, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) राठ में 365, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मौदहा में 188 सहित विभिन्न न्यायालयों में कुल 3,752 वादों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार राजस्व विभाग द्वारा 12,039 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि जिले के विभिन्न बैंकों से जुड़े 19,852 प्रीलिटिगेशन मामलों में से 265 मामलों का निस्तारण कराया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 15,791 मामलों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर हुआ। लोक अदालत के माध्यम से बैंकों और राजस्व विभाग से लगभग 4 करोड़ 22 लाख रुपये तथा न्यायालयों में निस्तारित मामलों से लगभग 5 करोड़ 58 लाख 57 हजार रुपये की धनराशि समझौते के रूप में प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल मिलाकर करीब 9 करोड़ 80 लाख 82 हजार रुपये की धनराशि समझौते के जरिए प्राप्त हुई। लोक अदालत में कई पुराने मामलों का भी समाधान हुआ। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की अदालत में वर्ष 2012 से लंबित एक प्राचीन शमनीय वाद का भी दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर निस्तारण किया गया। वहीं परिवार न्यायालय में तीन पारिवारिक मामलों में पति-पत्नी के बीच समझौता कराकर उन्हें साथ विदा किया गया। इस अवसर पर जेके सीमेंट द्वारा न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं और वादकारियों के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु 100 लीटर क्षमता का वाटर कूलर स्थापित कराया गया, जिसका लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

# महंगाई और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर आप ने दिया ज्ञापन




अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)।** देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की कमी को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मौदहा को सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने किया।

पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप था कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है। गैस सिलेंडरों की कमी के कारण लोगों को लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा कमर्शियल सिलेंडर के दामों में 120 रुपये की वृद्धि से आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनानी चाहिए, ताकि आम लोगों पर महंगाई का बोझ कम हो सके।

नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद ने कहा कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी नीतियों का प्रभाव आम नागरिकों और छोटे उद्योगों पर पड़ रहा है, जिससे आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से अन्यत्र बनवाया जा रहा अन्नपूर्णा भवन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सूबे की योगी सरकार ने ग्रामीण जनता को दैनिक उपयोग की वस्तुओ को खरीदने के लिए भटकना न पड़े इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण करा रही है जहां दैनिक उपयोग की वस्तुओ के साथ ही सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान भी होंगी जो इस अन्नपूर्णा भवन का संचालन करेगी। सरकार की यह योजना अभी धरातल पर चलना शुरू ही किया कि इसके निर्माण के लिए भूमि का चयन और निर्माण कार्य दोनो ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अपनो को लाभ पहुंचाने में लग गये है। ताजा मामला सदर विकास खण्ड के करारी ग्राम पंचायत का है जहां सर्वाधिक जनसंख्या वाले गांव में जमीन उपलब्ध होने के बावजूद कम आबादी वाले गांव में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया और इसकी शिकायत जिलाधिकारी सहित मुख्य विकास अधिकारी से किया है। इस बीच शनिवार को क्षेत्र भ्रमण निकले सदर विधायक भूपेश चौबे को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौप कर करारी गांव में ही अन्नपूर्णा भवन बनाये जाने कि ग्रामीणों ने मांग किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सदर विधायक को बताया कि करारी गांव में आराजी संख्या - 213 में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जाना था इसके लिए संयुक्त टीम द्वारा नापी भी की जा चुकी है लेकिन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव द्वारा एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कम आबादी वाले गांव में कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने सदर विधायक को बताया कि ग्राम सभा करारी शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में अन्नपूर्णा भवन बनवाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है। ग्राम सभा करारी में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौजा करारी में आबादी की भूमि आराजी संख्या ङ्क 213 अन्नपूर्णा भवन बनाने हेतु प्रस्तावित हुआ था और ग्राम सभा कि जनता के सहमति से शासन को प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। वही पूर्व बीडीसी नीरज तिवारी ने सदर विधायक को अवगत कराया कि जिस भूमि पर अन्नपूर्णा भवन बनाना था वहां शिवेन्द्र नाथ त्रिपाठी पुत्र स्व. ताडकनाथ त्रिपाठी उपरोक्त आराजी संख्या की जमीन को अवैधानिक ढंग से कब्जा कर रखे है, जो ग्राम प्रधान के परिवार के है जिसके कारण ग्राम प्रधान द्वारा मौजा-गोरडीहा पुरैनिया में अवैधानिक तरीके से अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि सरकारी गल्ले की दुकान ग्राम करारी के नाम से आवंटित है। इस मामले कि शिकायत पूर्व में उप जिलाधिकारी सदर से भी की गई थी लेकिन कोई भी समाधान नही किया।

## हिण्डालको रेनुसागर ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है: सिंह

**अनपरा/सोनभद्र।** हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा टीटीएमडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित स्वावलम्बन कार्यक्रम के तहत 104 ग्रामीणों को विभिन्न उपकरण एवं प्रमाण पत्र वितरित कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिलाओं को सिलाई मशीन, कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु 11 समूहों को स्प्रे मशीन, 7 खेल टीमों को वॉलीबॉल नेट, 12 विद्यालयों को दरी, तथा गायन एवं वादन समिति को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रदान किए गए। इसके साथ ही कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त 15 विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह, मानव संसाधन विभाग के हेड आशीष पांडेय, डॉक्टर मुकूल बिंदा तथा विभिन्न विद्यालयों की प्रधानाचार्याओं एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

# एसआई भर्ती परीक्षा शुरू, पहले दिन 1680 परीक्षार्थी शामिल



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा शनिवार से जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। पहले दिन 1680 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में कुल 3360 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिनके लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। इसके लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर, पीजी कॉलेज कुछेछा, श्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर और राजाराम इंटर कॉलेज झलोखर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिससे परीक्षा की निगरानी लगातार की जा रही है।

प्रशासन के अनुसार चारों केंद्रों पर कुल 3360 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें से 1680 अभ्यर्थियों ने पहले दिन परीक्षा दी, जबकि शेष 1680 अभ्यर्थी 15 मार्च को परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से रोका गया, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुविधा मिल सके।

## अंजुमन स्कूल में हुआ रोज़ा इफ्तार



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में चौबीस रमज़ान मुबारक को रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। स्कूल के कक्षा 3 के छात्र सारियान ने भी रोजा रखा, जिसको विद्यालय प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने गुलपोशी कर उसके बेहतर मुस्तकबिल की दुआ दी। इफ्तार में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौलाना जाहिद रज़ा ने इफ्तार के बाद नमाज अदा कराई बाद नमाज़ के सभी के हक़ में दुआएं की। इस मौके पर मौलाना उबैदुर्रहमान, मो.वसीम हज ट्रेनर, मो.बिलाल, सिराज आलम, एडवोकेट साजिद आदि मौजूद रहे। रोज़ा इफ्तार को सफल बनाने में आमिर खान, फरहीन नाज़, जेबा, इफ्फत परवीन, फरहीन, सलमा आरा, गुलफशा, महक, इलमा व मोहम्मद इमरान का विशेष योगदान रहा।

## डीएम, एसएसपी ने प्रमुख मस्जिदों, संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अलविदा जुमे की नमाज के दृष्टिगत जनपद में शान्ति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने नगर क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों एवं संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नमाज अदा करने आने वाले लोगों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि जुमे की नमाज के दौरान एवं उसके पश्चात भी क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह से सामाजिक भाईचारा एवं एकता की भावना जागृत होती है : शिवप्रसाद यादव

**इटावा, करवाखेड़ा (अवधनामा ब्यूरो)** बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि करवाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में 22 मार्च को होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में फूलों की होली और पारंपरिक फाग और गीतों से पूरे विद्यालय प्रांगण को उत्सवमय बनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को शोभायमान बनाने के लिए डी.पी.यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय परिवर्तन दल, प्रो.रामबख्श वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, प्रो. मो.सुलेमान साहब, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इण्डियन नेशनल लीग, साहब सिंह धनगर, संस्थापक, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, गगन यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष (युवा) राष्ट्रीय परिवर्तन दल आदि विद्यालय प्रांगण में पधारेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वजन सुखाय पार्टी के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता सर्वजन के लिए सहृदय उपस्थित होंगे।

## हरदोई में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की पहली पाली संपन्न, एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 की प्रथम पाली शनिवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद पुलिस अधीक्षक हरदोई ने खुद कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्रों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की आवाजाही और निगरानी व्यवस्था की भी जानकारी ली। पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच प्रथम पाली की परीक्षा बिना किसी अव्यवस्था के सकुशल संपन्न हो गई। प्रशासन द्वारा आगे की पालियों के लिए भी पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुस्करा पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुन्देला तिराहा थाना मुस्करा क्षेत्र से अनिल कुमार पुत्र जयराम प्रजापति निवासी बिहूनी खुर्द को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक स्वदेश कुमार सिंह, कांस्टेबल प्रदीप यादव और रोहित यादव शामिल रहे।

## गायत्री गंगा घाट सुंदरीकरण ध्वस्तीकरण मामला समाधान दिवस में पहुंचा




**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के श्री गायत्री गंगा घाट पर हुए सुंदरीकरण कार्य को जेसीबी से ढहाने का मामला शनिवार को समाधान दिवस में पहुंच गया। समाजसेवी ओमप्रकाश उर्फ मधु महाराज सहित करीब एक दर्जन श्रद्धालुओं ने शिकायत दर्ज कराते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि नगर पंचायत बिना टेंडर प्रक्रिया के कार्य करा रही थी तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, अन्यथा सुंदरीकरण को ध्वस्त करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने मामले की जांच के लिए राजस्व, पुलिस और नगर पंचायत कर्मियों की संयुक्त टीम गठित की है।

## बच्चों के विवाद में वृद्ध से मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** थाना बिवार क्षेत्र के ग्राम रोहारी में बच्चों के विवाद को लेकर एक युवक ने वृद्ध के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल रामसेवक (85) पुत्र हीरा ने बताया कि उसका नाती घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी पड़ोसी युवक आशू पुत्र शिवकुमार बच्चों को डांटने लगा। विरोध करने पर आशू ने उसका गला पकड़कर जमीन पर पटक दिया और मारपीट की। परिजनों ने घायल वृद्ध को सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया है।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** ब्लॉक संसाधन केंद्र मौदहा में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में नोडल शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्य तथा अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शारदा अभियान के उद्देश्यों, विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और अभिभावकों को जागरूक करने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय से बाहर बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उपायों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के संचालन में एआरपी सुनील कुमार सोनी, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह, केआरपी आशीष कुमार और पंकज कुमार सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

## एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के वीवा क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 मार्च को सशी लिड्स भारत थीम पर आधारित एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी की महिला कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने अपने संबोधन में महिलाओं के समर्पण, नेतृत्व क्षमता और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए. जे. राजकुमार, एम. सुरेश, अध्यक्ष वीवा एवं महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कामना शर्मा के साथ-साथ सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**डीएम ने जनपद में रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए**



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने होम डिलीवरी और ई-के0वाई0सी0में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया साथ ही उन्होंने जनपद में रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैस बुकिंग और वितरण की प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, केवल अचानक मांग बढ़ने के कारण कुछ व्यावहारिक दिक्कतें आई हैं, जिन्हें अतिरिक्त मैनपावर लगाकर तत्काल दूर किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए साथ ही वितरण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग इस प्रकार हो कि डेटा स्पष्ट रहे कि कितनी बुकिंग हुई और कितनों को सिलेंडर दिया गया। उन्होंने कहा कि गैस का वितरण केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही किया जाए और गोदामों से वितरण पूरी तरह बंद किया जाए। वितरण के दौरान सीरियल नंबर का कड़ाई से पालन किया जाए एवं जो उपभोक्ता अपने दिए गए पते पर उपलब्ध नहीं हैं, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं ताकि व्यवस्था सुचारू रहे।

पंजीकरण और शुल्कों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं से केवल निर्धारित शुल्क ही लिया जाए और अतिरिक्त वसूली की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति पर कोई रोक नहीं है, हालांकि एक सिलेंडर मिलने के 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग मान्य होगी। उन्होंने कहा कि जिनकी ई-केवाईसी नहीं हुई है उनको जल्द पूर्ण करले ताकि सिलेंडर बुकिंग में कोई दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के प्रति संवेदनशील बनें और एक ऐसा पारदर्शी सिस्टम विकसित करें जिससे आम नागरिक को अनावश्यक परेशानी न हो। उक्त बैठक के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी सहित गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# एसएमजीआई की एम बी ए परीक्षा में भूमिका, महेंद्र टॉपर

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में अध्ययनरत् एमबीए के प्रथम् एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन के साथ शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है। डायरेक्टर डा. उमा शंकर शर्मा ने बताया कि पूर्व की तरह ही इस बार भी हमारे संस्थान का एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित एमबीए प्रथम् एवं तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। एमबीए प्रथम् सेमेस्टर में भूमिका सिंह ने 76.3 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सृष्टि चौधरी ने 74.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, श्वेता ने 74.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय एवं प्रिंसी पाल ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं अंकित कुमार ने 73.9 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एमबीए तृतीय सेमेस्टर में महेन्द्र कश्यप ने 75.87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, प्रिया कुमारी ने 73.12 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, विकास यादव ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, आशीष सविता ने 70.87 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं अमन यादव ने 69.75 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने संस्थान के छात्रों के शानदार प्रदर्शन एवं परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा उमाशंकर शर्मा एवं प्राचार्य, विभागाध्यक्षा श्रीमती नीतू सक्सेना सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हिन्डाल्को रेनुसागर में सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन




**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर में यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण विषय पर आधारित सुरक्षा कविता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों, श्रमिकों, विद्यालय शिक्षकों तथा संविदा श्रमिकों में दैनिक जीवन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व, सतर्कता, पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षित जीवनशैली के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक की भूमिका सेफ्टी हेड अरविंद सिंह,निखिल जैन एवं ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति और जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार के आयोजनों से कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुरक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम का सफल संचालन सेफ्टी विभाग के अधिकारी शैलेश श्रीवास्तव ने किया।

# विंध्याचल धाम का विकास विश्वस्तरीय होगा : एके शर्मा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने मिर्जापुर के अष्टभुजा गेस्ट हाउस परिसर में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं में पटेल चौराहा का सौंदर्यीकरण, विंध्याचल बरतर में जोनल ऑफिस का निर्माण, ओझला पुल का सुंदरीकरण तथा अहिल्याबाई होल्कर पार्क के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहर की आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास और आस्था के साथ व्यवस्था की सोच को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और स्वच्छता, संस्कृति और समृद्धि को साथ लेकर ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। इसी दृष्टि से धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था और सुविधाएं मिल सकें। मंत्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने वेटिकन सिटी और रोम जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक शहरों को भी देखा है। अपने अनुभव के आधार पर वे कह सकते हैं कि विंध्याचल धाम का विकास जिस प्रकार से हो रहा है, वह इन स्थानों से भी बेहतर और भव्य रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वाराणसी अयोध्या और विंध्याचल में कॉरिडोर और आधारभूत ढांचे का जो विकास हुआ है, वह अद्भुत है और अपना विंध्याचल धाम किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि चौबे घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है और घंटाघर क्षेत्र में पक्के घाटों का निर्माण भी कराया जाएगा।

## मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र का ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने किया औचक निरीक्षण



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने मिर्जापुर से सुल्तानपुर जाते समय जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र की विद्युत व्यवस्था, फीडरों की स्थिति तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मंत्री शर्मा ने उपकेंद्र के रजिस्टरों का अवलोकन किया और संचालन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान लॉग शीट भरने में अनियमितता पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। मौके पर जूनियर इंजीनियर (जेई) के अनुपस्थित पाए जाने पर मंत्री शर्मा ने इस पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# हजरत इमाम हसन व हजरत इमाम हुसैन दुनियां के दो फूल : मौलाना अस्करी

- अता ए जहरा में मना जश्ने इमाम हसन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) के नवासे हजरत इमाम हसन (अ.स) की विलादत की याद में अता ए जहरा हादी लाइन सरफराजगंज में जश्ने इमाम हसन का आयोजन किया गया। तिलावते कुरआन-ए-पाक से शुरू होने वाले जश्न को मौलाना मोहम्मद अस्करी ने ख़िताब किया।उन्होंने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम कहते थे कि हजरत इमाम हसन (अ.स.) व हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) दुनियां के दो फूल हैं। मौलाना ने कहा कि इमाम ने किसी भी गरीब व फकीर को अपने पास से बिना उसकी समस्या का समाधान किये जाने नहीं दिया। मौलाना ने कहा कि इमाम हसन (अ.स) खानदाने अहलेबैत में करीम के लकब से पहचाने जाते थे। इसके बाद शायर यावर उन्नावी, दर्द हाल्लौरी,ताज रिजवी छपरावी, जलाल काजिम, असद अज़्मी, असद जाफरी, अख्तर लखनवी, नजर सुल्तानपुरी, कौसर रिजवी, अफजाल रुदौली, शाहिद पिहानवी, अनवर बिलग्रामी,आरिफ अल्वी, जवाद लखनवी, रजा मुदस्सिर, अर्श रुदौलवी, रजा अब्बास, इश्क नकवी, उस्मान हुसैन, मिकदाद जरवली,अशर लखनवी, हसनैन रजा और जमन रिजवी ने अपने तरही कलाम पेश किए। जश्न का संचालन कौसर रिज़्वी ने किया। इससे पहले मगरिब की नमाज ए जमाअत हुई और रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जश्ने महफ़िल के बाद दस्तरखान का भी आयोजन किया गया।

# रोजा इफ्तार में रोजेदारों ने 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रमजान के पाक महीने में 23 वें रमजान पर हिन्दू मुस्लिम एकता को लेकर ऐतिहासिक क्षेत्र काकोरी के बहरू गांव में समाजवादी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष इशहाक अहमद गाजी की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।जिसमें लोगों ने भारी तादाद में शिरकत कर अमनो-अमान की दुआ मांगी। इफ्तार का वक्त होते-होते परिसर लोगों से खचाखच भर गया। इफ्तार का समय होने से पहले लोगों ने वतन व कौम की तरक्की और कामयाबी के अलावा आपसी भाईचारे की दुआ के साथ 2027 में सपा की अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए दुआ मांगी। बगल में स्थित मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा की गई। रोजा अफ्तार में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत, उपाध्यक्ष विजयगौतम, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार यादव गुड्डू, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन एवं सहकारी संघ लिमिटेड सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव, प्रदेश सचिव अभय मुलायम सिंह यादव, ग्राम प्रधान गुरुदयाल गौतम, स्वंयम्बर सिंह यादव पल्लन, जितेन्द्र सिंह यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# सुन्नी-शिया एकजुटता का संदेश, खामेनेई की शहादत पर शोक

अवधनामा ब्यूरो

- प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर व्यक्त की संवेदना
- कल्बे जवाद नकवी समेत धर्मगुरूओं से की मुलाकात
- मजलूमों की आवाज थे खामेनेई : प्रतिनिधिमंडल
- लखनऊ में शोक मुलाकात, फिलिस्तीन मुद्दे पर भी चर्चा



**लखनऊ।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनाई की शहादत पर सुन्नी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिया धर्मगुरुओं और अहले सुन्नत विद्वानों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनीस अंसारी, कांग्रेस नेता तारिक सिद्दीकी, सपा प्रवक्ता अमीक जामई, सपा के पूर्व विधायक नेता रेहान नईम, सैफ नकवी, मोहम्मद खालिद, जमात-ए-इस्लामी हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मलिक फैसल, वसीम हैदर, जावेद अहमद, आसिफ जमा, अजीज हैदर और मेहदी आदि शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी, मौलाना सैफ अब्बास नकवी, मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना जहांगीर आलम कासमी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान आयतुल्लाह खामेनाई के साथ 47 अन्य राजनैतिक व सैन्य अधिकारियों व सैकड़ों बेगुनाह ईरानी नागरिकों व ब'चों की इस्त्राईली व पश्चिमी ताकतों के हमलों में शहादत पर शोक जताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह सिर्फ ईरान या शिया समुदाय ही नहीं बल्कि न्याय और अहिंसा के सभी पैरोकारों के लिए गहरी त्रासदी है। अनीस अंसारी ने कहा कि आज हम शिया भाइयों के साथ मेहमान के तौर पर नहीं बल्कि उनके गम में परिवार की तरह साथ खड़े हैं। आयतुल्लाह खामेनाई दुनिया के मजलूमों की आवाज थे। फिलीस्तीन के मुद्दे पर उनका अटूट समर्थन हम सबको एकजुट करता था। उनकी शहादत ने अंतर्रात्मा को झकझोर दिया है जो इंसाफ और खुदमुख्तारी की कद्र करती है। इस मौके पर तारिक सिद्दीकी ने इस चुनौतीपूर्ण समय मं एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लखनऊ का स्पष्ट संदेश होना चाहिए कि निहत्थे नागरिकों पर बम बरसाना ही असल आतंकवाद है। मुसलमानों के बीच विभाजन सिर्फ उनकी मदद करता है जो मुस्लिम दुनिया को कमजोर देखना चाहते हैं। उन्होंने भारत के दो तेल टैंकरों को रवाना करने के ईरानी कदम की सराहना की। मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने सुन्नी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल का उनकी एकजुटता और सौहार्द के लिए धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि आयतुल्लाह खामेनाई कहते थे सुन्नी हमारे भाई नहीं बल्कि हमारी जान हैं। दुख की इस घड़ी में अपने सुन्नी भाइयों को यहां देख कर हमारे इरादे मजबूत होते हैं और दिलों को सुकून मिलता है। प्रतिनिधिमंडल आगे भी शिया और सुन्नी उलमा और विद्वानो से मिल कर पश्चिम एशिया में हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के महत्व पर चर्चा करेगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 617 मामलों का निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य उपभोक्ता आयोग तथा प्रदेश के समस्त जिला उपभोक्ता आयोगों में दिनांक 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें उपभोक्ता विवादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत के माध्यम से प्रदेश में कुल 617 मामलों का निस्तारण करते हुए लगभग 14.73 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का समाधान कराया गया।

राज्य उपभोक्ता आयोग में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 49 मामले सूचीबद्ध किए गए थे, जिनमें से 23 मामलों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 75,34,325 रुपये की धनराशि का समाधान किया गया।

इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिला उपभोक्ता आयोगों में कुल 1025 मामले सूचीबद्ध हुए, जिनके सापेक्ष 594 मामलों का निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 13,98,61,211 रुपये की धनराशि का समाधान कराया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जिला उपभोक्ता आयोग बस्ती द्वारा सर्वाधिक 71 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि जिला उपभोक्ता आयोग गौतमबुद्धनगर द्वारा सर्वाधिक 1,50,10,346 रुपये की धनराशि का समाधान कराया गया।

# एन.एस.एस. विशेष शिविर के छठे दिन पर्यावरण संरक्षण रैली और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** स्थित कृष्ण दत्त एकेडमी में आज दिनांक 14 मार्च, 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस का आयोजन बरौली, खलीलाबाद में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एन.एस.एस. गीत के माध्यम से हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में जाकर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इसके पश्चात बरौली, खलीलाबाद स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और क्षेत्रवासियों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं तथा जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होते हैं।

## आरटीई के तहत 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में सीट आवंटन

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** योगी सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। पारदर्शी ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। प्रथम और द्वितीय चरण में मिलाकर प्रदेश के 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में सीट आवंटित की गई है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि आरटीई के माध्यम से निजी विद्यालयों में सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन प्रणाली से की जा रही है। इससे बड़ी संख्या में बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण में पढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पात्र बच्चे इस योजना का लाभ उठाएं और आगामी चरणों में भी अधिक से अधिक आवेदन करें। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि आरटीई के तहत प्रथम दो चरणों में कुल मिलाकर 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ने का अवसर मिला है।

# रमज़ानः सवालों के जवाब

## शिया हेल्पलाइन पर मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने सवालों के जवाब दिये



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी से जारी शिया हेल्पलाइन पर नीचे दिए गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी हेल्पलाइन शुरू की गयी है जिसमें महिलाओं के सवालों के जवाब खातून आलेमा देगीं।

**हेल्पलाइन नं. महिला 6386897124**
**पुरूष 9415580936 व 9839097407**
**समय सुबह 10 से 12 बजे**

**सवाल-** अगर कोई व्यक्ति किसी की ओर से नियाबत में एतिकाफ कर रहा है, तो क्या एतिकाफ के दौरान नियाबत को बदल सकता है?
**जवाब-**एतिकाफ के दौरान नियाबत को बदलना जायज नहीं है।
**सवाल-**जिस घर में बहुत से लोग हों और सबका फितरा देना संभव न हो, तो क्या करें?
**जवाब-**फितरा एक व्यक्ति निकालकर दूसरे व्यक्ति को देगा, दूसरा व्यक्ति तीसरे को देगा इसी तरह फितरा अदा किया जाएगा।
**सवाल-**अगर कोई व्यक्ति फितरा देरी से निकालता है, तो क्या हुक्म है?
**जवाब-**अगर फितरा समय के बाद दिया जाए, तो इंशा अल्लाह खुदा कुबूल करेगा।
**सवाल -**अगर कोई व्यक्ति ध्यान न दे कि नमाज का समय शुरू हो गया है और नमाज पढ़ ले, तो क्या हुक्म है?
**जवाब-**अगर समय से पहले नमाज पढ़ ली, तो नमाज बातिल (अमान्य) हो जाएगी।
**सवाल-**क्या औरतों का वह चादर ओढ़ना, जो इस समय प्रचलित है, काफी है?
**जवाब-**चूंकि इस्लाम ने मुसलमान औरत को शरीर ढकने का हुक्म दिया है ताकि औरत के अंग जाहिर न हों, इसलिए अगर चादर ऐसी हो जिसके द्वारा पूरा शरीर ढक जाए और अंग दिखाई न दे रहे हों, तो कोई हर्ज नहीं है।

## औरत के कजा रोजे औरत ही रखे शौहर के रखने से रोजे अदा न होंगें : सुन्नी हेल्पलाइन

**लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोजे़दारों के सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने दिये।

**हेल्पलाइन नं. 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677**

**सवाल-** हमारे घर में यह तरीका है कि सब भाई की तनख्वाह लाकर वालिदा को देते हैं जो घर का खर्च चलाती हैं, जब की जेवर और कुछ बचत की रकम हमारे पास होती है, तो क्या जकात मेरे जिम्मे फर्ज है या वालिदा के?
**जवाब-** अगर वह सोना और बचत की रकम इतनी हो कि अगर उसको बाँटा जाये तो सब भाई निसाब के मालिक हो सकते हैं तो जकात वाजिब है वरना नही।
**सवाल-** एक गरीब शख्स की बीवी शादी के मौक़े पर दस तोला सोना जेवरात की शक्ल में लायी है तो क्या शौहर के लिए जरूरी है कि हर हाल में उसकी जकात अदा करे?
**जवाब-** यह औरत इन जेवरात की मालिक है इसी लिए इन जेवरात की जकात बीवी के जिम्मे है, गरीब शौहर के जिम्मे नही।
**सवाल-** अगर किसी औरत के रमजान के रोजे कज़ा हो जायें और उसका शौहर उसकी तरफ से रख ले तो क्या सही है?
**जवाब-**औरत ही रोजे रखे। शौहर के रखने से औरत के रोजे अदा न होंगें।
**सवाल-** मस्जिद के इमाम ऐतिकाफ से हैं। उनके साथ तरावीह के इमाम जो ऐतिकाफ से नही हैं। क्या इस मस्जिद में इमाम साहब के साथ इफ्तिर कर सकते है?
**जवाब-** अगर मस्जिद में दाखिल हाते वक्त तरावीह के इमाम ने नफली ऐतिकाफ की नियत कर ली है तो इमाम मस्जिद के साथ इफ्तिर कर सकते हैं वरना नही।
**सवाल-** क्या ऐतिकाफ करने वाला अपनी जगह (जो मुकर्रर कर ली जाती है) से रात को दूसरी जगह जाकर सो सकता है?
**जवाब-**ऐतिकाफ करने वाला जिस मस्जिद में ऐतिकाफ कर रहा है उस मस्जिद में जिस जगह चाहे रुक सकता है और सो सकता है।

# ईमान और तक़वा के आधार पर उदारता, राह आसान करती है

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शहर के विभिन्न स्थानों पर माह-ए-रमज़ान के मुबारक महीने में महदवी समाज के शीर्षक से धार्मिक कक्षाओं (क्लासेस) का सिलसिला जारी है। इन कक्षाओं में कुरानियात (कुरान का अध्ययन), धार्मिक ज्ञान, अहकाम (नियम), अक़ायद (आस्था) और इतिहास जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है।

इसी सिलसिले में सरफराजगंज स्थित रौज़ा मौला अली (अ.स.) में स्थापित सेंटर पर मौलाना सैयद मोहम्मद अब्बास शारब साहब ने कुरानियात के दरस (व्याख्यान) पेश किए। सूरह अल-लैल पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहाः नाम का महत्वः इस सूरह का नाम इसकी पहली आयत में मौजूद शब्द अल-लैल (रात) के आधार पर रखा गया है। सफलता का राज़ः यह सूरह जीवन की सफलता और विफलता के रहस्यों को बयान करता है। जो व्यक्ति अल्लाह की राह में अपना धन खर्च करता है और तक़वा (परहेजगारी/ईश्वर का भय) अख्तियार करता है, अल्लाह उसके लिए आसानियों के साधन उपलब्ध करा देता है। विफलता का कारणः इसके विपरीत, यदि कोई व्यक्ति कंजूसी करता है, नेकी को झुठलाता है और खुद को ईश्वर से बेपरवाह (बेनियाज़) समझता है, तो उसे मुश्किलों का सामना करना होगा।

इस सूरह में अल्लाह की राह में खर्च करने के महत्व पर ज़ोर दिया गया है और लोगों को भलाई के काम करने का निमंत्रण दिया गया है। वास्तव में, ईमान और तक़वा के आधार पर उदारता (सखावत) दिखाने वाले व्यक्ति की मानसिक और आध्यात्मिक स्थिति उसे नेक कार्यों के लिए तैयार करती है और उसे भलाई के कामों से मानूस (अभ्यस्त) कर देती है। क्या आप इस अनुवाद में किसी विशिष्ट शब्द का अर्थ समझना चाहेंगे या इसे और अधिक औपचारिक हिंदी में बदलना चाहेंगे।

